- एक समांतर चतुर्भुज में सम्मुख भुजाएँ बराबर होती हैं, सम्मुख कोण बराबर होते हैं तथा विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करते हैं।
- एक समचतुर्भुज में विकर्ण परस्पर समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं।
- एक आयत में विकर्ण बराबर होते हैं।
- उपयुक्त पाँच मापनों से एक चतुर्भुत अद्वितीय रूप से निर्धारित हो सकता है।
- एक चतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना की जा सकती है, यदि उसकी चारों भुजाओं और एक विकर्ण की लंबाइयाँ दी हुई हों।
- एक चतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना की जा सकती है, यदि उसकी तीन भुजाओं और दोनों विकर्णों की लंबाइयाँ दी हुई हों।
- एक चतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना की जा सकती है, यदि इसकी दो आसन्न भुजाएँ और तीन कोण दिये हों।
- एक चतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना की जा सकती है, यदि इसकी तीन भुजाएँ और दो अंतर्गत कोण दिये हों।

## (B) हल उदाहरण

**उदाहरण 1 से 8 में, चार विकल्प दिए हैं, जिसमें से केवल एक सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**उदाहरण 1:** $n$ भुजाओं वाले एक बहुभुज में विकर्णों की संख्या है–

(a) $\frac{n(n-1)}{2}$ (b) $\frac{n(n-2)}{2}$ (c) $\frac{n(n-3)}{2}$ (d) $n\ (n-3)$

**हल** सही उत्तर (c) है।

**उदाहरण 2:** चतुर्भुज ABCD के एक ही क्रम में लेने पर कोण 3:7:6:4 के अनुपात में हैं। तब, ABCD है–

(a) पतंग (b) समांतर चतुर्भुज

(c) समचतुर्भुज (d) समलंब

**हल** सही उत्तर (d) है।

**उदाहरण 3:** यदि किसी चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर समकोणों पर समद्विभाजित करें, तो वह होगा एक–

(a) समचतुर्भुज (b) समलंब (c) आयत (d) पतंग

**हल** सही उत्तर (a) है।

**उदाहरण 4:** किसी चतुर्भुज के कोणों का योग होता है–

(a) 180° (b) 270° (c) 360° (d) 300°

**हल** सही उत्तर (c) है।

**उदाहरण 5:** एक वर्ग ABCD में, विकर्ण बिंदु O पर मिलते हैं। तब, $\Delta AOB$ है एक–

(a) समद्विबाहु समकोण त्रिभुज

(b) समबाहु त्रिभुज

(c) समद्विबाहु त्रिभुज परंतु समकोण त्रिभुज नहीं

(d) विषमबाहु समकोण त्रिभुज

**हल :** सही उत्तर (a) है।

**उदाहरण 6:** ABCD एक चतुर्भुज है, जिसमें AB=5cm, CD=8cm तथा कोण A और कोण D का योग 180° है। इस चतुर्भुज का क्या नाम है?

(a) समांतर (b) समलंब

(c) समचतुर्भुज (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**हल** सही उत्तर (b) है।

कुछ गुणों के साथ चतुर्भुजों को अतिरिक्त नाम दिये गये हैं। एक समलंब में समांतर भुजाओं का केवल एक जोड़ा होता है। एक समांतर चतुर्भुज में समांतर भुजाओं के दो जोड़े होते हैं। एक आयत में 4 समकोण होते हैं। एक समचतुर्भुज में चार सर्वांगसम भुजाएँ होती हैं। एक वर्ग में 4 सर्वांगसम भुजाएँ तथा चार समकोण होते हैं।






12/04/18

**उदाहरण 7:** एक त्रिभुज के एक ही क्रम में लिये गये सभी बहिष्कोणों का योग कितना है?

(a) 90° (b) 180° (c) 360°

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**हल** सही उत्तर (c) है।

**उदाहरण 8:** एक अष्टभुज में कितनी भुजाएँ होती हैं?

(a) 7 (b) 8 (c) 9 (d) 10

**हल** सही उत्तर (b) है।

**उदाहरण 9 से 13 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ;**

**उदाहरण 9:** समचतुर्भुज के विकर्ण परस्पर ________ पर समद्विभाजित करते हैं।

**हल** समकोण

**उदाहरण 10:** पंचभुज ABCDE के A से होकर जाने वाले विकर्णों को प्राप्त करने के लिए, A को ________ से मिलाया जाता है।

**हल** C और D

**उदाहरण 11:** एक अद्वितीय चतुर्भुज की रचना करने के लिए न्यूनतम ________ मापनों की आवश्यकता होती है।

**हल** पाँच

**उदाहरण 12:** यदि किसी चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर समकोण पर समद्विभाजित करें, तो यह एक ________ होता है।

**हल** समचतुर्भुज

**उदाहरण 13:** एक ________ के विकर्ण परस्पर समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं।

**हल** पतंग

**उदाहरण 14 से 23 में बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य–**

**उदाहरण 14:** प्रत्येक आयत एक समांतर चतुर्भुज होता है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 15:** प्रत्येक समचतुर्भुज एक पतंग होता है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 16:** प्रत्येक समांतर चतुर्भुज एक समलंब होता है।

**हल** सत्य



12/04/18

**उदाहरण 17:** प्रत्येक पतंग एक समलंब होता है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 18:** प्रत्येक पतंग एक समांतर चतुर्भुज होता है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 19:** एक आयत के विकर्ण परस्पर लंब होते हैं।

**हल** असत्य

**उदाहरण 20:** एक अद्वितीय समांतर चतुर्भुज की रचना करने के लिए उसकी केवल दो भुजाओं की लंबाइयों की आवश्यकता होती है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 21:**  एक सरल बंद वक्र है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 22:**  एक अवतल बहुभुज है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 23:** त्रिभुज एक बहुभुज नहीं होता है।

**हल:** असत्य

के विकर्ण

| | | | |
|---|---|---|---|
| समांतर चतुर्भुज | ⟶ | परस्पर समद्विभाजित करते हैं। |  |
| समचतुर्भुज | ⟶ | परस्पर समद्विभाजित करते हैं।<br>परस्पर लंब होते हैं। |  |
| आयत | ⟶ | बराबर होते हैं।<br>परस्पर समद्विभाजित होते हैं। |  |
| वर्ग | ⟶ | परस्पर समद्विभाजित करते हैं।<br>परस्पर लंब होते हैं।<br>बराबर होते हैं। |  |

**उदाहरण 24:** चतुर्भुज ABCD की AB और CD भुजाओं को क्रमशः P और Q बिंदुओं तक बढ़ाया गया है। क्या $\angle ADQ + \angle CBP = \angle A + \angle C$ है? कारण दीजिए।

**हल** हाँ। AC को मिलाइए। तब,

$\angle CBP = \angle BCA + \angle BAC$ और

$\angle ADQ = \angle ACD + \angle DAC$ (त्रिभुजों के बहिष्कोण)

अतः, $\angle CBP + \angle ADQ = \angle BCA + \angle BAC + \angle ACD + \angle DAC$




$= (\angle BCA + \angle ACD) + (\angle BAC + \angle DAC)$

$= \angle C + \angle A$

**उदाहरण 25:** AM और CN एक समांतर चतुर्भुज ABCD के विकर्ण BD पर लंब हैं। क्या $\Delta AMD \cong \Delta CNB$ हैं? कारण दीजिए।

**एक चतुर्भुज में कोण**

किसी चतुर्भुज में एक विकर्ण एक रेखाखंड होता है जो चतुर्भुज के दो शीर्षों को मिलाता है किंतु वह इसकी कोई भुजा नहीं होता। आप चतुर्भुज के विकर्ण का उपयोग चतुर्भुज के कोणों का योग 360° प्रदर्शित करने के लिए कर सकते हैं।



एक चतुर्भुज को एक विकर्ण के साथ-साथ काटिए ताकि दो त्रिभुज बन जाएँ।



प्रत्येक त्रिभुज में कोणों का योग 180° है।



दोनों काटे गये भागों को मिलाकर चतुर्भुज बनाया गया है।



12/04/18

**हल**




त्रिभुज AMD और CNB में,

AD=BC (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजाएँ)

$\angle AMB = \angle CNB = 90^0$

$\angle ADM = \angle NBC$ (AD || BC है और BD तिर्यक रेखा है)

अतः, $\Delta AMD \cong \Delta CNB$ (AAS)

**उदाहरण 26:** एक चतुर्भुज ABCD की रचना कीजिए, जिसमें AB=AD=5cm, BC=CD=7cm और BD=6cm है। यह चतुर्भुज किस प्रकार का है?

**हल** रफ आकृति को देखते हुए, एक रेखाखंड BD=6cm खींचिए। B और D को केंद्र मानकर तथा 5cm त्रिज्या लेकर चाप खींचिए, जो A पर प्रतिच्छेद करती है। B और D को केंद्र मानकर तथा 7cm त्रिज्या लेकर चाप इस प्रकार खींचिए कि ये चाप A के दूसरी ओर बिंदु C पर प्रतिच्छेद करे। AB, AD, BC और CD को मिलाइए। ABCD ही वाँछित चतुर्भुज है। यह एक पतंग है।









12/04/18

**उदाहरण 27:** निम्न आकृति में $x$ ज्ञात कीजिए –




**हल** दी हुई आकृति में, $\angle 1 + 90° = 180°$ (रैखिक युग्म)

अतः, $\angle 1 = 90°$

अब, बहुभुज के बहिष्कोणों का योग = 360°

अतः, $x + 60° + 90° + 90° + 40° = 360°$

या $x + 280° = 360°$

या $x = 80°$

**समतल आकृतियों का वर्गीकरण करना**

| त्रिभुज | समलंब | समांतर चतुर्भुज |
|---|---|---|
|  3 बिंदुओं को मिलाने वाली 3 भुजाओं वाली बंद आकृति |  समांतर भुजाओं के एक युग्म वाला चतुर्भुज |  समांतर भुजाओं के दो युग्मों वाला चतुर्भुज |

| समचतुर्भुज | आयत | वर्ग | वृत्त |
|---|---|---|---|
|  समांतर चतुर्भुज जिसकी 4 भुजाओं की लंबाइयाँ बराबर हैं। |  समांतर चतुर्भुज जिसमें 4 समकोण है। |  समांतर चतुर्भुज जिसमें बराबर लंबाई वाली 4 भुजाएँ तथा 4 समकोण हैं। |  किसी समतल के उन सभी बिंदुओं का संग्रह जिनके तल के एक निश्चित बिंदु से दूरी समान रहती है। |



12/04/18

**उदाहरण 28:** एक समांतर चतुर्भुज के दो आसन्न कोण 4:5 के अनुपात में हैं। उनकी माप ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि कोण $4x$ और $5x$ हैं।

तब, $4x + 5x = 180°$

या $9x = 180°$

या $x = 20°$

अत:, वाँछित कोण $4 \times 20° = 80°$ और $5 \times 20° = 100°$ हैं।

**उदाहरण 29:** एक चतुर्भुज के चार कोण 3 : 4 : 5 : 6 के अनुपात में हैं। ये कोण ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि कोण $3x$, $4x$, $5x$, $6x$ हैं।

इस प्रकार $3x + 4x + 5x + 6x = 360°$ है, क्योंकि चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360° होता है।

अत:, $18x = 360°$

या $x = 20°$

अत:, कोण 60°, 80°, 100° और 120° हैं।

**उदाहरण 30:** किसी समांतर चतुर्भुज PQRS में, $\angle P$ और $\angle Q$ के समद्विभाजक परस्पर O पर मिलते हैं। $\angle POQ$ ज्ञात कीजिए।

**हल** OP और OQ क्रमश: $\angle P$ और $\angle Q$ के समद्विभाजक हैं। (देखिए आकृति)




अत: $\angle OPQ = \frac{1}{2} \angle P$ और $\angle OQP = \frac{1}{2} \angle Q$

$\Delta POQ$ में,

$\angle OPQ + \angle PQO + \angle POQ = 180°$ (कोण योग गुण)

अर्थात्, $\frac{1}{2}\angle P + \angle POQ + \frac{1}{2}\angle Q = 180°$

अर्थात्, $\angle POQ = 180° - \frac{1}{2}(< P + \angle Q)$

$= 180° - \frac{1}{2} \times 180°$

$= 90°$

**उदाहरण 31:** एक चतुर्भुज के तीन कोण 50°, 40° और 123° हैं। उसका चौथा कोण ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि चौथा कोण $x$ है। तब, $50^0 + 40^0 + 123^0 + x = 360^0$

या $x = 360^0 - 50^0 - 40^0 - 123^0$

$= 360^0 - 213^0 = 147^0$

चतुर्भुज एक बंद समतल आकृति है, जिसकी चारों भुजाएँ रेखा-खंड होती हैं। नीचे दी गयी आकृतियाँ विशेष प्रकार के चतुर्भुज हैं।

| विशेष चतुर्भुज | आरेख |
|---|---|
| **समलंब**<br>समलंब एक चतुर्भुज होता है, जिसकी भुजाओं का एक जोड़ा समांतर भुजाओं वाला होता है। |  |
| **समांतर चतुर्भुज**<br>समांतर चतुर्भुज एक चतुर्भुज होता है, जिसमें समांतर भुजाओं के दो जोड़े (युग्म) होते हैं। |  |
| **समचतुर्भुज**<br>समचतुर्भुज एक ऐसा समांतर चतुर्भुज होता है, जिसकी चारों भुजाओं की लंबाई बराबर होती है। |  |
| **आयत**<br>आयत एक ऐसा समांतर चतुर्भुज होता है, जिसमें 4 समकोण होते हैं। |  |
| **वर्ग**<br>वर्ग एक ऐसा समांतर चतुर्भुज होता है, जिसकी चारों भुजाओं की लंबाइयाँ बराबर तथा 4 समकोण होते हैं। |  |

**उदाहरण 32:** किसी सम बहुभुज के बहिष्कोण का अंतःकोण से अनुपात 1:4 है। इस बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि बहुभुज का अंतःकोण $x$ है।

तब, उस बहुभुज का बहिष्कोण $= 180° - x$

प्रश्न के अनुसार,

$$\frac{x}{180°-x}=\frac{1}{4}$$

या, $4x = 180° - x$

या, $5x = 180°$

या, $x = \frac{180°}{5}$

अत:, $x = 36°$ है।

अत:, बहुभुज की भुजाओं की संख्या $= \frac{360°}{\text{बहिष्कोण}}$

$= \frac{360°}{36°} = 10$

**उदाहरण 33:** एक बहुभुज का प्रत्येक अंत:कोण 108° है। इसकी भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

**हल** अंत:कोण = 108°

अत:, बहिष्कोण $= 180^0 - 108^0 = 72°$

भुजाओं की संख्या $= \frac{360°}{\text{बहिष्कोण}} = \frac{360^0}{72^0} = 5$

**उदाहरण 34:** एक समचतुर्भुज PAIR खींचिए, जब कि दिया है कि PA = 6 cm और ∠A = 110° है।

**हल**




क्योंकि एक समचतुर्भुज में सभी भुजाएँ बराबर होती हैं, इसलिए PA = AI = IR = RP = 6cm है।

साथ ही, समचतुर्भुज एक समांतर चतुर्भुज भी होता है।

अत:, आसन्न कोण ∠I = 180° – 110° = 70°

रचना के चरण–

1. AI = 6cm खींचिए।
2. किरण $\overline{AX}$ इस प्रकार खींचिए कि $\angle IAX = 110°$ है तथा $\overline{IY}$ इस प्रकार खींचिए कि $\angle AIY = 70°$ हो।
3. A और I को केंद्र मानकर तथा 6cm त्रिज्या लेकर चाप खींचिए जो AX और IY को क्रमशः P और R पर प्रतिच्छेद करे।
4. PR को मिलाइए।

इस प्रकार, PAIR वाँछित समचतुर्भुज है।

**उदाहरण 35:** समचतुर्भुज का एक विकर्ण और उसकी भुजाएँ बराबर हैं। इस समचतुर्भुज के कोण ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि PQRS एक ऐसा चतुर्भुज है, जिसमें विकर्ण PR उसकी भुजाओं के बराबर है। अर्थात् PQ = QR = RS = PS = PR है।

अतः $\Delta PRS$ और $\Delta PQR$ समबाहु त्रिभुज हैं।




$\angle S = \angle Q = 60°$ [समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण 60° होता है]

तथा, $\angle P = \angle 1 + \angle 2 = 60° + 60° = 120° = \angle R$

अतः, $\angle S = \angle Q = 60°$ है और $\angle P = \angle R = 120°$ है।

**उदाहरण 36:** नीचे दी गयी आकृति में, HOPE एक आयत है। इसके विकर्ण G पर मिलते हैं। यदि HG = $5x + 1$ और EG = $4x + 19$ है, तो $x$ ज्ञात कीजिए।

**हल**




क्योंकि आयत के विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करते हैं,

अतः, HP = 2HG = 2 $(5x + 1) = 10x + 2$



12/04/18

तथा OE = 2EG = 2(4$x$+19) = 8$x$+38

आयत के विकर्ण बराबर होते हैं। अतः, HP = OE है।

या 10$x$ + 2 = 8$x$ + 38

या 2$x$ = 36, अर्थात् $x$ = 18 है।

**उदाहरण 37: समस्या हल करने की युक्ति पर अनुप्रयोग**

दी हुई आकृति में, RICE एक समचतुर्भुज है। $x$, $y$ , और $z$ ज्ञात कीजिए। इसके बाद समचतुर्भुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।




**हल** **समस्या को समझिए और उसकी जाँच कीजिए**

हमें $x$, $y$ और $z$ का मान एवं समचतुर्भुज का परिमाप ज्ञात करना है।

हम क्या जानते हैं? RICE एक समचतुर्भुज है तथा

OC = 12, OE = 5, OI = $x$+2, OR = $x$+$y$ है।

**एक युक्ति की योजना बनाइए**

(1) हमें विकर्णों के भाग ज्ञात करने हैं। हम इस गुण का प्रयोग करते हैं कि समचतुर्भुज के विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करते हैं।

(2) हमें समचतुर्भुज की भुजा ज्ञात करनी है। हम इस गुण का प्रयोग करते हैं कि समचतुर्भुज के विकर्ण समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं तथा साथ ही पाइथागोरस प्रमेय का भी प्रयोग करते हैं।

(3) क्योंकि समचतुर्भुज की सभी भुजाएँ बराबर होती हैं, इसलिए इसका परिमाप = 4 × भुजा है।

**हल** चरण 1. OI = OE ⇒ $x$ + 2 = 5 या $x$ = 5 – 2 = 3

OC = OR ⇒ 12 = $y$ + $x$ या $y$ = 12 – $x$

=12 – 3 = 9

चरण 2. EOR एक समकोण त्रिभुज है।

अतः, $ER^2 = OE^2 + OR^2$

$= 5^2 + 12^2$

= 25 + 144 = 169

इसलिए, Z = ER = $\sqrt{169}$ = 13cm

चरण 3. क्योंकि समचतुर्भुज की सभी भुजाएँ बराबर होती हैं, अत:

$\therefore$ RE = RI = IC = CE = 13cm

इसलिए, समचतुर्भुज RICE का परिमाप = 4 × ER = 4 × 13cm

= 52cm

**पुनर्निरीक्षण**

हमें $x$, $y$ और $z$ तथा समचतुर्भुज का परिमाप ज्ञात करना था तथा वह हमने ज्ञात कर लिया है।

**जाँच**

$x + 2 = 5$ और $x = 3 \Rightarrow 3 + 2 = 5$

अत:, $x$ का मान सही है।

$x + y = 12$ है। क्योंकि $x = 3$ और $y = 9$ है, इसलिए

$3 + 9 = 12$ है। $\Rightarrow$ अत: $y$ का मान सही है।

समचतुर्भुज का परिमाप = $2\sqrt{d_1^2 + d_2^2}$ (जहाँ $d_1$ और $d_2$ विकर्ण हैं)

$= 2\sqrt{24^2 + 10^2}$

$= 2\sqrt{576 + 100}$

$= 2\sqrt{676} = 52$ cm

**सोचिए और चर्चा कीजिए**

(i) यदि RICE एक समचतुर्भुज न होकर एक समांतर चतुर्भुज हो तो क्या आप $x$, $y$ और $z$ ज्ञात कर सकते हैं?

(ii) यदि RICE ऐसा समचतुर्भुज है, जिसमें EC = 20cm और OC = 12cm है, तो क्या आप $x$, $y$ और $z$ ज्ञात कर सकते हैं?

**उदाहरण 38:** **समस्या हल करने की युक्ति पर अनुप्रयोग**

भुजा 4.5cm और एक विकर्ण 6cm वाला एक समचतुर्भुज खींचिए।

**हल** **समस्या को समझिए और उसकी जाँच कीजिए**

आप क्या जानते हैं?

यहाँ समचतुर्भुज की भुजा = 4.5cm

और उसका विकर्ण = 6cm है।

समचतुर्भुज को बनाने के लिए हमें किसकी आवश्यकता है?

उसकी चार भुजांए और उसका एक विकर्ण

**एक युक्ति की योजना बनाइए**

(1) समचतुर्भुज के इस गुण का प्रयोग कीजिए कि इसकी सभी भुजाएँ बराबर होती हैं।

(2) एक मुक्त-हस्त रफ़ आकृति बनाइए और इसका नाम ABCD रखिए।




**हल कीजिए**

चरण 1. AB = 4.5cm खींचिए।

चरण 2. A को केंद्र मानकर और 6cm त्रिज्या लेकर, AB के ऊपर एक चाप खींचिए।




चरण 3. B को केंद्र मानकर और 4.5cm त्रिज्या का लेकर एक चाप खींचिए, जो चरण 2 के चाप को बिंदु C पर काटे।




चरण 4. AC और BC को मिलाइए।

चरण 5. A और C को केंद्र मानकर और 4.5 cm त्रिज्या लेकर दो चाप खींचिए, जो परस्पर बिंदु D पर प्रतिच्छेद करें।




चरण 6. ABCD ही वाँछित समचतुर्भुज है।




**जाँच**- अपनी रचना की जाँच, समचतुर्भुज के किसी अन्य गुण का प्रयोग करते हुए कीजिए।

चरण 1. BD को मिलाइए ताकि AC को O पर प्रतिच्छेद करे।

चरण 2. $\angle AOB$ को मापिए। क्या यह 90° है?

चरण 3. OA और OC को मापिए। क्या ये बराबर हैं?

चरण 4. OB और OD को मापिए। क्या ये बराबर हैं?

यदि 2, 3 और 4 में आपके उत्तर हाँ हैं, तो इसका अर्थ है कि जो आपने खींचा है वह समचतुर्भुज है।

## सोचिए और चर्चा कीजिए

1. क्या आप इस समचतुर्भुज को किसी अन्य गुण का प्रयोग करके खींच सकते हैं?
2. क्या आप इन दिए हुए मापनों से एक समांतर चतुर्भुज खींच सकते हैं?
3. आप इस समचतुर्भुज को किस प्रकार खींचेंगे, यदि भुजा 4.5cm के स्थान पर 4.5cm लंबाई वाला इसका विकर्ण दिया हुआ हो?

## (C) प्रश्नावली

**प्रश्न 1 से 52 में, चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**1.** यदि किसी चतुर्भुज के तीन कोणों में से प्रत्येक कोण 75° के बराबर है, तो चौथा कोण है–

(a) 150° (b) 135° (c) 45° (d) 75°

**2.** निम्न में से किसके लिए, विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करते हैं?

(a) वर्ग (b) पतंग

(c) समलंब (d) चतुर्भुज

**3.** निम्न में से किस के लिए, सभी कोण बराबर होते हैं?

(a) आयत (b) पतंग

(c) समलंब (d) समचतुर्भुज

**4.** निम्न में से किस आकृति में, विकर्ण परस्पर लंब होते हैं?

(a) समांतर चतुर्भुज (c) पतंग

(b) समलंब (d) आयत

**5.** निम्न में से किस आकृति के लिए विकर्ण बराबर होते हैं?

(a) समलंब (b) समचतुर्भुज

(c) समांतर चतुर्भुज (d) आयत

**6.** नीचे दी गयी आकृतियों में से कौन-सी आकृति निम्नलिखित गुणों को संतुष्ट करती है?

- सभी भुजाएँ बराबर हैं।
- सभी कोण समकोण हैं।
- सम्मुख भुजाएँ समांतर हैं।



12/04/18




(a) P (b) Q (c) R (d) S

**7.** निम्न में से कौन-सी आकृति नीचे लिखे गुण को संतुष्ट करती है?

''इसमें बराबर आसन्न भुजाओं के दो युग्म हैं।''




(a) P (b) Q (c) R (d) S

**8.** निम्न में से कौन-सी आकृति नीचे लिखे गुण को संतुष्ट करती है?

''भुजाओं का केवल एक युग्म समांतर है।''




(a) P (b) Q (c) R (d) S

**9.** निम्न में से कौन-सी आकृति नीचे लिखे गुणों में से किसी भी गुण को संतुष्ट नहीं करती?

" सभी भुजाएँ बराबर हैं। "

" सभी कोण समकोण हैं। "

" सम्मुख भुजाएँ समान्तर हैं। "




(a) P (b) Q (c) R (d) S

**10.** निम्नलिखित गुणों में से किस एक के द्वारा एक समलंब की व्याख्या होती है?

(a) समांतर सम्मुख भुजाओं का एक युग्म

(b) विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करते हैं।

(c) विकर्ण परस्पर लंब होते हैं।

(d) विकर्ण बराबर होते हैं।

**11.** निम्न में से कौन एक समांतर चतुर्भुज का गुण है?

(a) सम्मुख भुजाएँ समांतर होती हैं।

(b) विकर्ण परस्पर समकोण पर समद्विभाजित करते हैं।

(c) विकर्ण परस्पर लंब होते हैं।

(d) सभी कोण बराबर होते हैं।

**12.** एक चतुर्भुज में अधिक कोणों की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**13.** किसी $n$ भुजाओं वाले बहुभुज में, हम शीर्षों को मिलाकर कितने परस्पर अनाच्छादित त्रिभुज बना सकते हैं?

(a) $n-1$ (b) $n-2$ (c) $n-3$ (d) $n-4$

**14.** किसी पंचभुज के कोणों का योग कितना होता है?

(a) 180° (b) 360° (c) 540° (d) 720°

**15.** किसी षड्भुज के कोणों का योग होता है–

(a) 180° (b) 360° (c) 540° (d) 720°

**16.** यदि किसी समांतर चतुर्भुज के दो आसन्न कोण $(5x-5)°$ और $(10x+35)°$ हैं, तो इन कोणों का अनुपात होगा–

(a) 1 : 3 (b) 2 : 3 (c) 1 : 4 (d) 1 : 2

**17.** एक चतुर्भुज जिसकी सभी भुजाएँ बराबर हों, सम्मुख कोण बराबर हों और विकर्ण परस्पर समकोण पर समद्विभाजित करें, होता है एक

(a) समचतुर्भुज (b) समांतर चतुर्भुज (c) पतंग (d) आयत

**18.** एक चतुर्भुज जिसकी सम्मुख भुजाएँ और सभी कोण बराबर हों, होता है एक

(a) आयत (b) समांतर चतुर्भुज (c) समलंब (d) समचतुर्भुज

**19.** एक चतुर्भुज जिसकी सभी भुजाएँ, विकर्ण और कोण बराबर हों, होता है एक

(a) वर्ग (b) समलंब

(c) आयत (d) समचतुर्भुज

**20.** एक षड्भुज में कितने विकर्ण होते हैं?

(a) 9 (b) 8 (c) 2 (d) 6

**21.** यदि किसी समांतर चतुर्भुज की आसन्न भुजाएँ बराबर हों, तो वह समांतर चतुर्भुज होता है एक

(a) आयत (b) समलंब (c) समचतुर्भुज (d) पतंग

**22.** यदि किसी चतुर्भुज के विकर्ण बराबर हों तथा परस्पर समद्विभाजित करें, तो वह होता है एक

(a) समचतुर्भुज (b) आयत

(c) समलंब (d) समांतर चतुर्भुज

**23.** किसी त्रिभुज के एक ही क्रम के बहिष्कोणों का योग होता है–

(a) 180° (b) 360° (c) 540° (d) 720°

**24.** निम्न में से कौन एक समानकोणिक और समबाहु बहुभुज है?

(a) वर्ग (b) आयत (c) समचतुर्भुज (d) समकोण त्रिभुज

**25.** निम्न में से किस में पतंग और समांतर चतुर्भुज के सभी गुण हैं?

(a) समलंब (b) समचतुर्भुज (c) आयत (d) समांतर चतुर्भुज

**26.** किसी चतुर्भुज के कोण 1 : 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं। इनमें सबसे छोटा कोण है–

(a) 72° (b) 144° (c) 36° (d) 18°

**27.** नीचे दिए हुए समलंब ABCD में, $\angle D$ की माप होगी–

(a) 55° (b) 115° (c) 135° (d) 125°




**28.** यदि एक चतुर्भुज के तीन कोणों में से प्रत्येक की माप 80° है, तब चौथे कोण की माप होगी–

(a) 150° (b) 120° (c) 105° (d) 140°

**29.** उस समबहुभुज की भुजाओं की संख्या, जिसका प्रत्येक बहिष्कोण 45° माप का है, होगी–

(a) 8 (b) 10 (c) 4 (d) 6

**30.** यदि किसी समांतर चतुर्भुज PQRS में $\angle P = 60°$ है, तो उसके अन्य कोण हैं–

(a) 45°, 135°, 120° (b) 60°, 120°, 120°

(c) 60°, 135°, 135° (d) 45°, 135°, 135°

**31.** यदि किसी समांतर चतुर्भुज के दो आसन्न कोणों का अनुपात 2 : 3 है, तो ये कोण हैं–

(a) 72°, 108° (b) 36°, 54° (c) 80°, 120° (d) 96°, 144°

**32.** यदि PQRS एक समांतर चतुर्भुज है, तो $\angle P - \angle R$ है–

(a) 60° (b) 90° (c) 80° (d) 0°

**33.** एक समांतर चतुर्भुज के दो आसन्न कोणों का योग है–

(a) 180° (b) 120° (c) 360° (d) 90°

**34.** किसी समांतर चतुर्भुज के एक अधिक कोण वाले शीर्ष से खींचे गये दो शीर्षलंबों के बीच का कोण 30° है। उस अधिक कोण की माप है–

(a) 100° (b) 150° (c) 105° (d) 120°

**35.** नीचे दी गयी आकृति में, ABCD और BDCE एक ही आधार DC पर दो समांतर चतुर्भुज हैं। यदि $BC \perp BD$ है, तो $\angle BEC$ बराबर है–

(a) 60° (b) 30° (c) 150° (d) 120°




**36.** एक आयत, जिसकी भुजाएँ 10cm और 24cm हैं, के एक विकर्ण की लंबाई है–

(a) 25cm (b) 20cm (c) 26cm (d) 3.5cm

**37.** यदि किसी समांतर चतुर्भुज के आसन्न कोण बराबर हों, तो वह है एक–

(a) आयत (b) समलंब

(c) समचतुर्भुज (d) इनमें से कोई भी

**38.** निम्न में से कौन किसी चतुर्भुज के अंत:कोण हो सकते हैं?

(a) 140°, 40°, 20°, 160° (b) 270°, 150°, 30°, 20°

(c) 40°, 70°, 90°, 60° (d) 110°, 40°, 30°, 180°

**39.** एक अवतल चतुर्भुज के कोणों का योग होता है–

(a) 360° से ज्यादा (b) 360° से कम

(c) 360° के बराबर (d) 360° का दो गुना

**40.** निम्न में कौन एक सम बहुभुज का बहिष्कोण नहीं हो सकता?

(a) 22° (b) 36° (c) 45° (d) 30°

**41.** दी हुई आकृति में, BEST एक समचतुर्भुज है। तब, $y-x$ का मान है–

(a) 40° (b) 50° (c) 20° (d) 10°



12/04/18




**42.** बंद वक्र, जो एक बहुभुज भी है-

(a)  (b)  (c)  (d) 

**43.** निम्न में से कौन $n$ भुजाओं वाले एक समबहुभुज के बहिष्कोण के लिए सत्य नहीं है?

(a) प्रत्येक बहिष्कोण = $\frac{360°}{n}$

(b) बहिष्कोण = 180° – अंतः कोण

(c) $n = \frac{360°}{\text{बहिष्कोण}}$

(d) प्रत्येक बहिष्कोण = $\frac{(n-2)\times 180°}{n}$

**44.** PQRS एक वर्ग है। PR और SQ परस्पर O पर प्रतिच्छेद करते हैं, तब $\angle POQ$ है एक

(a) समकोण (b) सरल कोण

(c) प्रतिवर्ती कोण (d) संपूर्ण कोण

**45.** एक समांतर चतुर्भुज दो आसन्न कोण 1:5 के अनुपात में हैं। तब, उस समांतर चतुर्भुज के कोण हैं-

(a) 30°, 150°, 30°, 150° (b) 85°, 95°, 85°, 95°

(c) 45°, 135°, 45°, 135° (d) 30°, 180°, 30°, 180°

**46.** QR = 6cm, PQ = 4 cm और $\angle PQR = 90°$ के साथ एक समांतर चतुर्भुज की रचना की जाती है। तब PQRS है एक

(a) वर्ग (b) आयत (c) समचतुर्भुज (d) समलंब

**47.** किसी चतुर्भुज PQRS के कोण P, Q, R और S 1:3:7:9 के अनुपात में है। तब, PQRS है एक

(a) समांतर चतुर्भुज (b) समलंब, जिसमें PQ | | RS है।



12/04/18

(c) समलंब, जिसमें QR||PS है। (d) पतंग

**48.** PQRS एक समलंब है, जिसमें PQ||SR है तथा $\angle P=130°$ और $\angle Q=110°$ है। तब $\angle R$ बराबर है–

(a) 70° (b) 50° (c) 65° (d) 55°

**49.** प्रत्येक अंत:कोण 135° वाले एक समबहुभुज की भुजाओं की संख्या है–

(a) 6 (b) 7 (c) 8 (d) 9

**50.** यदि एक चतुर्भुज का एक विकर्ण उसके दो सम्मुख कोणों को समद्विभाजित करे, तो वह होता है एक

(a) पतंग (b) समांतर चतुर्भुज

(c) समचतुर्भुज (d) आयत

**51.** एक अद्वितीय समांतर चतुर्भुज की रचना करने के लिए, न्यूनतम आवश्यक मापों की संख्या है–

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**52.** एक अद्वितीय आयत की रचना करने के लिए, न्यूनतम आवश्यक मापों की संख्या है–

(a) 4 (b) 3 (c) 2 (d) 1

**प्रश्न 53 से 91 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ।**

**53.** चतुर्भुज HOPE में, सम्मुख भुजाओं के युग्म __________ हैं।

**54.** चतुर्भुज ROPE में, आसन्न कोणों के युग्म __________हैं।

**55.** चतुर्भुज WXYZ में, सम्मुख कोणों के युग्म __________हैं।

**56.** चतुर्भुज DEFG के विकर्ण __________ और __________हैं।

**57.** चतुर्भुज के सभी __________ का योग 360° है।

**58.** एक सम पंचभुज के प्रत्येक बहिष्कोण की माप __________है।

**59.** एक षड्भुज के कोणों का योग __________है।

**60.** 18 भुजाओं वाले एक सम बहुभुज के प्रत्येक बहिष्कोण की माप __________है।

**61.** उस सम बहुभुज की भुजाओं की संख्या, जिसके प्रत्येक बहिष्कोण की माप 36° है, __________है।

**62.**  एक बंद वक्र है जो पूर्ण रूप से केवल रेखाखंडों से ही बना है। इसका अन्य नाम __________ है।



12/04/18

**63.** एक चतुर्भुज, जो समांतर चतुर्भुज नहीं है परंतु जिसमें सम्मुख कोणों का ठीक एक युग्म बराबर है, ___________होता है।

**64.** एक सम पंचभुज के प्रत्येक कोण की माप ___________है।

**65.** तीन भुजाओं वाले समबहुभुज का नाम ___________है।

**66.** एक षड्भुज में विकर्णों की संख्या ___________है।

**67.** बहुभुज एक सरल बंद वक्र है जो केवल ___________ से ही बनी होती है।

**68.** एक सम बहुभुज वह बहुभुज है जिसकी सभी भुजाएँ बराबर होती हैं, और सभी ___________ बराबर होते हैं।

**69.** $n$ भुजाओं वाले एक बहुभुज के कोणों का योग ___________ समकोण होता है।

**70.** किसी बहुभुज के एक ही क्रम में लिये गये सभी बहिष्कोणों का योग ___________होता है।

**71.** ___________ एक सम चतुर्भुज है।

**72.** एक चतुर्भुज, जिसमें सम्मुख भुजाओं का एक युग्म समांतर हो, ___________कहलाता है।

**73.** यदि एक चतुर्भुज की सभी भुजाएँ बराबर हों, तो वह एक ___________होता है।

**74.** एक सम चतुर्भुज में विकर्ण ___________ पर प्रतिच्छेद करते हैं।

**75.** ___________ मापनों से एक चतुर्भुज अद्वितीय रूप से निर्धारित हो सकता है।

**76.** एक चतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना हो सकती है, यदि उसकी तीन भुजाएँ और ___________ कोण दिये हों।

**77.** एक समचतुर्भुज ऐसा समांतर चतुर्भुज है, जिसमें ___________ भुजाएँ बराबर होती हैं।

**78.** एक अवतल चतुर्भुज के ___________ कोण की माप 180° से अधिक होती है।

**79.** एक चतुर्भुज का विकर्ण वह रेखाखंड है, जो उस चतुर्भुज के दो ___________ शीर्षों को मिलाता है।

**80.** एक बहिष्कोण 72° वाले एक सम बहुभुज की भुजाओं की संख्या ___________है।

**81.** यदि किसी चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करें, तो वह एक ___________ होता है।

**82.** एक समांतर चतुर्भुज की आसन्न भुजाएँ 5cm और 9cm है। उसका परिमाप ___________है।

**83.** एक नवमभुज में ___________ भुजाएँ होती हैं।

**84.** आयत के विकर्ण ___________ होते हैं।

**85.** 10 भुजाओं वाला बहुभुज ___________ कहलाता है।

**86.** एक आयत की यदि आसन्न भुजाएँ बराबर हों, तो वह एक ___________ बन जाता है।

**87.** यदि एक आयत के एक विकर्ण की लंबाई 6cm हो, तो उसके दूसरे विकर्ण की लंबाई __________ होगी।

**88.** एक समांतर चतुर्भुज के आसन्न कोण __________ होते हैं।

**89.** यदि किसी चतुर्भुज का केवल एक विकर्ण ही दूसरे विकर्ण को समद्विभाजित करे, तो वह चतुर्भुज एक __________होता है।

**90.** एक समलंब ABCD, जिसमें AB | | CD है, यदि $\angle A = 100°$ है, तो $\angle D =$ __________होगा।

**91.** वह बहुभुज, जिसमें एक ही क्रम में लिये गये सभी बहिष्कोणों का योग उसके अंत:कोणों के योग के बराबर हो, एक __________ होता है।

**प्रश्न संख्या 92 से 131 में, बताइए कि कथन सत्य है या असत्य–**

**92.** समलंब के सभी कोण बराबर होते हैं।

**93.** सभी वर्ग आयत होते हैं।

**94.** सभी पतंग वर्ग होते हैं।

**95.** सभी आयत समांतर चतुर्भुज होते हैं।

**96.** सभी समचतुर्भुज वर्ग होते हैं।

**97.** चतुर्भुज के सभी कोणों का योग 180° होता है।

**98.** एक चतुर्भुज के दो विकर्ण होते हैं।

**99.** त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसके एक ही क्रम में लिये गये बहिष्कोणों का योग उसके अंत:कोणों के योग का दोगुना होता है।

**100.**  एक बहुभुज है।

**101.** एक पतंग एक उत्तल चतुर्भुज नहीं है।

**102.** अंत:कोणों के योग और एक ही क्रम में लिये गये बहिष्कोणों के योग केवल चतुर्भुजों के लिए बराबर होते हैं।

**103.** यदि किसी बहुभुज के अंत:कोणों का योग उसके एक ही क्रम में लिए गए बहिष्कोणों के योग का दोगुना हो, तो वह एक षड्भुज होगा।

**104.** एक बहुभुज सम बहुभुज होता है, यदि उसकी सभी भुजाएँ बराबर हों।

**105.** आयत एक सम चतुर्भुज है।



12/04/18

**106.** यदि एक समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर हों, तो वह अवश्य ही आयत होगा।

**107.** यदि एक चतुर्भुज के सम्मुख कोण बराबर हों, तो वह अवश्य ही समांतर चतुर्भुज होगा।

**108.** यदि एक त्रिभुज के अंत:कोणों का अनुपात 1:2:3 हो, तो उसके बहिष्कोणों का अनुपात 3:2:1 होगा।

**109.**  एक अवतल पंचभुज है।

**110.** समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर और परस्पर लंब होते हैं।

**111.** आयत के विकर्ण बराबर होते हैं।

**112.** आयत के विकर्ण परस्पर समकोण पर समद्विभाजित करते हैं।

**113.** प्रत्येक पतंग एक समांतर चतुर्भुज है।

**114.** प्रत्येक समलंब एक समांतर चतुर्भुज है।

**115.** प्रत्येक समांतर चतुर्भुज एक आयत है।

**116.** प्रत्येक समलंब एक आयत है।

**117.** प्रत्येक आयत एक समलंब है।

**118.** प्रत्येक वर्ग एक समचतुर्भुज है।

**119.** प्रत्येक वर्ग एक समांतर चतुर्भुज है।

**120.** प्रत्येक वर्ग एक समलंब है।

**121.** प्रत्येक समचतुर्भुज एक समलंब है।

**122.** यदि केवल चतुर्भुज की चारों भुजाओं की माप दी हुई हों, तो उस चतुर्भुज को खींचा जा सकता है।

**123.** किसी चतुर्भुज के चारों कोण अधिक कोण हो सकते हैं।

**124.** एक चतुर्भुज की रचना की जा सकती है, यदि उसकी चारों भुजाएँ और एक विकर्ण दिया हो।

**125.** एक चतुर्भुज की रचना की जा सकती है, यदि उसके चारों कोण और एक भुजा दी हो।

**126.** एक चतुर्भुज खींचा जा सकता है, यदि उसकी चारों भुजाएँ और एक कोण दिया हो।

**127.** एक चतुर्भुज खींचा जा सकता है, यदि उसकी तीन भुजाएँ और दोनों विकर्ण दिये हों।

**128.** यदि किसी चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करें, तो वह समांतर चतुर्भुज होगा।

**129.** एक चतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना की जा सकती है, यदि उसके तीन कोण तथा कोई भी दो भुजाएँ दी हों।

**130.** एक समांतर चतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना की जा सकती है, यदि उसके दोनों विकर्ण और उनके बीच का कोण दिया हो।

**नीचे दिए गए प्रश्नों को हल कीजिये–**

**131.** एक समचतुर्भुज की अद्वितीय रूप से रचना की जा सकती है, यदि उसके दोनों विकर्ण दिये हों।

**132.** एक समचतुर्भुज के विकर्ण 8cm और 15cm हैं। उसकी भुजा ज्ञात कीजिए।

**133.** एक समांतर चतुर्भुज के दो आसन्न कोण 1:3 के अनुपात में हैं। उसके कोण ज्ञात कीजिए।

**134.** चार चतुर्भुजों – वर्ग, आयत, समचतुर्भुज और समलंब में से एक अन्य तीन से अपने डिजाइन के कारण कुछ भिन्न हैं। उसे ज्ञात कीजिए और उसका औचित्य दीजिए।

**135.** एक आयत ABCD में, AB=25cm और BC=15 है। $\angle C$ का समद्विभाजिक AB को किस अनुपात में विभाजित करता है?

**136.** PQRS एक आयत है। S से PR पर डाला गया लंब ST कोण S को 2:3 के अनुपात में विभाजित करता है। $\angle TPQ$ को ज्ञात कीजिए।

**137.** एक फोटो फ्रेम एक चतुर्भुज के आकार का है। इसका एक विकर्ण दूसरे से बड़ा है। क्या यह एक आयत है? क्यों और क्यों नहीं?

**138.** एक समांतर चतुर्भुज के आसन्न कोण $(2x–4)°$ और $(3x–1)°$ है। इस समांतर चतुर्भुज के सभी कोण ज्ञात कीजिए।

**139.** किसी चतुर्भुज के विकर्णों का प्रतिच्छेद बिंदु इनमें से एक को 1:2 के अनुपात में विभाजित करता है। क्या यह एक समांतर चतुर्भुज होगा? क्यों और क्यों नहीं?

**140.** एक समबहुभुज के बहिष्कोण और अंत:कोण 1:5 के अनुपात में हैं। इस बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

**141.** 5cm लंबाई वाली दो लकड़ियाँ परस्पर इस प्रकार काट रही हैं कि वे परस्पर समद्विभाजित करती हैं। इनके सिरों को मिलाने पर क्या आकार प्राप्त होगा? कारण दीजिए।

**142.** 7cm लंबाई वाली दो लकड़ियाँ परस्पर इस प्रकार काट रही हैं कि वे परस्पर समकोण पर समद्विभाजित करती हैं। इनके सिरों को मिलाने पर क्या आकार प्राप्त होगा? कारण दीजिए।

**143.** किसी शहर का एक खेल का मैदान पतंग के आकार का है। इसका परिमाप 106 मी है। इसकी एक भुजा 23 मी है, तो अन्य तीनों भुजाओं की लंबाइयाँ कितनी–कितनी हैं?



12/04/18

**144.** नीचे दिये आयत READ में, ∠EAR, ∠RAD और ∠ROD ज्ञात कीजिए।




**145.** नीचे दिये आयत PAIR में, ∠ARI, ∠RMI और ∠PMA ज्ञात कीजिए।




**146.** नीचे दिये समांतर चतुर्भुज ABCD में, ∠B, ∠C और ∠D ज्ञात कीजिए।




**147.** नीचे दिये समांतर चतुर्भुज PQRS में, O विकर्ण SQ का मध्य बिंदु है। ∠S, ∠R, PQ, QR और विकर्ण PR ज्ञात कीजिए।




**148.** नीचे दिये समचतुर्भुज BEAM में, ∠AME और ∠AEM ज्ञात कीजिए।






12/04/18

**149.** नीचे दिये समांतर चतुर्भुज FIST में, ∠SFT, ∠OST और ∠STO ज्ञात कीजिए।




**150.** नीचे दिये गये समांतर चतुर्भुज YOUR में, ∠RUO=120° है और OY को एक बिंदु S तक बढ़ाया गया है, ताकि ∠SRY = 50° हो। ∠YSR ज्ञात कीजिए।




**151.** नीचे दिये गये पतंग WEAR में, ∠WEA = 70° और ∠ARW = 80° है। शेष दोनों कोणों को ज्ञात कीजिए।




**152.** नीचे दी गयी आकृति में, एक आयत MORE दर्शाया गया है–



उचित कारण देते हुए, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) क्या RE = OM है?

(ii) क्या ∠MYO = ∠RXE है?

(iii) क्या ∠MOY = ∠REX है?

(iv) क्या ΔMYO ≅ ΔRXE है?

(v) क्या MY = RX है?

**153.** समांतर चतुर्भुज LOST में, SN⊥OL और SM⊥LT है। ∠STM, ∠SON और ∠NSM ज्ञात कीजिए।




**154.** समलंब HARE में, EP और RP क्रमश: ∠E और ∠R के समद्विभाजक हैं। ∠HAR और ∠EHA ज्ञात कीजिए।




**155.** एक समांतर चतुर्भुज MODE में, ∠M कोण ∠O के समद्विभाजक Q पर मिलते हैं। ∠MQO की माप ज्ञात कीजिए।

**156.** एक खेल का मैदान एक आयत ATEF के रूप का है। दो खिलाड़ी बिंदु F और B पर खड़े हैं, जहाँ EF=EB है। $x$ और $y$ के मान ज्ञात कीजिए।




**157.** नीचे दिये गये एक जहाज की आकृति में, ABDH और CEFG दो समांतर चतुर्भुज हैं। $x$ का मान ज्ञात कीजिए।



12/04/18




**158.** किसी घर के फर्श पर एक रंगोली बनायी गयी है। इसमें, ABCD और PQRS दोनों समचतुर्भुजों के आकर के हैं। समचतुर्भुज ABCD की प्रत्येक भुजा पर खींचे गये अर्धवृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।




**159.** ABCDE एक सम पंचभुज है। कोण A का समद्विभाजक भुजा CD से M पर मिलता है। $\angle AMC$ ज्ञात कीजिए।




**160.** चतुर्भुज EFGH एक आयत है, जिसमें J दोनों विकर्णों का प्रतिच्छेद बिंदु है। $x$ का मान ज्ञात कीजिए, $JF = 8x + 4$ और $EG = 24x - 8$ है।



12/04/18

**161.** निम्न समांतर चतुर्भुज में, $x$ और $y$ के मान ज्ञात कीजिए–




**162.** निम्न पतंग में, $x$ और $y$ के मान ज्ञात कीजिए–




**163.** नीचे दिये गये समलंब ABCD में, $x$ का मान ज्ञात कीजिए–




**164.** किसी चतुर्भुज के दो कोणों में से प्रत्येक की माप 75° है तथा अन्य दो कोण बराबर हैं। इन दोनों कोणों के माप क्या हैं? संभावित बनने वाली आकृतियों के नाम लिखिए।

**165.** चतुर्भुज PQRS में, $\angle P = 50°$, $\angle Q = 50°$ और $\angle R = 60°$ है। $\angle S$ ज्ञात कीजिए। क्या यह चतुर्भुज उत्तल है या अवतल?

**166.** एक चतुर्भुज के सम्मुख कोणों के दोनों युग्म बराबर और संपूरक हैं। प्रत्येक कोण की माप ज्ञात कीजिए।

**167.** एक सम अष्टभुज के प्रत्येक कोण की माप ज्ञात कीजिए।

**168.** एक सम पंचभुज के एक बहिष्कोण की माप तथा एक सम दशभुज के एक बहिष्कोण की माप ज्ञात कीजिए। इन दोनों मापों में क्या अनुपात है?

**169.** नीचे दी गयी आकृति में, $x$ का मान ज्ञात कीजिए।




**170.** एक चतुर्भुज के तीन कोण बराबर हैं। चौथे कोण की माप 120° है। बराबर कोणों में से प्रत्येक की माप ज्ञात कीजिए।

**171.** एक चतुर्भुज HOPE में, PS और ES क्रमशः ∠P और ∠E के समद्विभाजक हैं। क्या ∠O + ∠H = 2∠PSE है? कारण दीजिए।

**172.** ABCD एक समांतर चतुर्भुज है। $x$, $y$ और $z$ के मान ज्ञात कीजिए।




**173.** एक चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर लंब हैं। क्या ऐसा चतुर्भुज सदैव एक समचतुर्भुज होता है? अपने उत्तर के औचित्य के लिए एक आकृति दीजिए।

**174.** ABCD एक समलंब है, जिसमें AB || CD, ∠A : ∠D = 2:1 और ∠B : ∠C = 7:5 है। इस समलंब के कोण ज्ञात कीजिए।

**175.** रेखा $l$ रेखा $m$ के समांतर है तथा एक तिर्यक रेखा $p$ क्रमशः इन्हें X और Y पर प्रतिच्छेद करती है। X और Y पर स्थित अंतःकोणों के समद्विभाजक P और Q प्रतिच्छेद करते हैं। क्या PXQY एक आयत है? कारण दीजिए।

**176.** ABCD एक समांतर चतुर्भुज है। कोण A का समद्विभाजक CD को X पर प्रतिच्छेद करता है तथा कोण C का समद्विभाजक AB को Y पर प्रतिच्छेद करता है। क्या AXCY एक समांतर चतुर्भुज है? कारण दीजिए।

**177.** किसी समांतर चतुर्भुज का एक विकर्ण उसके एक कोण को समद्विभाजित करता है। क्या वह दूसरे कोण को भी समद्विभाजित करेगा? कारण दीजिए।



12/04/18

**178.** एक समांतर चतुर्भुज के अधिक कोण वाले शीर्ष से खींचे गये दो शीर्षलंबों के बीच का कोण 45° है। इस समांतर चतुर्भुज के कोण ज्ञात कीजिए।

**179.** ABCD एक समचतुर्भुज इस प्रकार है कि AB का लंब समद्विभाजक D से होकर जाता है। इस समचतुर्भुज के कोण ज्ञात कीजिए।

संकेत : BD को मिलाइए। तब ΔABD एक समबाहु त्रिभुज है।

**180.** ABCD एक समांतर चतुर्भुज है। भुजा AB और AD पर क्रमश: बिंदु P और Q इस प्रकार लिये गये हैं कि एक समांतर चतुर्भुज PRQA बनता है। यदि ∠C=45° है, तो ∠R ज्ञात कीजिए।

**181.** समांतर ABCD में, ∠A का समद्विभाजक BC को समद्विभाजित करता है। क्या कोण B का समद्विभाजक AD को भी समद्विभाजित करता है? कारण दीजिए।

**182.** एक सम पंचभुज ABCDE और एक वर्ग ABFG रेखाखंड AB के विपरीत ओर बनाये जाते हैं। ∠BCF ज्ञात कीजिए।

**183.** उन न्यूनकोणों की अधिकतम संख्या ज्ञात कीजिए जो एक उत्तल चतुर्भुज, उत्तल पंचभुज और उत्तल षड्भुज में हो सकते हैं। इस पैटर्न को देखिए और इस परिणाम को एक बहुभुज के लिए व्यापीकृत कीजिए।

**184.** निम्न आकृति में, FD||BC||AE है और AC||ED है। $x$ का मान ज्ञात कीजिए–




**185.** निम्न आकृति में, AB||DC और AD = BC है। $x$ का मान ज्ञात कीजिए–




**186.** एक समलंब ABCD की रचना कीजिए, जिसमें AB||DC, ∠A=105°, AD=3cm, AB=4cm और CD=8cm है।

**187.** एक समांतर चतुर्भुज ABCD की रचना कीजिए, जिसमें AB=4cm, BC=5cm और ∠B=60° है।



12/04/18

**188.** एक समचतुर्भुज की रचना कीजिए, जिसकी एक भुजा 5cm और एक कोण 60° है।

**189.** एक आयत की रचना कीजिए, जिसकी एक भुजा 3cm और विकर्ण 5cm है।

**190.** 4cm भुजा का एक वर्ग खींचिए।

**191.** एक समचतुर्भुज CLUE की रचना कीजिए, जिसमें CL=7.5cm और LE=6cm है।

**192.** एक चतुर्भुज BEAR की रचना कीजिए, जिसमें BE = 6cm, EA = 7cm, RB = RE = 5cm और BA = 9cm है। चौथी भुजा को मापिए।

**193.** एक समांतर चतुर्भुज POUR की रचना कीजिए, जिसमें PO=5.5cm, OU = 7.2cm और $\angle$O=70° है।

**194.** त्रिज्या 3cm का एक वृत्त खींचिए और उसका एक व्यास खींचिए। इसे AC से नामांकित कीजिए। इसका लंब समद्विभाजक खींचिए तथा इसे वृत्त को B और D पर प्रतिच्छेद करने दीजिए। तब, ABCD किस प्रकार का चतुर्भुज है? अपने उत्तर का औचित्य दीजिए।

**195.** एक समांतर चतुर्भुज HOME की रचना कीजिए, जिसमें HO=6cm, HE=4cm और OE=3cm है।

**196.** क्या ऐसे चतुर्भुज ABCD की रचना करना संभव है, जिसमें AB=3cm, BC=4cm, CD=5.4cm, DA=5.9cm और विकर्ण AC=8cm है? यदि नहीं, तो क्यों?

**197.** क्या एक चतुर्भुज ROAM की रचना करना संभव है, जिसमें RO=4cm, OA=5cm, $\angle$O=120°, $\angle$R=105° और $\angle$A=135° है? यदि नहीं, तो क्यों?

**198.** एक वर्ग की रचना कीजिए जिसमें प्रत्येक विकर्ण 5cm लंबा हो।

**199.** एक चतुर्भुज NEWS की रचना कीजिए, जिसमें NE=7cm, EW=6cm, $\angle$N=60°, $\angle$E=110° और $\angle$S=85° है।

**200.** एक समांतर चतुर्भुज की रचना कीजिए जिसकी एक भुजा 4cm और दोनों विकर्ण 5.6cm और 7cm हों। दूसरी भुजा को मापिए।

**201.** 20 भुजाओं वाले एक सम बहुभुज का प्रत्येक कोण ज्ञात कीजिए।

**202.** एक समलंब RISK की रचना कीजिए, जिसमें RI | | KS, RI=7cm, IS=5cm, RK=6.5cm और $\angle$I=60° है।

**203.** एक समलंब ABCD की रचना कीजिए, जिसमें AB | | CD, AD=BC=3.2cm, AB=6.4cm और CD=9.6 cm है। $\angle$B और $\angle$A को मापिए।



12/04/18




[संकेत– दोनों समांतर भुजाओं के अंतर से एक समबाहु त्रिभुज की भुजा प्राप्त होती है।]

## (D) अनुप्रयोग, खेल और पहेलियाँ

**1. एक टेस्सीलेशन की रचना करना।**

**टेस्सीलेशन:** जब किसी समतल पृष्ठ को ढकने के लिए, किसी आकार का बार-बार प्रयोग किया जाता है, ताकि बीच में कोई रिक्तता या आच्छादन न हो, तो एक टेस्सीलेशन प्राप्त होता है।

**नियमित टेस्सीलेशन या सम टेस्सीलेशन :** इसका अर्थ है कि सर्वांगसम सम बहुभुजों से बना टेस्सीलेशन।

**उदाहरण:**



समबाहु त्रिभुजों का एक टेस्सीलेशन

इस व्यवस्था को आगे बढ़ाकर एक फर्श की टाइलिंग (या टेस्सीलेशन) पूरी की जा सकती है।

**नियमित टेस्सीलेशन के नियम**

(i) एक टेस्सीलेशन में, टाइलों के बीच में कोई रिक्तता या आच्छादन नहीं होना चाहिए।

(ii) टाइलें सम बहुभुज होनी चाहिए।

(iii) प्रत्येक शीर्ष पर डिजाइन एक जैसा दिखना चाहिए।

**चेतावनी**

क्या सम पंचभुज कार्य करेंगे?

सम पंचभुज का अंत:कोण 108° . . . है।

$108° + 108° + 108° = 324°$ . . . नहीं!




इस प्रकार, क्योंकि समतल पृष्ठ को सम बहुभुजों द्वारा प्रत्येक शीर्ष पर पूरा-पूरा ढकना चाहिए, इसलिए बहुभुज का प्रत्येक अंत:कोण 360° का ठीक–ठीक विभाजक होना चाहिए।

अब, वह सम बहुभुज ज्ञात कीजिए, जो टेस्सीलेशन कर सकता है। इसके लिए, नीचे दी हुई सारणी में दिये गये प्रतिदर्श को लेते हुए प्रयास कीजिए :

| **बहुभुज** | **टेस्सीलेशन** |
|---|---|
| 1. त्रिभुज |  |
| 2. वर्ग | |
| 3. सम पंचभुज | |
| 4. सम षड्भुज | |
| 5. सम सप्तभुज | |
| 6. सम अष्ठभुज | |

**निष्कर्ष:**

इस प्रकार, टेस्सीलेशन करने वाले केवल सम बहुभुज हैं–

1. ______________________
2. ______________________
3. ______________________

**नियत कार्य**

1. आप कम्प्यूटर पर निम्न चरणों का अनुपालन करते हुए एक टेस्सीलेशन बना सकते हैं–
   - बेसिक इमेजेस निकाल कर, प्वाइंट-ब्रश द्वारा कॉपी कीजिए।
   - प्रत्येक की स्थिति बदलते हुए, चलाते और पेस्ट करते रहिए जिससे एक टेस्सीलेशन दिखायी दे।

2. अर्ध नियमित टेस्सीलेशन– ये दो या अधिक भिन्न सम बहुभुजों का प्रयोग करते हुए, बनाये जाते हैं। प्रत्येक शीर्ष पर समान डिजाइन बनना चाहिए।




Y - पीला

B - नीला

G - हरा

R - लाल

अब इसी प्रकार के कुछ और टेस्सीलेशन खोजिए।

**2. एक टेनग्राम बनाना**

अगले पृष्ठ पर दिये गए वर्ग को दर्शाए अनुसार टुकड़ों में काटिए। और निम्नांकित आकारों की तरह विभिन्न आकार बनाइये। विभिन्न आकार टेनग्राम के टुकड़ों से बने हो सकते हैं।



पशुओं के विभिन्न आकारों का प्रयोग करते हुए एक कहानी बनाइए।

**वाँछित वर्ग**




### 3. विद्यार्थियों को प्रतिभागी बनने के लिए प्रेरित कीजिए

विद्यार्थियों के सम्मुख एक वर्ग के निम्न वर्णन को पढ़िए और उन्हें आपके वर्णन के अनुसार उस वर्ग की रचना करने दीजिए।

**विवरण:** "मेरे चतुर्भुज की सम्मुख भुजाएँ बराबर हैं।"

विद्यार्थियों द्वारा खींचे गये चतुर्भुजों की उनको आपस में तुलना करने दीजिए तथा आपके वर्ग से भी तुलना करने दीजिए। विद्यार्थियों को चर्चा करने दीजिए कि उनकी रचनाओं में क्या उभयनिष्ठ है (ये सभी समांतर चतुर्भुज हैं) और क्या अतिरिक्त सूचना हो, जिससे वे एक वर्ग खींच सकें। (उदाहरणार्थ सभी 4 भुजाएँ बराबर हैं और एक कोण $90^0$ है।

**4:** विभिन्न चतुर्भुजों के गुणों के आधार पर उचित स्थानों पर '✓' या '✕' रखिए।

| | समांतर चतुर्भुज | आयत | समचतुर्भुज | वर्ग | समलंब जिसकी असमांतर भुजाएँ समान | समलंब | पतंग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सम्मुख भुजाएँ समांतर | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✕ | ✕ | ✕ |
| सम्मुख भुजाएँ बराबर | | | | | | | |
| सम्मुख कोण बराबर | | | | | | | |
| विकर्ण सर्वांगसम त्रिभुज बनाता है। | | | | | | | |
| विकर्ण परस्पर समद्विभाजित करते हैं। | | | | | | | |
| विकर्ण लंब हैं | | | | | | | |
| विकर्ण बराबर हैं | | | | | | | |
| विकर्ण सम्मुख कोणों को समद्विभाजित करते हैं | | | | | | | |
| सभी कोण समकोण हैं | | | | | | | |
| सभी भुजाएँ बराबर हैं | | | | | | | |



12/04/18

उपरोक्त चतुर्भुज चार्ट का उपयोग कीजिए तथा निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(a) आप सभी समांतर चतुर्भुजों के बारे में जो सत्य है, उसके बारे में एक कथन देने के लिए, उपरोक्त चतुर्भुज चार्ट के गुणों का किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं?

(b) आप सभी समचतुर्भुज के बारे में जो सत्य है, उसका कथन देने के लिए, उपरोक्त चतुर्भुज चार्ट के गुणों का किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं?

(c) आप सभी समचतुर्भुजों के बारे में जो सत्य है, परंतु समांतर चतुर्भुजों के बारे में सत्य नहीं है, के बारे में एक कथन देने के लिए उपरोक्त चतुर्भुज चार्ट के गुणों का किस प्रकार प्रयोग कर सकते हैं?

(d) आप केवल समचतुर्भुजों के बारे में जो सत्य है, उसके बारे में एक कथन देने के लिए, किस प्रकार उपरोक्त चतुर्भुज चार्ट के गुणों का उपयोग कर सकते हैं?

(e) व्यापक रूप से समचतुर्भुजों के गुण किस प्रकार समांतर चतुर्भुजों के गुणों जैसे हैं?

(f) समचतुर्भुजों के गुण किस प्रकार समांतर चतुर्भुजों के गुणों से भिन्न है?

**5.** विद्यार्थियों को नीचे दिये चतुर्भुज लेकर उनकी भुजाओं के मध्य बिंदुओं को क्रम से मिलाने दीजिए। इसके बाद प्राप्त विशेष चतुर्भुज के बारे में बताने को कहें।

(a) समचतुर्भुज

(b) आयत

(c) समलंब चतुर्भुज जिसकी असमांतर भुजायें समान हों।

(d) समलंब चतुर्भुज जिसकी असमांतर भुजायें असमान हों।

(e) पतंग

**6. क्रॉसवर्ड पहेली**

दिये हुए क्रॉसवर्ड को हल कीजिए, फिर अगले पृष्ठ पर दिए हुए खानों को भरिए। एक्रॉस और डाउन दोनों को भरने के लिए संकेत नीचे दिए गये हैं। साथ ही, एक्रॉस और डाउन के संकेतों वाली संख्याएँ संगत खानों के कोनों पर लिखी हैं। संकेतों के उत्तर अंग्रेजी के अक्षरों में संगत खानों में भरिए–

**संकेत**

**एक्रॉस**

1. A quadrilateral with pair of parallel sides.
1. समांतर भुजाओं के युग्म वाला एक चतुर्भुज।
2. A simple closed curve made up of only line segments.
2. केवल रेखाखंडों से बना एक सरल बंद वक्र।



12/04/18

3. A quadrilateral which has exactly two distinct consecutive pairs of sides of equal length.
3. एक चतुर्भुज जिसमें बराबर आसन्न भुजाओं के ठीक दो युग्म हैं।
4. A line segment connecting two non-consecutive vertices of a polygon.
4. एक बहुभुज के दो अक्रमागत शीर्षों को मिलाने वाला रेखाखंड।
5. The diagonals of a rhombus are _________ bisectors of one another.
5. समचतुर्भुज के विकर्ण परस्पर _________ समद्विभाजक होते हैं।
6. The ___________ sides of a parallelogram are of equal length.
6. समांतर चतुर्भुज ___________ की भुजाएँ बराबर होती हैं।
7. The number of sides of a regular polygon whose each exterior angle has a measure of $45^0$.
7. एक समबहुभुज जिसके प्रत्येक बहिष्कोण की माप $45^0$ है, की भुजाओं की संख्या।
8. The sum of measure of the three angles of a _________________ is $180^0$.
8. एक _________________ के तीनों कोणों का योग $180^0$ है।
9. A polygon which is both equiangular and equilateral is called a _________ polygon.
9. एक बहुभुज, जो समानकोणिक और समबाहु दोनों हो, _________ बहुभुज कहलाता है।
10. Number of sides of a nonagon.
10. एक नवमभुज में भुजाओं की संख्या।

**डाउन**

11. Name of the figure



11. आकृति का नाम



12. The ___________ angles of a parallelogram are supplementary.
12. समांतर चतुर्भुज के ___________ कोण संपूरक होते हैं।
13. A ______________ is a quadrilateral whose pair of opposite sides are parallel.
13. एक ______________ वह चतुर्भुज है जिसकी सम्मुख भुजाओं के युग्म समांतर हों।



12/04/18

14. The diagonals of a rectangle are of _____________ length.
14. आयत के विकर्ण _____________ लंबाई के होते हैं।
15. A five sided polygon.
15. पाँच भुजाओं वाला एक बहुभुज।
16. The diagonals of a parallelogram ___________ each other.
16. समांतर चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर ___________ करते हैं।
17. A quadrilateral having all the properties of a parallelogram and also that of a kite.
17. एक चतुर्भुज जिसमें एक समांतर चतुर्भुज और एक पतंग के सभी गुण हों।






12/04/18

इकाई 6

# ठोस आकारों का चित्रण

## (A) मुख्य अवधारणाएँ और परिणाम

- **3D आकार / वस्तुएँ** वे आकार / वस्तुएँ हैं जो, एक तल में पूर्णतया स्थित नहीं होती हैं।
- 3D वस्तुओं के विभिन्न स्थानों से विभिन्न दृश्य दिखायी देते हैं।
- वह ठोस एक **बहुफलक** या **बहुफलकी (या बहुष्फलक)** कहलाता है, यदि वह केवल बहुभुजीय फलकों से मिलकर ही बना हो। ये फलक किनारों में मिलते हैं, जो **रेखाखंड** होते हैं तथा किनारे बिंदुओं पर मिलते हैं, जो **शीर्ष** कहलाते हैं।
- किसी भी बहुफलक के लिए, ऑयलर सूत्र है:

  $F + V - E = 2$

  जहाँ F फलकों की संख्या, V शीर्षों की संख्या और E किनारों की संख्या को निरूपित करता है।
- **बहुफलकों के प्रकार**

  (a) **उत्तल बहुफलक**

  एक उत्तल बहुफलक में, सभी फलक उत्तल होते हैं। उदाहरणार्थ, निम्न आकृतियों में,


(1)


(2)


(3)


(4)

(1) और (2) उत्तल बहुफलक हैं, जबकि
(3) और (4) उत्तल बहुफलक नहीं हैं।

### (b) सम बहुफलक या प्लेटोनिक ठोस

एक बहुफलक **सम बहुफलक** कहलाता है, यदि इसके सभी फलक सर्वांगसम सम बहुभुज हों तथा प्रत्येक शीर्ष पर मिलने वाले फलकों की संख्या बराबर हो।

उदाहरणार्थ, घन एक प्लेटोनिक ठोस है, क्योंकि इसके सभी छः फलक सर्वांगसम वर्ग होते हैं। ऐसे पाँच ठोस होते हैं- सम चतुष्फलक, घन, सम अष्टफलक (ऑक्टाहेड्रन), सम द्वादशफलक (टोडेका-हेड्रन) और सम आइकोसाहेड्रन (20 फलक वाला)। उदाहरण के लिए,



घन

- एक **प्रिज़्म** वह बहुफलकी है, जिसके निचले और ऊपरी फलक (जो आधार कहलाते हैं) सर्वांगसम बहुभुज हों तथा अन्य फलक, जिन्हें पार्श्व फलक कहा जाता है, समांतर चतुर्भुज हों। (जब पार्श्व फलक आयत हों, तो यह आकार या ठोस एक **लंब प्रिज़्म** कहलाता है।)
- एक **पिरामिड** वह बहुफलकी है, जिसका आधार कोई बहुभुज होता है तथा पार्श्व फलक त्रिभुज होते हैं।
- एक **मानचित्र** किसी विशिष्ट वस्तु / स्थान की अन्य वस्तुओं / स्थानों के संदर्भ में अवस्थिति प्रदर्शित करता है।

#### प्रयास कीजिए

**किसी आकृति का सामने का हिस्सा, ऊपर तथा पार्श्व दर्शाये गये हैं। सेंटीमीटर घनों का उपयोग कर आकृति बनायें। तब आकृति का रेखाचित्र खींचे।**

**1.**



सामने का हिस्सा ऊपर पार्श्व

**2.**



सामने का हिस्सा ऊपर पार्श्व

**3.** किसी त्रिविमीय आकृति के दृश्य नीचे दिखाये गये हैं जिन्हें घनों से नहीं बनाया जा सकता है। निश्चित कीजिए कि कौन आकृति दृश्यों से सुमेलित होती है।



सामने का हिस्सा ऊपर पार्श्व






12/04/18

- **स्केल** उस मानचित्र की ड्राइंग / मॉडल की विमाओं और वास्तविक वस्तु की विमाओं के बीच संबंध होता है।
- एक मानचित्र में, विभिन्न वस्तुओं और स्थानों को दर्शाने के लिए संकेतों का प्रयोग किया जाता है।
- मानचित्रों में एक स्केल संबद्ध होता है, जो एक विशिष्ट मानचित्र के लिए निश्चित होता है।

**सोचिए और चर्चा कीजिए**

1. समझाईए कि आप ऊपर से खुले एक बक्से, जो लंब प्रिज़्म के आकार का हो, का पृष्ठ कैसे ज्ञात करेंगे।
2. किसी बेलन की नेट का निर्माण कीजिए।

## (B) हल उदाहरण

**उदाहरण 1 और 2 में, चार विकल्प दिये हैं, जिनमें से एक सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**उदाहरण 1:** प्रिज्म एक बहुफलकी है जिसके पार्श्वफलक होते हैं–

(a) वृत्त (b) त्रिभुज

(c) समांतर चतुर्भुज (d) समचतुर्भुज

**हल** सही उत्तर (c) है।

**उदाहरण 2:** पिरामिड एक बहुफलकी है, जिसके पार्श्वफलक होते हैं–

(a) आयत (b) त्रिभुज

(c) समांतर चतुर्भुज (d) समचतुर्भुज

**हल** सही उत्तर (b) है।

**उदाहरण 3 और 4 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**उदाहरण 3:** एक समबहुफलकी में, प्रत्येक शीर्ष पर मिलने वाले फलकों की संख्या _______ होती है।

**हल** एक ही या बराबर

**उदाहरण 4:** एक पंचभुजाकार प्रिज्म में _______ किनारे होते हैं।

**हल** 15



पंचभुजाकार प्रिज्म

**उदाहरण 5 और 6 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य**

**उदाहरण 5:** एक गोला बहुफलकी है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 6:** एक प्रिज्म में, पार्श्वीय (या पार्श्व) फलकों का सर्वांगसम होना आवश्यक नहीं है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 7:** नीचे दिये ठोस के ऊपर से, सामने से तथा पार्श्व दृश्य खींचिए–



**हल**



सामने का दृश्य ऊपर का दृश्य पार्श्व दृश्य

## क्रियाकलाप

पटरी और परकार का उपयोग एक कार्ड बोर्ड पर प्रत्येक नेट का बड़ा रूपांतरण खींचने के लिए कीजिए। प्रत्येक नेट को बहुफलक के रूप में तह कीजिए।

| सम बहुफलक | | | |
|---|---|---|---|
| **नाम** | **फलक** | **उदाहरण** | **नेट** |
| **चतुष्फलक** | 4 त्रिभुज |  |  |
| **अष्टफलक** | 8 त्रिभुज |  |  |
| **आइकोसाहेड्रान** | 20 त्रिभुज |  |  |
| **घन** | 6 वर्ग |  |  |
| **द्वादशफलक** | 12 पंचभुज |  |  |



12/04/18

## प्रयास कीजिए

1. प्रत्येक बहुफलक, जो आपने बनाये हैं के लिए शीर्षों की संख्या V, किनारों की E तथा फलकों की F से सारणी को पूरा कीजिए।
2. **अनुमान लगाइए :** बहुफलक के शीर्षों की, किनारों की तथा फलकों की संख्याओं के संबंध के बारे में आप क्या सोचते हैं कि सत्य है?

| बहुफलक | V | E | F | V - E + F |
|---|---|---|---|---|
| चतुष्फलक | | | | |
| अष्टफलक | | | | |
| आइकोसाहेड्रान | | | | |
| घन | | | | |
| द्वादशफलक | | | | |

**उदाहरण 8:** उस आकार की पहचान कीजिए, जिसका जाल (या नेट) नीचे दिया है–



**हल** यह आकार पूर्ण रूप से समबाहु त्रिभुजों से बना है। जब इसे उपयुक्त रूप से मोड़ा जाता है, तो एक नियमित या सम अष्टफलक बनता है। ध्यान दीजिए कि क्योंकि ये फलक समबाहु त्रिभुज (सम बहुभुज) और सर्वांगसम हैं, इसलिए उपरोक्त ठोस एक सम बहुफलकी है।

## बहुफलकों का निर्माण करने में नेटों का उपयोग

एक बहुफलकी चार या अधिक बहुभुजों, जो केवल किनारों पर प्रतिच्छेद करते हैं, से बनता है और प्रत्येक शीर्ष पर समान संख्या के फलक प्रतिच्छेद करते हैं। सम बहुफलकों को प्लेटोनिक ठोस भी कहते हैं। ऐसे केवल पाँच सम बहुफलक हैं।

**उदाहरण 9:** नीचे दिया ठोस एक आयताकार प्रिज्म या घनाभ है। इस आकार के सभी विकर्ण बनाइए।



**हल** इसके केवल चार विकर्ण हैं, जिन्हें नीचे दर्शाया गया है–



ध्यान दीजिए कि एक 3D आकार में, उन दो शीर्षों को मिलाते हैं, जो एक ही फलक में स्थित नहीं होते हैं। उदाहरणार्थ, नीचे दी आकृति में रेखाखंड AH इस ठोस का विकर्ण नहीं है। विकर्णों को अवश्य ही, ठोस के अभ्यंतर या आंतरिक भाग से होकर जाना चाहिए। परंतु AH फलक ADHE का विकर्ण है।




**उदाहरण 10:** दी गयी आकृतियों में घनों की संख्या लिखिए।





**हल** (i) 8 घन (ii) 6 घन

**उदाहरण 11:** निम्न बहुफलकियों के नाम लिखिए तथा प्रत्येक के लिए ऑयलर के सूत्र का सत्यापन कीजिए–



(a)



(b)



(c)

**हल**

| क्रम सं. | बहुफलकी | F | V | F + V | E | F + V –E |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतुष्फलक | 4 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | घन | 6 | 8 | 14 | 12 | 2 |
| 3 | पंचभुजाकार प्रिज्म | 7 | 10 | 17 | 15 | 2 |

किसी त्रिविमीय वस्तु के भीतर के स्थान आयतन को घन इकाई में मापा जाता है। यदि आपने ऐसे ब्लॉक (घन) बनाये हों जो एक घन इकाई के हों तो इनसे बनी संरचना का आयतन उसमें ब्लाक की संख्या के बराबर है। उदाहरण के लिए, 8 ब्लाक से बनी संरचना का आयतन 8 घन इकाई है। यदि ब्लाक की एक किनारी 1cm लंबी हो तो संरचना का आयतन $8cm^3$ है।

**उदाहरण 12:** किसी बहुफलकी में 7 फलक और 10 शीर्ष हैं। इस बहुफलकी में कितने किनारे (या कोर) हैं?

**हल** किसी बहुफलकी के लिए,

$F + V - E = 2$

यहाँ $F = 7, V = 10, E = ?$ है।

उपरोक्त सूत्र के प्रयोग से,

$7 + 10 - E = 2$

$17 - E = 2$

$17 - 2 = E$

$E = 15$

**उदाहरण 13:** उस बहुफलकी में शीर्षों की संख्या ज्ञात कीजिए, जिसमें 30 किनारे और 12 फलक हैं।

**हल** किसी भी बहुफलकी के लिए,

$F + V - E = 2$

यहाँ $F = 12, V = ?, E = 30$ है।

उपरोक्त सूत्र का प्रयोग करने पर,

$12 + V - 30 = 2$

$V - 18 = 2$

$V = 2 + 18$

$V = 20$

**उदाहरण 14:** किसी मानचित्र में, शहर A और शहर B की दूरी 6cm दर्शायी गयी है। यदि स्केल 1cm = 200 km निरूपित करता है, तो शहर A और शहर B के बीच की वास्तविक दूरी ज्ञात कीजिए।

**हल** 1 cm द्वारा निरूपित वास्तविक दूरी = 200km

## सोचिए और चर्चा कीजिए

एक अकेले ब्लाक का पृष्ठीय क्षेत्रफल वर्ग इकाई में कितना है?



यदि ब्लाक के किनारे की लंबाइयाँ 2 सेमी हैं तो ब्लाक का पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या है?

दायीं ओर दी गयी संरचना का आयतन घन इकाई में क्या है?



उपरोक्त संरचना में वर्ग इकाई में पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या है?

(**याद रखिये** संरचना में केवल बाहरी वर्गों को गिनिए)

अतः, 6cm द्वारा निरूपित वास्तविक दूरी = 6 × 200km

= 1200km

अतः शहर A और शहर B के बीच की वास्तविक दूरी 1200km है।

**उदाहरण 15:** एक भवन की ऊँचाई 9m है तथा इसे एक मानचित्र में, 9cm द्वारा निरूपित किया गया है। इस मानचित्र के लिए, क्या स्केल प्रयुक्त किया गया है?

**हल** मानचित्र का स्केल $= \dfrac{\text{खींची गयी माप}}{\text{वास्तविक माप}}$

$= \dfrac{9\,\text{cm}}{900\,\text{cm}}$ (क्योंकि 9m = 900cm है)

$= \dfrac{1}{100}$

इस प्रकार, स्केल 1 : 100 है।

**उदाहरण 16:** किसी मानचित्र पर स्केल 1mm : 4m है। वास्तविक दूरी 52m के लिए, मानचित्र पर दूरी ज्ञात कीजिए।

**हल** वास्तविक दूरी 4m के लिए मानचित्र पर दूरी = 1mm

अतः, वास्तविक दूरी 52m के लिए, मानचित्र पर दूरी $= \dfrac{1}{4} \times 52\,\text{mm}$

= 13 mm

इस प्रकार, 52m की वास्तविक दूरी के लिए, मानचित्र पर दूरी 13mm है।

सभी प्रिज्मों में दो सर्वसम समांतर फलक होते हैं। ये दोनों फलक सदैव बहुभुज होते हैं। प्रिज्म में शेष फलक सदैव समांतर चतुर्भुज होते हैं।

प्रिज्म को कभी-कभी उसके सिरों के समांतर फलकों के आकार द्वारा जाना जाता है। उदाहरण के लिए त्रिभुजाकार प्रिज्म के सिरे त्रिभुजाकार फलक होते हैं और आयताकार प्रिज़्म के सिरे आयताकार फलक होते हैं।



त्रिभुजाकार प्रिज्म



आयताकार प्रिज्म

**उदाहरण 17:** **समस्या हल करने की युक्ति पर अनुप्रयोग**

निम्न आकृति में, किनारों, शीर्षों और फलकों की संख्याएँ निर्धारित कीजिए-




**हल** **समस्या को समझिए और उसकी जाँच कीजिए**

- हमें प्रश्न में क्या सूचना दी गयी है?
  एक घन जिसका एक कोना कटा हुआ है।
- आप क्या ज्ञात करना चाहते हैं?
  किनारों, शीर्षों और फलकों की संख्या।
- क्या कोई ऐसी सूचना है, जिसकी आवश्यकता नहीं है?
  किनारों की मापों की आवश्यकता नहीं है।

**एक युक्ति की योजना बनाइए**

- किनारे, शीर्ष और फलक की परिभाषाओं के बारे में सोचिए तथा इनका ऊपर दी हुई आकृति से सह-संबंध स्थापित करने का प्रयास कीजिए।

**हल कीजिए**

- बहुभुजीय क्षेत्र फलक कहलाते हैं। अतः, यहाँ 7 फलक हैं।
- दो फलकों के प्रतिच्छेदन से बना रेखाखंड एक किनारा कहलाता है। अतः, यहाँ 15 किनारे हैं।
- किनारे शीर्षों पर मिलते हैं, जो बिंदु हैं। अतः, यहाँ 10 शीर्ष हैं।

**पुनर्निरीक्षण**

- इस उत्तर को ऑयलर के सूत्र $F + V = E + 2$ से सत्यापित करते हैं।
  उपरोक्त समस्या के लिए, $F = 7$, $V = 10$, $E = 15$ है।

$$F + V = 7 + 10 = 17$$

$$E + 2 = 15 + 2 = 17$$

इस प्रकार, $F + V = E + 2$ का सत्यापन हो गया।

ये आकृतियाँ प्रिज़्म हैं।



ये आकृतियाँ प्रिज़्म नहीं हैं।



## (C) प्रश्नावली

**प्रश्न 1 से 21 में, चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**1.** निम्न में से कौन एक बहुफलकी नहीं है?



(a) (b) (c) (d)

**2.** निम्न में से किसी से एक बहुफलकी नहीं बनेगा?

(a) 3 त्रिभुज (b) 2 त्रिभुज और तीन समांतर चतुर्भुज

(c) 8 त्रिभुज (d) 1 पंचभुज और 5 त्रिभुज

**3.** निम्न में से कौन एक सम बहुफलकी है?

(a) घनाभ (b) त्रिभुजाकार प्रिज़्म

(c) घन (d) वर्गाकार प्रिज़्म



12/04/18

**4.** निम्न में से कौन एक द्विविमीय आकार है?

(a) आयत (b) आयताकार प्रिज़्म

(c) वर्गाकार पिरामिड (d) वर्गाकार प्रिज़्म

**5.** निम्न में से कौन एक पिरामिड का आधार हो सकता है?

(a) रेखाखंड (b) वृत्त (c) अष्ठभुज (d) अंडाकार आकृति

**6.** किस त्रिविमीय आकार में शीर्ष नहीं होता है?

(a) पिरामिड (b) प्रिज़्म (c) शंकु (d) गोला

**7.** ठोस, जिसके किनारे केवल रेखाखंड ही हों–

(a) बहुफलकी (b) शंकु (c) बेलन (d) बहुभुज

## सोचिए और चर्चा कीजिए

सभी प्रिज़्म क्या उभयनिष्ट हैं?

जो प्रिज़्म नहीं हैं वे कैसे प्रिज़्मों से भिन्न हैं?

**8.** एक बहुफलकी में, यदि F = V = 5 है, तो इस आकार में किनारों की संख्या होगी–

(a) 6 (b) 4 (c) 8 (d) 2

**9.** निम्न में से कौन दिये हुए आकार का ऊपर से दृश्य है?





(a)


(b)


(c)


(d)

**10.** नीचे दिये जाल को मोड़कर एक घन का आकार प्राप्त किया जा सकता है। अक्षर L से अंकित फलक किस अक्षर से अंकित फलक के सम्मुख है?




(a) M (b) N (c) Q (d) O

एक नेट एक ऐसी सपाट आकृति है जिसे तह करने पर एक बंद त्रिविमीय वस्तु प्राप्त की जा सकती है। ऐसी वस्तु ठोस कहलाती है।


नेट




ठोस घन

**11.** निम्न में से किस जाल से शंकुजनित होगा?




(a)


(b)


(c)


(d)

**12.** निम्न में से कौन एक प्रिज़्म नहीं है?


(a)


(b)


(c)


(d)



12/04/18

**13.** हमारे पास 4 सर्वांगसम समबाहु त्रिभुज हैं। एक पिरामिड बनाने के लिए, हमें और किसकी आवश्यकता है?

(a) एक समबाहु त्रिभुज।

(b) एक वर्ग जिसकी भुजा की लंबाई त्रिभुज की भुजा के बराबर हो।

(c) 2 समबाहु त्रिभुज जिनकी भुजाएँ त्रिभुज की भुजाओं के बराबर हों।

(d) 2 वर्ग जिनकी भुजाओं की लंबाइयाँ त्रिभुज की भुजाओं के बराबर हों।

## भागीदारी और संक्षिप्तीकरण

**1.** समझाइए कि किसी ठोस का पृष्ठीय क्षेत्रफल उसके नेट से कैसे प्राप्त करते हैं ।

**2.** यहाँ एक आयताकार ठोस की नेट है। आप कोई माप लीजिए जो आप सोचते हैं कि ठोस के आयतन और पृष्ठीय क्षेत्रफल को ज्ञात करने के लिए आवश्यक है। समझाइए कि आपने क्या मापें लीं तथा आपने उनसे क्या किया ।



किसी त्रिविमीय वस्तु का पृष्ठीय क्षेत्रफल वस्तु के पृष्ठ द्वारा घेरा गया स्थान है। यदि आप वस्तु को लें और उसे इस प्रकार फैला दें कि आप उसकी सभी किनारी एक साथ देख सकें, तो सपाट आकृति का क्षेत्रफल ही पृष्ठीय क्षेत्रफल होगा। (नीचे का पृष्ठ लेना मत भूलिए) पृष्ठीय क्षेत्रफल भी वर्ग इकाई में मापा जाता है।

**14.** एक वर्गाकार बगीचे की भुजा 30m है। इसका चित्र खींचने के लिए स्केल 1cm : 5m का प्रयोग किया गया है। तब, चित्र में इस बगीचे का परिमाप होगा–

(a) 20cm (b) 24cm (c) 28cm (d) 30cm

**15.** निम्न में से किस आकार का एक शीर्ष है?



(a) (b)

(c) (d)

**16.** नीचे दिये मानचित्र में, स्थानों के बीच की दूरी स्केल 1cm : 0.5km का प्रयोग करते हुए दर्शायी गयी है तब, स्कूल और पुस्तक की दुकान की दूरी (km में) है–

(a) 1.25 (b) 2.5
(c) 2 (d) 1.1




## शब्दावली संबंध

इस इकाई में कुछ शब्दावली पदों से परिचित होने के लिए निम्न पर विचार कीजिए:

**1.** शब्द **edge** (किनारा) लैटिन शब्द **ACER**, जिसका अर्थ 'पैना' है, से बना है। किसी त्रिविमीय आकृति के किनारे को परिभाषित करने के लिए लैटिन मूल आपकी कैसे सहायता करता है?

**2.** शब्द **vertex** (शीर्ष) का अर्थ 'चोटी' अथवा 'सबसे ऊँचा बिंदु' हो सकता है। शंकु या पिरामिड का कौन-सा भाग शीर्ष है?

**4.** शब्द **prism** (प्रिज़्म) यूनानी शब्द **PRIEIN**, जिसका अर्थ 'चीरना' है, से आया है। आप प्रिज़्म को चीरने अथवा काटने से कैसे बता सकते हैं?

**17.** निम्न में से कौन एक बहुफलकी के लिए सत्य नहीं हो सकता?

(a) V = 4, F = 4, E = 6 (b) V = 6, F = 8, E = 12
(c) V = 20, F = 12, E = 30 (d) V = 4, F = 6, E = 6

**18.** एक कमरे के मानचित्र में, किसी आर्किटेक्ट ने कमरे की ऊँचाई को 33cm दर्शाया है। यदि कमरे की वास्तविक ऊँचाई 330cm है, तो उसके द्वारा प्रयुक्त स्केल है–

(a) 1:11 (b) 1:10 (c) 1:100 (d) 1:3

नीचे एक नगर का मानचित्र दिया गया है– प्रश्न 19-21 के उत्तर दीजिए।






12/04/18

**19.** नगर में अस्पतालों की संख्या है–

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4



**इसमें दो आयताकार आधार हैं।**
**इसमें चार अन्य आयताकार फलक हैं।**
आकृति एक आयताकार प्रिज़्म है।



**इसमें एक आयताकार आधार है।**
**इसमें चार त्रिभुजाकार फलक हैं।**
आकृति एक आयताकार पिरामिड है।



**इसमें दो त्रिभुजाकार आधार हैं।**
**इसमें तीन आयताकार फलक हैं।**
आकृति एक त्रिभुजाकार प्रिज़्म है।



**इसमें एक षट्भुजाकार आधार है।**
**इसमे छः त्रिभुजाकार फलक हैं।**
आकृति एक षट्भुजाकार पिरामिड है।

**20.** जनरल स्टोरों और मैदानों की संख्याओं का अनुपात है–

(a) 1 : 2 (b) 2 : 1 (c) 2 : 3 (d) 3 : 2

**21.** मानचित्र के अनुसार, नगर में स्कूलों की संख्या है–

(a) 4 (b) 3 (c) 5 (d) 2

**प्रश्न 22 से 41 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**22.** एक त्रिभुजाकार पिरामिड को ______ भी कहा जाता है।

**23.** आयताकार प्रिज़्म ______ भी कहलाता है।

**24.** आकृति




में, B पर मिलने वाले फलकों की संख्या ______ है।

**25.** n भुजाओं वाले बहुभुज पर बने पिरामिड में ______ फलक होते हैं।

**26.** यदि किसी बहुफलकी के 12 फलक और 20 शीर्ष हैं, तो इस ठोस में किनारों की संख्या ______ है।

**27.** दिये हुए जाल  को मोड़कर _______ बनाया जा सकता हैं।

**28.** केवल 1 शीर्ष वाली ठोस आकृति _______ है।

**29.** आठ किनारों वाले पिरामिड में फलकों की कुल संख्या _______ है।

**30.** एक आयताकार प्रिज़्म के जाल में _______ आयत होते हैं।

(संकेत- प्रत्येक वर्ग एक आयत है, परंतु प्रत्येक आयत एक वर्ग नहीं है)।

त्रिविमीय आकृतियों में तीन विमाएँ-लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई होती हैं। त्रिविमीय आकृति में सपाट पृष्ठ **फलक** होता है। **किनारा** वह है जहाँ दो फलक मिलते हैं।
एक **बहुफलकी** ऐसी त्रिविमीय आकृति है जिसके सभी फलक बहुभुज हैं। बहुफलकी का एक शीर्ष वह बिंदु है जहाँ तीन या अधिक किनारे मिलते हैं। बहुफलकी को नाम देने के लिए जिस फलक का उपयोग होता है, उसे आधार कहते हैं।

**31.** एक त्रिविमीय आकार में, विकर्ण वह रेखाखंड है जो ऐसे दो शीर्षों को मिलाने से बनता है, जो एक ही _______ पर स्थित नहीं है।

**32.** यदि एक मानचित्र पर 4km को 1cm से निरूपित किया जाता है, तो 16km को _______ cm से निरूपित किया जाएगा।

**33.** यदि दो A और B स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी 110km को एक मानचित्र पर 25mm से निरूपित किया जाता है, तो प्रयुक्त स्केल _______ है।

**34.** एक पंच भुजाकार प्रिज़्म में _______ फलक होते हैं।

**35.** यदि एक पिरामिड का आधार एक षड्भुज है, तो इसके शीर्षों की संख्या _______ है।

**36.**  है _______ दृश्य  का।

**37.**  में घनों की संख्या _______ है।

**38.** यदि एक बहुफलकी में शीर्षों और फलकों की संख्याओं का योग 14 है, तो इस आकार में किनारों की संख्या ——— है।

**39.** सम बहुफलकियों की कुल संख्या ——— है।

एक प्रिज़्म में दो आधार होते हैं और एक पिरामिड में एक आधार होता है।

<table>
<tr><th>प्रिज़्म</th><th>पिरामिड</th></tr>
<tr><td>प्रिज़्म एक ऐसा बहुफलकी है जिसमें दो समांतर, सर्वांगसम आधार होते हैं। आधार के कई बहुभुज हो सकते हैं। अन्य फलक समांतर चतुर्भुज होते हैं।<br>
</td><td>पिरामिड एक ऐसा बहुफलकी है जिसमें एक आधार होता है। आधार कोई बहुभुज हो सकता है। अन्य फलक त्रिभुज होते हैं।<br>
</td></tr>
</table>

**40.** एक सम बहुफलकी ऐसा ठोस है, जो _______ फलकों से बनता है।

**41.** निम्न ठोस में से प्रत्येक में, 'सामने से', 'पार्श्व' और 'ऊपर से' दृश्यों को पहचानिए तथा उन्हें दिये हुए स्थानों पर लिखिए–

(a)



(i)  ______________

(ii)  ______________

(iii)  ______________



12/04/18

(b)



(i)  ______________

(ii)  ______________

(iii)  ______________



**सभी फलक बहुभुज हैं अतः आकृति बहुफलकी है।**
**इसमें एक त्रिभुजाकार आधार है।**
आकृति एक त्रिभुजाकार पिरामिड है।



**सभी फलक बहुभुज नही हैं। अतः आकृति बहुफलकी नहीं है।**
**इसमें दो वृत्ताकार आधार हैं।**
आकृति एक बेलन है।



**सभी फलक बहुभुज नहीं हैं। अतः आकृति बहुफलकी नहीं है।**
**इसमें एक वृत्ताकार आधार है।**
आकृति एक शंकु है।

(c)




(i)  ______________

(ii)  ______________

(iii)  ______________

(d)



(i)  ____________

(ii)  ____________

(iii)  ____________

**प्रश्न 42 से 61 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य–**

**42.** घनाभ का अन्य नाम चतुष्फलक है।

**43.** एक बहुफलकी में तीन फलक हो सकते हैं।

**44.** न्यूनतम फलकों वाला एक बहुफलकी एक त्रिभुजाकार पिरामिड कहलाता है।

**45.** सम अष्टफलक में, आठ सर्वांगसम फलक होते हैं, जो समद्विबाहु त्रिभुज होते हैं।

### सोचिए और चर्चा कीजिए

**1.** समझाइए कि प्रिज़्म या पिरामिड कैसे पहचानते हैं।

**2.** बेलनों और प्रिज़्मों की तुलना कीजिए और उनमें भेद कीजिए। वे किस प्रकार एक जैसे हैं? वे कैसे अलग हैं?

**3.** पिरामिडों और शंकुओं की तुलना कीजिए और उनमें भेद कीजिए। वे कैसे एक जैसे हैं? वे कैसे अलग हैं?

**46.** पंचभुजाकार प्रिज़्म में, पाँच पंचभुज होते हैं।

**47.** प्रत्येक बेलन में, 2 सम्मुख फलक सर्वांगसम वृत्त होते हैं। अतः, यह एक प्रिज़्म भी है।

**48.** ऑयलर का सूत्र सभी त्रिविमीय आकारों के लिए सत्य है।

**49.** एक बहुफलकी में 10 फलक, 20 किनारे और 15 शीर्ष हो सकते हैं।

**50.** ऊपर से आकृति का दृश्य है–






# इकाई -6

**51.** एक समांतर चतुर्भुज में किनारों की संख्या 4 है।

**52.** प्रत्येक ठोस आकार का एक अद्वितीय जाल होता है।

**53.** पिरामिड में कोई विकर्ण नहीं होता।

**54.** दायीं तरफ दिया गया आकार एक बेलन है–



**55.** एक घनाभ के न्यूनतम 4 विकर्ण होते हैं।

**56.** सभी घन प्रिज़्म हैं।

बेलन और शंकु बहुफलकी नहीं होते हैं, क्योंकि वे सभी बहुभुजीय फलकों से नहीं बने होते हैं।

| बेलन | शंकु |
|---|---|
| एक बेलन में दो समांतर सर्वांगसम आधार जो वृत्त हैं, होते हैं। | एक शंकु में एक आधार होता है जो एक वृत्त है तथा एक पृष्ठ होता है, जो एक बिंदु पर पहुँचता है जिसे शीर्ष कहते हैं। |







**57.** एक बेलन एक त्रिविमीय आकार है, जिसमें विभिन्न त्रिज्याओं के दो वृत्ताकार फलक होते हैं।

**58.** दायीं तरफ दी हुई आकृति के आधार पर एक बेलन के जाल में आयत की लंबाई उसके जाल में वृत्तों की परिधि के बराबर है।




**59.** यदि एक मानचित्र पर 100 m की दूरी 1cm से निरूपित की जाती है, तो 2cm के संगत दूरी 200 m है।

**60.** यदि नीचे दर्शाए गए एक जहाज के मॉडल की ऊँचाई 3.5 cm है, तो जहाज की वास्तविक ऊँचाई 210 cm होगी, जबकि स्केल 1 : 60 चुना जाता है।




**61.** किसी स्टोर के कमरे की वास्तविक चौड़ाई 280 cm है। यदि इसकी ड्राइंग बनाने के लिए, 1 : 7 स्केल लिया जाता है, तो ड्राइंग में कमरे की चौड़ाई 40 cm होगी।



12/04/18

**62.** नीचे दी गई सारणी को पूरा कीजिए–

| क्रम No | ठोस | ठोस का आकार | फलकों की संख्या F | शीर्षों की संख्या V | किनारों की संख्या E | F + V | E + 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| a. | घनाभ |  | | | | | |
| b. | त्रिभुजाकार पिरामिड |  | | | | | |
| c. | वर्गाकार पिरामिड |  | | | | | |
| d. | आयताकार पिरामिड |  | | | | | |
| e. | पंचभुजाकार पिरामिड |  | | | | | |
| f. | षड्भुजाकार पिरामिड |  | | | | | |
| g. | त्रिभुजाकार प्रिज़्म |  | | | | | |
| h. | वर्गाकार प्रिज़्म |  | | | | | |
| i. | घन |  | | | | | |
| j. | पंचभुजाकार प्रिज़्म |  | | | | | |
| k. | अष्ठभुजाकार प्रिज़्म |  | | | | | |
| l. | सप्तभुजाकार प्रिज़्म |  | | | | | |

**63.** निम्न ठोसों में से प्रत्येक में कितने फलक हैं?

(a) चतुष्फलक

(b) षट्फलक

(c) अष्ठभुजाकार पिरामिड

(d) अष्टफलक

**64.** एक सम षड्भुज आधार का एक प्रिज़्म खींचिए, जिसका एक फलक आपके सामने हो। अब, इस ठोस का ऊपर से दृश्य, सामने से दृश्य और पार्श्व दृश्य खींचिए।

**65.** निम्न ठोसों में से प्रत्येक में कितने शीर्ष हैं?

(a) शंकु (b) बेलन

(c) गोला (d) अष्ठभुजाकार पिरामिड

(e) चतुष्फलक (f) षड्भुजाकार प्रिज़्म

**66.** निम्न ठोसों में से प्रत्येक में कितने किनारे हैं?

(a) शंकु (b) बेलन

(c) गोला (d) अष्ठभुजाकार पिरामिड

(e) षड्भुजाकार प्रिज़्म (f) केलिडस्कोप

**67.** निम्न आकारों को देखिए और बताइए कि इनमें कौन-कौन बहुफलकी हैं।


(a)


(b)


(c)


(d)


(e)


(f )


(g)


(h)


(i)


( j)


(k)


(l)


(m)



12/04/18

**68.** नीचे दिये आकारों में घनों की संख्याओं को गिनिए–


(a)


(b)


(c)


(d)


(e)


(f)


(g)


(h)


(i)


(j)


(k)


(l)

**69.** नीचे दिए गए आकारों के सामने से, पार्श्व और ऊपर से दृश्यों को खींचिए–


(a)


(b)


(c)


(d)


(e)


(f)


(g)


(h)


(i)


(j)

### प्रयास कीजिए

**1.** एक नेट का उपयोग 3 cm × 6 cm × 9 cm का एक आयताकार प्रिज़्म बनाने के लिए कीजिए।

**2.** ऊँचाई 3 cm तथा त्रिज्या 1.5 cm का एक बेलन बनाने के लिए एक नेट का उपयोग कीजिए। (संकेत: नेट में आयत की लंबाई वृत्त की परिधि से सुमेलित होनी चाहिए, इसलिए लंबाई $2\pi r = 2\pi \times 1.5 \approx$ 9.42 cm होनी चाहिए।)

### प्रिज़्मों और बेलनों को बनाने में नेटों का उपयोग

एक नेट द्विविमीय ऐसा पैटर्न है जिसको तह करके त्रिविमीय आकृति बनायी जा सके। आप 1cm वाले ग्राफ पेपर का उपयोग नेट बनाने में कर सकते हैं।

**क्रियाकलाप**

**1.** आयताकार प्रिज़्म बनाने में नेट का उपयोग



**a.** दाएँ ओर दी गयी नेट को एक ग्राफ पेपर पर खींचिए। प्रत्येक आयत 10 वर्ग×4 वर्ग का है। दो वर्ग प्रत्येक ओर 4 छोटे वर्ग के बराबर हैं।

**b.** नेट को काटकर निकाल लीजिए। प्रत्येक आयत के अनु तह कर एक आयताकार प्रिज़्म बना लीजिए। किनारों को टेप से चिपकाकर उसे स्थिर कीजिए।

**2.** बेलन बनाने में नेट का उपयोग



**a.** दाएँ ओर की नेट को एक ग्राफ पेपर पर खींचिए। आयत 25 वर्ग ×8 वर्ग का है। वृत्तों को बनाने के लिए परकार का उपयोग कीजिए। प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या 4 वर्गों के बराबर है।

**b.** नेट को काटकर निकाल लीजिए। नेट को, जैसा दिखाया गया है, तह करके एक बेलन बना लीजिए। किनारों को टेप से चिपकाकर उसे स्थिर कीजिए।

**70.** ऑयलर के सूत्र का प्रयोग करते हुए, नीचे दी गई सारणी में अज्ञात $x, y, z, p, q, r,$ को ज्ञात कीजिए–

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **फलक** | 7 | $y$ | 9 | $p$ | 6 | 8 |
| **शीर्ष** | 10 | 12 | $z$ | 6 | $q$ | 11 |
| **किनारे** | $x$ | 18 | 16 | 12 | 12 | $r$ |

## सोचिए और चर्चा कीजिए

1. आयताकार प्रिज़्म, जो आपने बनाया है, की विमाएँ क्या हैं?
2. बेलन, जो आपने बनाया है, की ऊँचाई क्या है? बेलन की त्रिज्या क्या है?

**71.** क्या किसी बहुफलकी में V = F = 9 और E = 16 हो सकता है? यदि हाँ, तो इसकी आकृति खींचिए।

**72.** जाँच कीजिए कि क्या एक बहुफलकी में V = 12, E = 6 और F = 8 हो सकता है।

**73.** एक बहुफलकी में 60 किनारे और 40 शीर्ष हैं। उसके फलकों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**74.** नीचे दिये गए आकारों में फलकों की संख्या ज्ञात कीजिए–


(a)


(b)


(c)

**75.** एक बहुफलकी में 20 फलक और 12 शीर्ष हैं। इसके किनारों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**76.** एक बहुफलकी में 40 फलक और 60 किनारे हैं। इस ठोस के शीर्षों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**77.** एक सम हेक्साहेड्रन का एक जाल खींचिए, जिसकी भुजाएँ 3cm हों। (संकेत– सम षट्फलक एक घन होता है।)

**78.** 6 cm की भुजा लेकर एक सम चतुष्फलक का जाल खींचिए।

**79.** निम्न घनाभ का जाल खींचिए–




**80.** निम्न का सुमेलन कीजिए–

| **आकृति** | **नाम** |
|---|---|
| (a)  | (a) षट्फलक |



12/04/18

(b) 

(c) 

(d) 

(b) षड्भुजाकार प्रिज़्म

(c) वर्गाकार पिरामिड

(d) शंकु

(e) षड्भुजाकार पिरामिड

**81.** दिये गये ठोस में लागू गुण के आधार पर निम्न सारणी में सही चिह्न (✓) लगाकर पूरा कीजिए–

**ठोस**

| गुण | शंकु | बेलन | प्रिज़्म | पिरामिड |
|---|---|---|---|---|
| 1. आकृति एक बहुफलकी है। | | | | |
| 2. आकृति के विकर्ण हैं। | | | | |
| 3. आकार में एक वक्रीय किनारा है। | | | | |
| 4. आकृति का आधार एक बहुभुज है। | | | | |
| 5. दोनों आधार सर्वांगसम हैं। | | | | |
| 6. आकृति का आधार एक बहुभुज है और अन्य फलक एक बिंदु पर मिलते हैं। | | | | |
| 7. आकृति के आधार का एक वक्रीय किनारा है तथा अन्य फलक एक बिंदु पर मिलते हैं। | | | | |

**82.** निम्न आकार का एक जाल खींचिए–





12/04/18

**83.** निम्न आकार का एक जाल खींचिए–



(संकेत– पंचभुज सर्वांगसम नहीं हैं।)

**84.** निम्न ठोस के आधार वाली परत में घनों की संख्या ज्ञात कीजिए–



**85.** उपरोक्त आकृति में, यदि ऊपर से केवल छायांकित घन ही दिखायी देते हैं, तो आधार की परत खींचिए।

**86.** n भुजाओं वाले बहुभुज के आधार के पिरामिड में कितने फलक, किनारे और शीर्ष हैं?

**87.** एक आकृति खींचिए जो आपकी गणित पुस्तक को निरूपित करती है। इस आकृति का क्या नाम है? क्या यह एक प्रिज़्म है?

**88.** नीचे दी गई आकृतियों में विभिन्न संबद्ध आकारों को पहचानिए–




(a)



(b)

**89.** यदि किसी घन की केवल ऊँचाई ही बढ़ाई या घटाई जाती है, तो कौन-सी आकृति बनती है?

**90.** नीचे दिए हुए जालों को पहचानिए और इनसे बनने वाले ठोस के नाम दिये हुए स्थान पर लिखिए–

| जाल | ठोस का नाम |
|---|---|
| (a)  | |
| (b)  | |
| (c)  | |
| (d)  | |
| (e)  | |
| (f)  | |

**91.** अपने स्कूल के खेल के मैदान का एक मानचित्र खींचिए। सभी महत्वपूर्ण स्थानों जैसे लाइब्रेरी, खेल का मैदान, मेडिकल कक्ष, कक्षायें, प्रार्थना सभा स्थल इत्यादि को अंकित कीजिए।

**92.** आगे आने प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्न मानचित्र को देखिए–




(a) राजकीय मॉडल स्कूल 1 का निर्मित क्षेत्रफल क्या है?

(b) चित्र में दर्शाए स्कूलों के नाम लिखिए।

(c) कौन-सा पार्क डिस्पेंसरी के निकटतम है?

(d) मुख्य बाजार किस ब्लॉक में है?

(e) मानचित्र में कितने पार्क निरूपित हैं?

**93.** आगे दिए गए मानचित्र को देखिए तथा निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) कौन-से दो अस्पताल एक दूसरे के सामने हैं?

(b) एक व्यक्ति, जो नीति बाग में रहता है, अपनी पुत्री को एशियाड टॉवर पर छोड़ कर चिराग दिल्ली पहुँचता है। सड़कों पर जाते समय उसे कौन-कौन से मुख्य स्थान मिलेंगे?

(c) किस सड़क का नाम किसी महीने के नाम जैसा है?




**94.** नीचे दिये मानचित्र को देखिए–

☐ घर



अब निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) उन सड़कों के नाम लिखिए जो गोल चक्कर पर मिलती हैं।

(b) स्टेडियम का क्या पता है?

(c) पुलिस स्टेशन किस रोड पर स्थित है?

(d) यदि रीतिका बैंक के पास रहती है, आपको उसे एक कार्ड भेजना है, तो उस पर क्या पता लिखेंगे?

(e) किस सेक्टर में घरों की संख्या अधिकतम है?

(f) किस सेक्टर में फायर स्टेशन स्थित है?

(g) मानचित्र में कितने सेक्टर दर्शाए गये हैं?

**95.** एक फोटोग्राफर नीचे दर्शाए गए ग्राफ के अनुसार एक फोटो को बड़े साइज में बनाने के लिए एक कंप्यूटर प्रोग्राम का प्रयोग करता है। उसकी चौड़ाई को किस स्केल द्वारा बढ़ाया गया है?




**96.** एक वर्गाकार बोर्ड की भुजा 50cm है। एक विद्यार्थी को इस बोर्ड का अपनी अभ्यास-पुस्तिका पर एक प्रतिबिंब बनाना है। यदि अभ्यास-पुस्तिका पर इस वर्गाकार बोर्ड की ड्राइंग का परिमाप 40cm है, तो यह आकृति किस स्केल पर खींची गयी है?

**97.** एक लड़की के स्कूल और घर की दूरी एक चित्र में, 1cm : 5cm स्केल का प्रयोग करते हुए 5cm दी हुई है। दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी ज्ञात कीजिए।



12/04/18

**98.** नीचे दिये मानचित्र में बिंदुकित रेखाओं द्वारा मिलाये गये स्थानों के बीच की दूरी (सेमी में) पटरी से मापिए। यदि यह मानचित्र स्केल 1सेमी : 10cm पर खींचा गया है, तो निम्न के बीच की वास्तविक दूरियाँ ज्ञात कीजिए–

(1) स्कूल और लाइब्रेरी

(2) कॉलेज और कॉम्पलेक्स

(3) घर और स्कूल




**99.** एक पेंटिग की वास्तविक लंबाई 2m है। इसकी चित्र में क्या लंबाई है, यदि 1mm : 20cm स्केल का प्रयोग किया गया है?



**100.** स्केल ज्ञात कीजिए–

(a) वास्तविक माप 12m
    ड्राइंग में माप 3cm

(b) वास्तविक माप 45m
    ड्राइंग में माप 5cm

**101.** किसी शहर में, एक आइसक्रीम पार्लर ने आइसक्रीम की 360 cm ऊँची एक मूर्ति प्रदर्शित की हुई है। पार्लर वाला यह दावा करता है कि ये आइसक्रीम और मूर्ति 1: 30 के स्केल में हैं। परोसी जाने वाली आइसक्रीमों की ऊँचाई कितनी है?



12/04/18

## (D) अनुप्रयोग

**क्रियाकलाप 1:** प्रारंभ से समाप्त तक जाने का सबसे उपयुक्त रास्ता ज्ञात कीजिए–

(चले गये रास्ते या पथ को दर्शाने के लिए अपने पसंद के रंग के पेन का प्रयोग कीजिए।

प्रारंभ



अंत

प्रारंभ



अंत

**क्रियाकलाप 2:** रोहित 7 वर्ष का एक बच्चा है। उसके चाचा राज ने रोहित से घर से खेल कॉम्पलेक्स तक जाने का एक मानचित्र खींचने को कहा। उसने निम्न मानचित्र खींचा–




अपने को रोहित का माता / पिता समझते हुए, क्या आप चाचा राज की एक इससे अच्छा मानचित्र खींचने में सहायता कर सकते हैं?

**क्रियाकलाप 3:** नीचे दिये गये शहर के मानचित्र को देखिए–

(a) इस मानचित्र को दिये गये कलर कोड का प्रयोग करते हुए रंग भरिए–

नीला–पानी, लाल–फायर स्टेशन, सफेद अस्पताल, हरा–पार्क, नदी के किनारे–क्रीम, पहाड़–भूरे।

(b) घर से तालाब तक पहुँचने का सबसे छोटा रास्ता तीरों द्वारा दर्शाइए।

(c) छात्र मार्ग और हाउस लेन के प्रतिच्छेदन पर X अंकित कीजिए।






12/04/18

**क्रियाकलाप 4:** रंगीन शीटों पर नीचे दिये गए जाल इस प्रकार खींचिए कि त्रिभुज की भुजा 3 सेमी हो तथा उसके सम्मुख वह आकार बनाने का प्रयास कीजिए। इनमें किनारों, फलकों और शीर्षों की संख्याएँ गिनिए तथा ऑयलर के सूत्र का सत्यापन कीजिए।

(a)



4 समबाहु त्रिभुज

(b)



8 समबाहु त्रिभुज

(c)



20 समबाहु त्रिभुज

(d)



2 वर्ग तथा 8 त्रिभुज

(e)





2 पंचभुज तथा 10 त्रिभुज

(f)





6 वर्ग तथा 8 त्रिभुज

(g)





12 पंचभुज

**क्रियाकलाप 5:** अनुमान लगाइए, मैं कौन हूँ, क्योंकि मेरा नाम नीचे बॉक्स में दिया है। हाँ! मेरे नाम की स्पेलिंग उथल-पुथल हो गयी है।

दिये हुए संकेत से इसे पहचानने का प्रयास कीजिए और रिक्त स्थान में लिखिए।

(1) मैं न्यूनतम फलकों वाला बहुफलकी हूँ। _________

(2) मैं एक प्रिज़्म हूँ जिसका प्रत्येक फलक एक वर्ग है। _________

(3) कंचे की तरह दिखता हूँ, परंतु कोई शीर्ष नहीं _________

(4) मैं एक ठोस हूँ जिसका आधार बहुभुजीय है और अन्य फलक त्रिभुज हैं। _________




**क्रियाकलाप 6:** अपने मोहल्ले का एक मानचित्र खींचिए, जिसमें आपके सेक्टर / ब्लॉक का पूर्ण विवरण हो। साथ ही, कुछ मुख्य पहचान के स्थान भी बताइए जिनसे आपके मित्र को आपके सेक्टर / ब्लॉक में आपका घर ढूँढ़ने में सहायता मिले।

**क्रियाकलाप 7:**

**क्रॉसवर्ड पहेली**

दिये हुए संकेतों के आधार पर निम्न के उत्तर दीजिए और क्रॉसवर्ड को अंग्रेजी के अक्षरों द्वारा भरिए–

**एक्रॉस**

1. Polyhedron whose lateral faces are parallelograms.
1. बहुफलकी जिसके पार्श्वफलक समांतर चतुर्भुज हैं।
2. Prism having fifteen edges
2. पंद्रह किनारों वाला प्रिज़्म।
5. Another name for a square prism
5. ऐसे प्रिज़्म का अन्य नाम जिसके सभी फलक सर्वांगसम वर्ग हैं।
7. Polyhedron made up of four triangles
7. चार त्रिभुजों से बना बहुफलकी।
8. Polyhedron made up of convex polygons
8. उत्तल बहुभुजों से बना बहुफलकी।

**डाउन**

2. Polyhedron whose lateral faces are triangles.
2. बहुफलकी जिसके पार्श्वफलक त्रिभुज हैं।
3. In a solid shape, the line segment joining two vertices not lying on the same face.
3. एक ठोस आकार में, उन शीर्षों को मिलाने वाला रेखाखंड जो एक ही फलक पर नहीं स्थित हों।
4. A 3-D shape having no vertex.
4. एक 3D आकार जिसका कोई शीर्ष नहीं है।
6. A solid figure having only one vertex.
6. केवल एक शीर्ष वाली ठोस आकृति।
7. Number of pentagons in a pentagonal prism.
7. एक पंचभुजाकार प्रिज्म में पंचभुजों की संख्या।
9. Point where edges of a solid shape meet.
9. वह बिंदु जहाँ ठोस आकार के किनारे मिलते हैं।



इकाई 7

# बीजीय व्यंजक, सर्वसमिकाएँ और गुणनखंडन

## (A) मुख्य अवधारणाएँ और परिणाम

(i) **बीजीय व्यंजक**

- चरों और अचरों के गुणनफल से **पद** बनते हैं, जैसे $-3xy$, $2xyz$, $5x^2$, इत्यादि।
- व्यंजकों को बनाने के लिए पदों को जोड़ा जाता है, जैसे $-2xy + 5x^2$।
- वे व्यंजक जिनमें ठीक एक, दो और तीन पद हों क्रमश: **एकपदी**, **द्विपदी** और **त्रिपद** कहलाते हैं।
- व्यापक रूप में, एक या अधिक पदों वाला कोई भी व्यंजक जिसमें चर के घातांक केवल ऋणेतर पूर्णांक हों, एक **बहुपद** कहलाता है।
- **समान पद** समान-चरों से बनते हैं तथा इन चरों की घातें भी समान होती हैं। परंतु समान पदों के गुणांक समान होना आवश्यक नहीं है।
- अनेक स्थितियों में, हमें बीजीय व्यंजकों को गुणा करने की आवश्यकता पड़ती है, जैसे कि आयत, त्रिभुज आदि के क्षेत्रफल ज्ञात करने में।
- दो बीजीय व्यंजकों का गुणनफल पुन: एक बीजीय व्यंजक होता है।
- एक एकपदी को अन्य एकपदी से गुणा करने पर सदैव एक एकपदी प्राप्त होता है।
- एक बहुपद को एक एकपदी से गुणा करने के लिए, हम बहुपद के प्रत्येक पद को उस एकपदी से गुणा करते हैं और वितरण गुण $a(b + c) = ab + ac$ का प्रयोग करते हैं।
- एक बहुपद को एक द्विपद (या त्रिपद) से गुणा करने के लिए, हम उन्हें पदों के अनुसार गुणा करते हैं, अर्थात् बहुपद के प्रत्येक पद को द्विपद (या त्रिपद) के प्रत्येक पद से गुणा किया जाता है और फिर वितरण गुण का प्रयोग किया जाता है।

- एक **सर्वसमिका** वह समिका है जो अपने सभी चरों के मानों के लिए सत्य होती है।
- एक समीकरण अपने चरों के केवल कुछ मानों के लिए ही सत्य होती है।
- कुछ मानक सर्वसमिकाएँ –

  (i) $(a + b)^2 = a^2 + 2ab + b^2$

  (ii) $(a - b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$

  (iii) $(a + b)(a - b) = a^2 - b^2$

  (iv) $(x + a)(x + b) = x^2 + (a + b)x + ab$

(ii) **गुणनखंडन**

- किसी व्यंजक को दो या अधिक व्यंजकों के गुणनफल के रूप में निरूपित करने को **गुणनखंडन** या **गुणनखंड** करना कहते हैं। इनमें से प्रत्येक व्यंजक दिये हुए व्यंजक का एक गुणनखंड कहलाता है।
- जब हम किसी व्यंजक के गुणनखंड करते हैं, तो हम इसे व्यंजक को इसके गुणनखंडों के गुणनफल के रूप में लिखते हैं। ये गुणनखंड संख्याएँ, बीजीय (या अक्षर) चर या बीजीय व्यंजक हो सकते हैं।
- एक **अखंडनीय गुणनखंड** ऐसा गुणनखंड होता है, जिसके और आगे गुणनखंड न किया जा सके। ऐसे गुणनखंडन को अखंडनीय गुणनखंडन का पूर्ण गुणनखंडन कहते हैं।
- एक गुणनखंड जो सभी पदों में उपस्थित हो, एक सार्व या **उभयनिष्ठ गुणनखंड** कहलाता है।

सूत्र एक समीकरण होता है, जो दो या अधिक चरों के बीच किसी संबंध को प्रदर्शित करता है। उदाहरणार्थ, किसी आयत के क्षेत्रफल में वर्ग इकाइयों की संख्या (A) लंबाई में इकाइयों की संख्या ($l$) तथा चौड़ाई में इकाइयों की संख्या (w) के गुणनफल के बराबर होती है।

अत:, आयत के क्षेत्रफल के लिए सूत्र $A = lw$ है।

$A = lw$

$A = 9 \times 5$

$A = 45$




अत:, क्षेत्रफल 45 वर्ग इकाई या 45 इकाई$^2$ है।

कभी-कभी, आप दी हुई सूचना का प्रयोग करते हुए किसी सूत्र में चर का मान निकाल सकते हैं।

दी गयी आकृति में, लंबाई 9 इकाई तथा चौड़ाई 5 इकाई है।



12/04/18

- वितरण नियम (गुण) का प्रयोग करते हुए, किया गया गुणनखंडन की **सार्व गुणनखंड विधि** कहलाती है।
- कभी-कभी गुणनखंड किये जाने वाले व्यंजक या तो $a^2 + 2ab + b^2$, $a^2 – 2ab + b^2$, $a^2– b^2$ या $x^2 + (a + b)\, x + ab$ के रूप के होते हैं या उन्हें इस रूप में रखा जा सकता है। ऐसे व्यंजकों को सरलता से निम्न सर्वसमिकाओं का प्रयोग करते हुए गुणनखंडित किया जा सकता है –

  $a^2 + 2ab + b^2 = (a + b)^2$

  $a^2 – 2ab + b^2 = (a – b)^2$

  $a^2 – b^2 = (a + b)\, (a – b)$

  $x^2 + (a + b)\, x + ab = (x + a)\, (x + b)$
- एक बहुपद को एक एकपदी से भाग देते समय, हम बहुपद के प्रत्येक पद को उस एकपदी से भाग देते जाते हैं।
- एक बहुपद को एक अन्य बहुपद से भाग देने के लिए, हम प्रत्येक बहुपद के गुणनखंड करते हैं तथा उनमें सार्व या उभयनिष्ठ गुणनखंडों को काट देते हैं।

## (B) हल उदाहरण

**उदाहरण 1 से 4, में चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**उदाहरण 1:** निम्न में कौन-सा $24a^2bc$ का समान पद है?

(a) $13 \times 8a \times 2b \times c \times a$ (b) $8 \times 3 \times a \times b \times c$

(c) $3 \times 8 \times a \times b \times c \times c$ (d) $3 \times 8 \times a \times b \times b \times c$

**हल** सही उत्तर (a) है।

**उदाहरण 2:** निम्न में से कौन-सा एक सर्वसमिका है?

(a) $(p + q)^2 = p^2 + q^2$ (b) $p^2 – q^2 = (p – q)^2$

(c) $p^2 – q^2 = p^2 + 2pq – q^2$ (d) $(p + q)^2 = p^2 + 2pq + q^2$

**हल** सही उत्तर (d) है।

**उदाहरण 3 :** $3a^3 + 6a$ का अखंडनीय गुणनखंडन है?

(a) $3a\,(a^2 + 2)$ (b) $3\,(a^3 + 2)$

(c) $a\,(3a^2 + 6)$ (d) $3 \times a \times a \times a + 2 \times 3 \times a$

**हल** सही उत्तर (*a*) है।

**उदाहरण 4 :** $a(b + c) = ab + ac$ दर्शाता है–

(a) क्रमविनिमेय गुण (b) वितरण गुण

(c) सहचारी गुण (d) संवृत गुण

**हल** सही उत्तर ($b$) है।

**उदाहरण 5 और 6 में, रिक्त स्थानों को भरिए ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**उदाहरण 5 :** किसी व्यंजक का उसके गुणनखंडों के गुणनफल के रूप में निरूपण ________ कहलाता है।

**हल** गुणनखंडन

**उदाहरण 6 :** $(x + a)(x + b) = x^2 + (a + b)x +$ ________ है।

**हल** $ab$

**उदाहरण 7 से 9 में, बताइए कि कथन सत्य है या असत्य –**

**उदाहरण 7 :** एक सर्वसमिका अपने सभी चरों के सभी मानों के लिए सत्य होती है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 8 :** $x^2y$ और $-xy^2$ में सार्व गुणनखंड $xy$ है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 9 :** $(3x + 3x^2) \div 3x = 3x^2$ है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 10 :** सरल कीजिए – (i) $-pqr(p^2 + q^2 + r^2)$

(ii) $(px + qy)(ax - by)$

**हल** (i) $-pqr(p^2 + q^2 + r^2)$

$= -(pqr) \times p^2 - (pqr) \times q^2 - (pqr) \times r^2$

$= -p^3qr - pq^3r - pqr^3$

(ii) $(px + qy)(ax - by)$

$= px(ax - by) + qy(ax - by)$

$= apx^2 - pbxy + aqxy - qby^2$

## यथार्थ जीवन गणित

**शक्तिशाली स्थानों में बीजगणित:** आप सोच सकते हैं कि बीजगणित एक ऐसा विषय है, जो केवल पुस्तकों में पाया जाता है। परंतु आप बीजगणित को अपने परिवेश में अन्य स्थानों पर भी देख सकते हैं।

क्या आप जानते हैं कि चींटी के रेंगने की चाल और वायु के तापमान के बीच में कोई संबंध होता है? यदि आप कुछ चींटियों को बाहर रेंगते हुए देखते हैं तथा उनके रेंगने का समय ज्ञात कर लेते हैं, तो आप वास्तविक रूप से उस समय के तापमान का आकलन कर सकते हैं। यहाँ एक बीजीय समीकरण दी जा रही है, जो इस संबंध को दर्शाती है:

सेल्सियस में तापमान → $t$

$$t = 15s + 3$$

$s$ ← चींटी की सेंटीमीटर प्रति सेकेंड में चाल

इसी प्रकार कुछ अन्य स्थान भी हैं जब आपको बीजगणित देखने को मिल सकता है।

**जरा सोचिए:**
एक विशेष तरह की चींटी की चाल के बारे में आप क्या सोचते हैं?

**उदाहरण 11 :** उपयुक्त सर्वसमिका का प्रयोग करते हुए, निम्न का प्रसारण कीजिए –

(i) $(3x + 7y)(3x - 7y)$ (ii) $\left(\frac{4x}{5}+\frac{y}{4}\right)\left(\frac{4x}{5}+\frac{3y}{4}\right)$

**हल** (i) $(3x + 7y)(3x - 7y)$

क्योंकि, $(a + b)(a - b) = a^2 - b^2$ है,

अतः, $(3x + 7y)(3x - 7y) = (3x)^2 - (7y)^2$

$= 9x^2 - 49y^2$

(ii) $\left(\frac{4x}{5}+\frac{y}{4}\right)\left(\frac{4x}{5}+\frac{3y}{4}\right)$

क्योंकि, $(x + a)(x + b) = x^2 + (a + b)x + ab$ है,

अतः, $\left(\frac{4x}{5}+\frac{y}{4}\right)\left(\frac{4x}{5}+\frac{3y}{4}\right)$

$=\left(\frac{4x}{5}\right)^2+\left(\frac{y}{4}+\frac{3y}{4}\right)\times\frac{4x}{5}+\frac{y}{4}\times\frac{3y}{4}$

$=\frac{16x^2}{25}+\frac{4y}{4}\times\frac{4x}{5}+\frac{3y^2}{16}$

$=\frac{16x^2}{25}+\frac{4xy}{5}+\frac{3y^2}{16}$



12/04/18

**उदाहरण 12 :** निम्न के गुणनखंड कीजिए –

(i) $21x^2y^3 + 27x^3y^2$ (ii) $a^3 - 4a^2 + 12 - 3a$

(iii) $4x^2 - 20x + 25$ (iv) $\frac{y^2}{9} - 9$

(v) $x^4 - 256$

**हल** (i) $21x^2y^3 + 27x^3y^2$

$= 3 \times 7 \times x \times x \times y \times y \times y + 3 \times 3 \times 3 \times x \times x \times x \times y \times y$

$= 3 \times x \times x \times y \times y\ (7y + 9x)$ [$(ab + ac = a(b + c)$ के प्रयोग से)]

$= 3x^2y^2\ (7y + 9x)$

(ii) $a^3 - 4a^2 + 12 - 3a$

$= a^2\ (a - 4) - 3a + 12$

$= a^2\ (a - 4) - 3\ (a - 4)$

$= (a - 4)\ (a^2 - 3)$

(iii) $4x^2 - 20x + 25$

$= (2x)^2 - 2 \times 2x \times 5 + (5)^2$

$= (2x - 5)^2$ (क्योंकि, $a^2 - 2ab + b^2 = (a - b)^2$ )

$= (2x - 5)\ (2x - 5)$

(iv) $\frac{y^2}{9} - 9$

$= \left(\frac{y}{3}\right)^2 - (3)^2$

यदि आप दो संख्याओं से अपरिचित हों, तो यह कोई समस्या नहीं है। आप दो भिन्न-2 चरों का प्रयोग कर सकते हैं अर्थात् प्रत्येक अज्ञात संख्या के लिए एक।

| शब्दों में | संख्याएँ |
|---|---|
| $a$ और $b$ का योग | $a + b$ |
| $v$ तथा $w$ का गुणनफल | $v \times w$, or $vw$ |
| $q$ में से $p$ को घटाने पर | $q - p$ |

आप एक (या एक से अधिक) अज्ञात राशियों वाली स्थितियों को निरूपित करने के लिए दो (या अधिक) चरों वाले व्यंजकों का प्रयोग कर सकते हैं।

चरों से संबद्ध एक समीकरण चरों के सभी मानों के लिए सत्य हो सकती है। उदाहरण के तौर पर $y + y = 2y$ (इस प्रकार की समीकरण को प्राय: सर्वसमिका कहा जाता है।)
चर के वह मान ज्ञात करना जिससे समीकरण सत्य हो, समीकरण का हल करना कहलाता है। अथवा यह समीकरण चर के केवल कुछ विशिष्ट मानों के लिए ही सत्य हो सकती है– उदाहरणार्थ, $2y + 3 = 11$ जो केवल $y = 4$ के लिए ही सत्य है।

$= \left(\frac{y}{3}+3\right)\left(\frac{y}{3}-3\right)$ (क्योंकि $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$)

(v) $x^4 - 256$

$= (x^2)^2 - (16)^2$

$= (x^2 + 16)(x^2 - 16)$ ($a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$ के प्रयोग से)

$= (x^2 + 16)(x^2 - 4^2)$

$= (x^2 + 16)(x + 4)(x - 4)$ ($a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$ के प्रयोग से)

**उदाहरण 13 :** उपयुक्त सर्वसमिकाओं का प्रयोग करते हुए, निम्न के मान निकालिए –

(i) $(48)^2$ (ii) $181^2 - 19^2$

(iii) $497 \times 505$ (iv) $2.07 \times 1.93$

**हल** (i) $(48)^2$

$= (50 - 2)^2$

क्योंकि, $(a - b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$ है,

अतः, $(50 - 2)^2 = (50)^2 - 2 \times 50 \times 2 + (2)^2$

$= 2500 - 200 + 4$

$= 2504 - 200$

$= 2304$

(ii) $181^2 - 19^2 = (181 - 19)(181 + 19)$

[$a^2 - b^2 = (a - b)(a + b)$ के प्रयोग से]

$= 162 \times 200$

$= 32400$

(iii) $497 \times 505 = (500 - 3)(500 + 5)$

$= 500^2 + (-3 + 5) \times 500 + (-3)(5)$

[$(x + a)(x + b) = x^2 + (a + b)x + ab$ से]

$= 250000 + 1000 - 15$

$= 250985$

(iv) $2.07 \times 1.93 = (2 + 0.07)(2 - 0.07)$

$= 2^2 - (0.07)^2$

$= 4 - 0.0049$

$= 3.9951$



12/04/18

**उदाहरण 14 :** सत्यापित कीजिए कि $(3x + 5y)^2 - 30xy = 9x^2 + 25y^2$ है।

**हल** L.H.S $= (3x + 5y)^2 - 30xy$

$= (3x)^2 + 2 \times 3x \times 5y + (5y)^2 - 30xy$ [Since $(a + b)^2 = a^2 + 2ab + b^2$]

$= 9x^2 + 30xy + 25y^2 - 30xy$

$= 9x^2 + 25y^2$

= R.H.S

अतः, सत्यापित हुआ।

**उदाहरण 15 :** सत्यापित कीजिए कि $(11pq + 4q)^2 - (11pq - 4q)^2 = 176pq^2$ है।

**हल** $(11pq + 4q)^2 - (11pq - 4q)^2$

$= (11pq + 4q + 11pq - 4q) \times (11pq + 4q - 11pq + 4q)$

[$a^2 - b^2 = (a - b)(a + b)$ के प्रयोग से, यहाँ $a = 11pq + 4q$

और $b = 11\,pq - 4q$) है]

$= (22pq)\,(8q)$

$= 176\,pq^2$

| | |
|---|---|
| सेल्सियस तापमान को फॉरेनहाइट तापमान में बदलने के लिए, सेल्सियस तापमान $\frac{9}{5}$ ज्ञात कीजिए और उसमें 32 जोड़िए। | $F = \frac{9}{5}C + 32$ |

यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि किस प्रकार राशियाँ – सेल्सियस तापमान और फॉरेनहाइट तापमान परस्पर संबंधित हैं और ये आपको सेल्सियस तथा फॉरेनहाइट तापमानों को एक-दूसरे में बदलने में सहायता करता है।

**उदाहरण 16 :** एक आयत का क्षेत्रफल $x^2 + 12xy + 27y^2$ है तथा इसकी लंबाई $(x + 9y)$ है। आयत की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

**हल** चौड़ाई $= \dfrac{\text{क्षेत्रफल}}{\text{लंबाई}}$

$$= \frac{x^2 + 12xy + 27y^2}{(x + 9y)}$$

$$= \frac{x^2 + 9xy + 3xy + 27y^2}{(x + 9y)}$$



12/04/18

$$= \frac{x(x+9y)+3y(x+9y)}{x+9y}$$

$$= \frac{(x+9y)\,(x+3y)}{(x+9y)}$$

$= (x + 3y)$

**उदाहरण 17 :** 15 $(y + 3)$ $(y^2 - 16)$ को 5 $(y^2 - y - 12)$ से भाग दीजिए।

**हल** 15 $(y + 3)$ $(y^2 - 16)$ के गुणनखंड करने पर, हमें प्राप्त होता है –

$5 \times 3 \times (y + 3)\ (y - 4)\ (y + 4)$

5 $(y^2 - y - 12)$ के गुणनखंड करने पर, हमें प्राप्त होता है –

$5\ (y^2 - 4y + 3y - 12)$

$= 5\ [y\ (y - 4) + 3\ (y - 4)]$

$= 5\ (y - 4)\ (y + 3)$

अतः, पहले व्यंजक को दूसरे व्यंजक से भाग देने पर, हमें प्राप्त होता है –

$$\frac{15(y+3)\,(y^2-16)}{5(y^2-y-12)}$$

$$= \frac{5\times3\times(y+3)(y-4)(y+4)}{5\times(y-4)(y+3)}$$

$= 3\ (y + 4)$

**उदाहरण 18 :** यदि $x+\frac{1}{x}=5$ है, तो उपयुक्त सर्वसमिका का प्रयोग करते हुए, $x^2+\frac{1}{x^2}$ का मान निकालिए।

**हल** दिया है- $x+\frac{1}{x} = 5$

अत :, $\left(x+\frac{1}{x}\right)^2=25$

अब, $\left(x+\frac{1}{x}\right)^2 = x^2 + 2 \times x \times \frac{1}{x} + \left(\frac{1}{x}\right)^2$

[$a = x$ और $b = \frac{1}{x}$ लेकर, सर्वसमिका

$(a + b)^2 = a^2 + 2ab + b^2$ के प्रयोग से]

$$= x^2 + 2 + \left(\frac{1}{x^2}\right)$$

$$= x^2 + \left(\frac{1}{x^2}\right) + 2$$

क्योंकि $\left(x+\frac{1}{x}\right)^2 = 25$ है, अत: $x^2 + \frac{1}{x^2} + 2 = 25$ हुआ।

या $x^2 + \frac{1}{x^2} = 25 - 2 = 23$

**उदाहरण 19 :** एक उपयुक्त सर्वसमिका का प्रयोग करते हुए, $\frac{38^2 - 22^2}{16}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल** क्योंकि $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$ है, अत:

$$38^2 - 22^2 = (38 - 22)(38 + 22)$$

$$= 16 \times 60$$

अत:, $$\frac{38^2 - 22^2}{16} = \frac{16 \times 60}{16}$$

$$= 60$$

**उदाहरण 20 :** $x$ का मान ज्ञात कीजिए, यदि

$10000x = (9982)^2 - (18)^2$ है।

**हल** R.H.S. $= (9982)^2 - (18)^2$

$= (9982 + 18)(9982 - 18)$ [क्योंकि $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$]

$= (10000) \times (9964)$

L.H.S. $= (10000) \times x$

L.H.S. और R.H.S. की तुलना करने पर, हमें प्राप्त होता है –

$10000x = 10000 \times 9964$

या $$x = \frac{10000 \times 9964}{10000} = 9964$$

## समस्या हल करने की युक्ति पर अनुप्रयोग

**नीचे दी आकृति का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।**




### समस्या को समझिए और उसकी जाँच कीजिए

- प्रश्न में क्या सूचना दी गयी है?

  ABCD एक आयत है। लंबाई = x + 5 और चौड़ाई = x + 3 है।

- आप क्या ज्ञात करने का प्रयास कर रहे हैं?
- क्या कोई ऐसी सूचना है जिसकी आवश्यकता नहीं है?

  नहीं

### योजना बनाइए

- आयत का क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई होता है।

### हल कीजिए

आयत का क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई

$\Rightarrow$ $(x + 5) = (x + 3)$

$\Rightarrow$ $x^2 + (5+3)x + 5\times 3$

$\Rightarrow$ $x^2 + 8x + 15$

[सर्वसमिका $(x + a)\ (x + b)$

$=$ $x^2+(a+b)x + ab$ से]

### पुनर्निरीक्षण

- उपरोक्त उत्तर की जाँच $(x + 5)$ और $(x + 3)$ का वास्तविक रूप से गुणा करके की जा सकती है।

अब, $(x + 5)\ (x + 3) = x\ (x + 3) + 5\ (x + 3)$

$= x^2 + 3x + 5x + 15$

$= x^2 + 8x + 15$

## शब्दावली से संबंध

1. शब्द 'तुल्य' की उत्पत्ति शब्द 'बराबर' (समान) से हुई है। तुल्य व्यंजकों के बारे में आप क्या सोचते हैं?
2. शब्द 'सरल कीजिए' का अर्थ है 'कम जटिल बनाना', किसी व्यंजक को सरल करने से आप क्या अर्थ समझते हैं?

## (C) प्रश्नावली

**प्रश्न 1 से 33 में, चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**1.** एक एकपदी और द्विपद का गुणनफल होता है–

(a) एकपदी (b) द्विपद (c) त्रिपद (d) इनमें से कोई नहीं

**2.** एक बहुपद में, चरों के घातांक सदैव होते हैं–

(a) पूर्णांक (b) धनात्मक पूर्णांक

(c) ऋणेतर पूर्णांक (d) घनेतर पूर्णांक

**3.** निम्न में से कौन सही है ?

(a) $(a-b)^2 = a^2 + 2ab - b^2$ (b) $(a-b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$

(c) $(a-b)^2 = a^2 - b^2$ (d) $(a+b)^2 = a^2 + 2ab - b^2$

**4.** $-7pq$ और $2pq$ का योग है–

(a) $-9pq$ (b) $9pq$ (c) $5pq$ (d) $-5pq$

**5.** यदि हम $-3x^2y^2$ को $x^2y^2$ में से घटाएँ, तो हमें प्राप्त होता है–

(a) $-4x^2y^2$ (b) $-2x^2y^2$ (c) $2x^2y^2$ (d) $4x^2y^2$

**6.** $4m^3n^2$ जैसा समान पद है–

(a) $4m^2n^2$ (b) $-6m^3n^2$ (c) $6pm^3n^2$ (d) $4m^3n$

**7.** निम्न में से कौन-सा एक द्विपद है?

(a) $7 \times a + a$ (b) $6a^2 + 7b + 2c$

(c) $4a \times 3b \times 2c$ (d) $6(a^2 + b)$

**8.** $a - b + ab$, $b + c - bc$ और $c - a - ac$ का योग है–

(a) $2c + ab - ac - bc$ (b) $2c - ab - ac - bc$

(c) $2c + ab + ac + bc$ (d) $2c - ab + ac + bc$



12/04/18

**9.** एक पदियों $4p$, $-7q^3$ और $-7pq$ का गुणनफल है–

(a) $196\ p^2q^4$ (b) $196\ pq^4$ (c) $-196\ p^2q^4$ (d) $196\ p^2q^3$

**10.** ‘$4ab$’ और चौड़ाई ‘$6b^2$’ वाले आयत का क्षेत्रफल है–

(a) $24a^2b^2$ (b) $24ab^3$ (c) $24ab^2$ (d) $24ab$

**11.** लंबाई = $2ab$, चौड़ाई = $3ac$ और ऊँचाई = $2ac$ वाले एक आयताकार डिब्बे (घनाभ) का आयतन है–

(a) $12a^3bc^2$ (b) $12a^3bc$ (c) $12a^2bc$ (d) $2ab + 3ac + 2ac$

**12.** $6a^2 - 7b + 5ab$ और $2ab$ का गुणनफल है–

(a) $12a^3b - 14ab^2 + 10ab$ (b) $12a^3b - 14ab^2 + 10a^2b^2$

(c) $6a^2 - 7b + 7ab$ (d) $12a^2b - 7ab^2 + 10ab$

**13.** $3x - 4y$ का वर्ग है–

(a) $9x^2 - 16y^2$ (b) $6x^2 - 8y^2$

(c) $9x^2 + 16y^2 + 24xy$ (d) $9x^2 + 16y^2 - 24xy$

**ये पाँच आकृतियाँ एक पैटर्न बनाते हैं।**



आकृति 1 आकृति 2 आकृति 3 आकृति 4 आकृति 5

**1.** निम्न सारणी की प्रतिलिपि बनाइए तथा प्रत्येक आकृति का परिमाप ज्ञात करने के लिए इस सारणी को पूरा कीजिए। उपरोक्त आकृतियों में प्रत्येक वर्ग की भुजा एक इकाई है।

| **आकृति** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| **परिमाप** | | | | | |

**2.** बिना चित्र खींचे हुए, बताइए कि छठी आकृति किस प्रकार की दिखायी देगी और उसके परिमाप का अनुमान लगाइए।

**3.** यदि आप इस पैटर्न को जारी रखें, तो 35 वीं आकृति का परिमाप क्या होगा?

**4.** स्पष्ट कीजिए कि प्रत्येक आकृति का परिमाप अपनी आकृति संख्या से किस प्रकार संबंधित है।

**5.** आकृति संख्या के लिए चर n का तथा परिमाप के लिए P का प्रयोग करते हुए उपरोक्त प्रश्न 4 निहित संबंध के लिए एक समीकरण लिखिए।

**14.** निम्न में से कौन-सा समान पद है?

(a) $5xyz^2, -3xy^2z$
(b) $-5xyz^2, 7xyz^2$
(c) $5xyz^2, 5x^2yz$
(d) $5xyz^2, x^2y^2z^2$

**15.** पद $\frac{-y}{3}$ में $y$ का गुणांक है–

(a) – 1
(b) – 3
(c) $\frac{-1}{3}$
(d) $\frac{1}{3}$

**16.** $a^2 - b^2$ बराबर है–

(a) $(a-b)^2$
(b) $(a-b)(a-b)$
(c) $(a+b)(a-b)$
(d) $(a+b)(a+b)$

**17.** $17abc$, $34ab^2$ और $51a^2b$ में सार्व गुणनखंड है–

(a) $17abc$
(b) $17ab$
(c) $17ac$
(d) $17a^2b^2c$

**18.** $9x - 7xy$ का वर्ग है–

(a) $81x^2 + 49x^2y^2$
(b) $81x^2 - 49x^2y^2$
(c) $81x^2 + 49x^2y^2 - 126x^2y$
(d) $81x^2 + 49x^2y^2 - 63x^2y$

**19.** $23xy - 46x + 54y - 108$ का गुणनखंडित रूप है–

(a) $(23x + 54)(y - 2)$
(b) $(23x + 54y)(y - 2)$
(c) $(23xy + 54y)(-46x - 108)$
(d) $(23x + 54)(y + 2)$

**20.** $r^2 - 10r + 21$ का गुणनखंडित रूप है–

(a) $(r-1)(r-4)$
(b) $(r-7)(r-3)$
(c) $(r-7)(r+3)$
(d) $(r+7)(r+3)$

**21.** $p^2 - 17p - 38$ का गुणनखंडित रूप है–

(a) $(p-19)(p+2)$
(b) $(p-19)(p-2)$
(c) $(p+19)(p+2)$
(d) $(p+19)(p-2)$

**22.** $57p^2qr$ को $114pq$ से भाग देने पर, हमें प्राप्त होता है–

(a) $\frac{1}{4}pr$
(b) $\frac{3}{4}pr$
(c) $\frac{1}{2}pr$
(d) $2pr$

**23.** $p(4p^2 - 16)$ को $4p(p-2)$ से भाग देने पर, हमें प्राप्त होता है–

(a) $2p + 4$
(b) $2p - 4$
(c) $p + 2$
(d) $p - 2$

**24.** $3ab$ और $2cd$ का सार्व गुणनखंड है–

(a) 1 (b) – 1 (c) $a$ (d) $c$

**25.** $24x^2y^2$ का एक अखंडनीय गुणनखंड है–

(a) $x^2$ (b) $y^2$ (c) $x$ (d) $24x$

**26.** $(a + b)^2$ के गुणनखंडों की संख्या है–

(a) 4 (b) 3 (c) 2 (d) 1

**27.** $3x – 24$ का गुणनखंडित रूप है–

(a) $3x \times 24$ (b) $3\ (x – 8)$ (c) $24\ (x – 3)$ (d) $3(x – 12)$

**28.** $x^2 – 4$ के गुणनखंड हैं–

(a) $(x – 2), (x – 2)$ (b) $(x + 2), (x – 2)$

(c) $(x + 2), (x + 2)$ (d) $(x – 4), (x – 4)$

**29.** $(– 27x^2y) \div (– 9xy)$ का मान है–

(a) $3xy$ (b) $– 3xy$ (c) $– 3x$ (d) $3x$

**30.** $(2x^2 + 4) \div 2$ का मान है–

(a) $2x^2 + 2$ (b) $x^2 + 2$ (c) $x^2 + 4$ (d) $2x^2 + 4$

**31.** $(3x^3 +9x^2 + 27x) \div 3x$ का मान है–

(a) $x^2 +9 + 27x$ (b) $3x^3 +3x^2 + 27x$

(c) $3x^3 +9x^2 + 9$ (d) $x^2 +3x+ 9$

**32.** $(a + b)^2 + (a – b)^2$ का मान है–

(a) $2a + 2b$ (b) $2a – 2b$ (c) $2a^2 + 2b^2$ (d) $2a^2 – 2b^2$

**33.** $(a + b)^2 – (a – b)^2$ का मान है–

(a) $4ab$ (b) $–4ab$ (c) $2a^2 + 2b^2$ (d) $2a^2 – 2b^2$

**प्रश्न 34 से 58 में, रिक्त स्थानों को भरिए ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**34.** समान चिह्नों वाले दो पदों का गुणनफल एक ________ पद होता है।

**35.** असमान चिह्नों वाले दो पदों का गुणनफल एक ________ पद होता है।

**36.** $a\ (b + c) = a \times$ ____ $+ a \times$ _____ है।

**37.** $(a – b)$ ( _________ ) $= a^2 – 2ab + b^2$

**38.** $a^2 – b^2 = (a + b)$ ( _________ )

**39.** $(a-b)^2 +$ ____________ $= a^2 - b^2$

**40.** $(a+b)^2 - 2ab =$ ____________ + ____________ है।

**41.** $(x+a)(x+b) = x^2 + (a+b)x +$ ________ है।

**42.** दो बहुपदों का गुणनफल एक ________ होता है।

**43.** $ax^2$ और $bx$ का सार्व गुणनखंड __________ है।

**44.** $18mn + 10mnp$ का गुणनखंडित रूप ________ है।

**45.** $4y^2 - 12y + 9$ का गुणनखंडित रूप ________ है।

**46.** $38x^3y^2z \div 19xy^2$ का मान _________ के बराबर है।

**47.** लंबाई $2x$, चौड़ाई $3y$ और ऊँचाई $4z$ वाले आयताकार डिब्बे का आयतन _________ है।

**48.** $67^2 - 37^2 = (67 - 37) \times$ (________) = _________ है।

**49.** $103^2 - 102^2 =$ (________) $\times (103 - 102) =$ _________ है।

**50.** भुजाओं $4x^2$ और $3y^2$ वाले एक आयताकार भूमिखंड का क्षेत्रफल __________ है।

**51.** $l = b = h = 2x$ वाले एक आयताकार डिब्बे का आयतन _________ है।

**52.** पद $-37abc$ का गुणांक __________ है।

**53.** व्यंजक $a^2 + bc \times d$ में पदों की संख्या ________ है।

**54.** $4a$ और $4b$ वाले वर्गों के क्षेत्रफलों का योग _______ है।

**55.** बहुपद के गुणनखंडन की सार्व गुणनखंड विधि ___________ गुण पर आधारित है।

**56.** भुजा $9y^2$ वाले वर्ग का क्षेत्रफल __________ है।

**57.** सरल करने पर, $\frac{3x+3}{3} =$ _________ है।

**58.** $2x + 4y$ का गुणनखंडन __________ है।

**प्रश्न 59 से 80 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य –**

**59.** $(a+b)^2 = a^2 + b^2$ है।

**60.** $(a-b)^2 = a^2 - b^2$ है।

**61.** $(a+b)(a-b) = a^2 - b^2$ है।

**62.** दो ऋणात्मक पदों का गुणनफल एक ऋणात्मक पद होता है।

**63.** एक ऋणात्मक पद और एक घनात्मक पद का गुणनफल एक ऋणात्मक पद होता है।

**64.** पद $-6x^2y^2$ का गुणांक $-6$ है।

**65.** $p^2q + q^2r + r^2q$ एक द्विपद है।

**66.** $a^2 - 2ab + b^2$ के गुणनखंड $(a + b)$ और $(a + b)$ हैं।

**67.** $2\pi (h + r)$ का एक गुणनखंड $h$ है।

**68.** $\frac{n^2}{2}+\frac{n}{2}$ के गुणनखंड $\frac{1}{2}, n$ और $(n+1)$ है।

**69.** एक समीकरण उसके चरों के सभी मानों के लिए सत्य होती है।

**70.** $x^2 + (a + b)x + ab = (a + b)(x + ab)$ है।

**71.** $11pq^2$, $121p^2q^3$ और $1331p^2q$ का सार्व गुणनखंड $11p^2q^2$ है।

**72.** $12a^2b^2 + 4ab^2 - 32$ के पदों में सार्व गुणनखंड 4 है।

**73.** $-3a^2 + 3ab + 3ac$ का गुणनखंडन $3a(-a - b - c)$ है।

**74.** $p^2 + 30p + 216$ का गुणनखंडित रूप $(p + 18)(p - 12)$ है।

**75.** दो क्रमागत संख्याओं के वर्गों का अंतर उनके योग के बराबर होता है।

**76.** $abc + bca + cab$ एक एकपदी है।

**77.** $\frac{p}{3}$ को $\frac{3}{p}$ से भाग देने पर भागफल 9 है।

**78.** $51^2 - 49^2 = 100p$ के लिए, $p$ का मान 2 है।

**79.** $(9x - 51) \div 9 = x - 51$ है।

**80.** $(a + 1)(a - 1)(a^2 + 1)$ का मान $a^4 - 1$ है।

**81.** **जोड़िए -**

(i) $7a^2bc$, $-3abc^2$ और $3a^2bc$, $2abc^2$

(ii) $9ax$, $+3by - cz$ और $-5by + ax + 3cz$

(iii) $xy^2z^2 + 3x^2y^2z - 4x^2yz^2$ और $-9x^2y^2z + 3xy^2z^2 + x^2yz^2$

(iv) $5x^2 - 3xy + 4y^2 - 9$ और $7y^2 + 5xy - 2x^2 + 13$

(v) $2p^4 - 3p^3 + p^2 - 5p + 7$ और $-3p^4 - 7p^3 - 3p^2 - p - 12$

(vi) $3a\,(a - b + c)$ और $2b\,(a - b + c)$

(vii) $3a\,(2b + 5c)$ और $3c\,(2a + 2b)$

**82.** घटाइए –

(i) $5a^2b^2c^2$ में से $-7a^2b^2c^2$

(ii) $6x^2 - 4xy + 5y^2$ में से $8y^2 + 6xy - 3x^2$

(iii) $2ab^2c^2 + 4a^2b^2c - 5a^2bc^2$ में से $-10a^2b^2c + 4ab^2c^2 + 2a^2bc^2$

(iv) $3t^4 - 4t^3 + 2t^2 - 6t + 6$ में से $-4t^4 + 8t^3 - 4t^2 - 2t + 11$

(v) $2ab + 5bc - 7ac$ में से $5ab - 2bc - 2ac + 10abc$

(vi) $7p\,(3q + 7p)$ में से $8p\,(2p - 7q)$

(vii) $-3p^2 + 3pq + 3px$ में से $3p\,(-p - a - r)$

**83.** निम्न को गुणा कीजिए –

(i) $-7pq^2r^3, -13p^3q^2r$

(ii) $3x^2y^2z^2,\ 17xyz$

(iii) $15xy^2,\ 17yz^2$

(iv) $-5a^2bc,\ 11ab,\ 13abc^2$

(v) $-3x^2y,\ (5y - xy)$

(vi) $abc,\ (bc + ca)$

(vii) $7pqr,\ (p - q + r)$

(viii) $x^2y^2z^2,\ (xy - yz + zx)$

(ix) $(p + 6),\ (q - 7)$

(x) $6mn,\ 0mn$

(xi) $a,\ a^5,\ a^6$

(xii) $-7st,\ -1,\ -13st^2$



12/04/18

(xiii) $b^3, 3b^2, 7ab^5$

(xiv) $-\frac{100}{9}rs; \frac{3}{4}r^3s^2$

(xv) $(a^2 - b^2), (a^2 + b^2)$

(xvi) $(ab + c), (ab + c)$

(xvii) $(pq - 2r), (pq - 2r)$

(xviii) $\left(\frac{3}{4}x - \frac{4}{3}y\right), \left(\frac{2}{3}x + \frac{3}{2}y\right)$

(xix) $\frac{3}{2}p^2 + \frac{2}{3}q^2$ , $(2p^2 - 3q^2)$

(xx) $(x^2 - 5x + 6), (2x + 7)$

(xxi) $(3x^2 + 4x - 8), (2x^2 - 4x + 3)$

(xxii) $(2x - 2y - 3), (x + y + 5)$

**84.** सरल कीजिए -

(i) $(3x + 2y)^2 + (3x - 2y)^2$

(ii) $(3x + 2y)^2 - (3x - 2y)^2$

(iii) $\left(\frac{7}{9}a + \frac{9}{7}b\right)^2 - ab$

(iv) $\left(\frac{3}{4}x - \frac{4}{3}y\right)^2 + 2xy$

(v) $(1.5p + 1.2q)^2 - (1.5p - 1.2q)^2$

(vi) $(2.5m + 1.5q)^2 + (2.5m - 1.5q)^2$

(vii) $(x^2 - 4) \times (x^2 + 4) + 16$

(viii) $(ab - c)^2 + 2abc$

(ix) $(a - b)(a^2 + b^2 + ab) - (a + b)(a^2 + b^2 - ab)$

(x) $(b^2 - 49)(b + 7) + 343$

(xi) $(4.5a + 1.5b)^2 + (4.5b + 1.5a)^2$

(xii) $(pq - qr)^2 + 4pq^2r$

(xiii) $(s^2t + tq^2)^2 - (2stq)^2$



12/04/18

**85.** उपयुक्त सर्वसमिकाओं का प्रयोग करते हुए, निम्न को प्रसारित कीजिए –

(i) $(xy + yz)^2$

(ii) $(x^2y - xy^2)^2$

(iii) $\left(\frac{4}{5}a+\frac{5}{4}b\right)^2$

(iv) $\left(\frac{2}{3}x-\frac{3}{2}y\right)^2$

(v) $\left(\frac{4}{5}p+\frac{5}{3}q\right)^2$

(vi) $(x + 3)(x + 7)$

(vii) $(2x + 9)(2x - 7)$

(viii) $\left(\frac{4x}{5}+\frac{y}{4}\right)\left(\frac{4x}{5}+\frac{3y}{4}\right)$

(ix) $\left(\frac{2x}{3}-\frac{2a}{3}\right)\left(\frac{2x}{3}+\frac{2a}{3}\right)$

(x) $(2x - 5y)(2x - 5y)$

(xi) $\left(\frac{2a}{3}+\frac{b}{3}\right)\left(\frac{2a}{3}-\frac{b}{3}\right)$

(xii) $(x^2 + y^2)(x^2 - y^2)$

(xiii) $(a^2 + b^2)^2$

(xiv) $(7x + 5)^2$

(xv) $(0.9p - 0.5q)^2$

(xvi) $(36a^2 - 4ab^2)^2$

**86.** उपयुक्त सर्वसमिकाओं का प्रयोग करते हुए, निम्न के मान निकालिए –

(i) $(52)^2$

(ii) $(49)^2$

(iii) $(103)^2$

(iv) $(98)^2$

(v) $(1005)^2$

(vi) $(995)^2$

(vii) $47 \times 53$

(viii) $52 \times 53$

(ix) $105 \times 95$

(x) $104 \times 97$

(xi) $101 \times 103$

(xii) $98 \times 103$



12/04/18

(xiii) $(9.9)^2$

(xiv) $9.8 \times 10.2$

(xv) $10.1 \times 10.2$

(xvi) $(35.4)^2 - (14.6)^2$

(xvii) $(69.3)^2 - (30.7)^2$

(xviii) $(9.7)^2 - (0.3)^2$

(xix) $(132)^2 - (68)^2$

(xx) $(339)^2 - (161)^2$

(xxi) $(729)^2 - (271)^2$

**87.** **निम्न पदों में महत्तम (सबसे बड़ा) सार्व गुणनखंड ज्ञात कीजिए -**

(i) $-18a^2, 108a$

(ii) $3x^2y, 18xy^2, -6xy$

(iii) $2xy, -y^2, 2x^2y$

(iv) $l^2m^2n, lm^2n^2, l^2mn^2$

(v) $21pqr, -7p^2q^2r^2, 49p^2qr$

(vi) $qrxy, pryz, rxyz$

(vii) $3x^3y^2z, -6xy^3z^2, 12x^2yz^3$

(viii) $63p^2a^2r^2s, -9pq^2r^2s^2, 15p^2qr^2s^2, -60p^2a^2rs^2$

(ix) $13x^2y, 169xy$

(x) $11x^2, 12y^2$

**88.** **निम्न व्यंजकों के गुणनखंड कीजिए -**

(i) $6ab + 12bc$

(ii) $-xy - ay$

(iii) $ax^3 - bx^2 + cx$

(iv) $l^2m^2n - lm^2n^2 - l^2mn^2$

(v) $3pqr - 6p^2q^2r^2 - 15r^2$

(vi) $x^3y^2 + x^2y^3 - xy^4 + xy$

(vii) $4xy^2 - 10x^2y + 16x^2y^2 + 2xy$

(viii) $2a^3 - 3a^2b + 5ab^2 - ab$

(ix) $63p^2q^2r^2s - 9pq^2r^2s^2 + 15p^2qr^2s^2 - 60p^2q^2rs^2$

(x) $24x^2yz^3 - 6xy^3z^2 + 15x^2y^2z - 5xyz$

(xi) $a^3 + a^2 + a + 1$

(xii) $lx + my + mx + ly$

(xiii) $a^3x - x^4 + a^2x^2 - ax^3$

(xiv) $2x^2 - 2y + 4xy - x$

(xv) $y^2 + 8zx - 2xy - 4yz$

(xvi) $ax^2y - bxyz - ax^2z + bxy^2$

(xvii) $a^2b + a^2c + ab + ac + b^2c + c^2b$

(xviii) $2ax^2 + 4axy + 3bx^2 + 2ay^2 + 6bxy + 3by^2$

**89.** सर्वसमिका $a^2 + 2ab + b^2 = (a + b)^2$ का प्रयोग करते हुए, निम्न के गुणनखंड कीजिए –

(i) $x^2 + 6x + 9$

(ii) $x^2 + 12x + 36$

(iii) $x^2 + 14x + 49$

(iv) $x^2 + 2x + 1$

(v) $4x^2 + 4x + 1$

(vi) $a^2x^2 + 2ax + 1$

(vii) $a^2x^2 + 2abx + b^2$

(viii) $a^2x^2 + 2abxy + b^2y^2$

(ix) $4x^2 + 12x + 9$

(x) $16x^2 + 40x + 25$

(xi) $9x^2 + 24x + 16$

(xii) $9x^2 + 30x + 25$

(xiii) $2x^3 + 24x^2 + 72x$

(xiv) $a^2x^3 + 2abx^2 + b^2x$

(xv) $4x^4 + 12x^3 + 9x^2$

(xvi) $\frac{x^2}{4} + 2x + 4$

(xvii) $9x^2 + 2xy + \frac{y^2}{9}$

**90.** सर्वसमिका $a^2 - 2ab + b^2 = (a - b)^2$ का प्रयोग करते हुए निम्न के गुणनखंड कीजिए –

(i) $x^2 - 8x + 16$

(ii) $x^2 - 10x + 25$

(iii) $y^2 - 14y + 49$

(iv) $p^2 - 2p + 1$

(v) $4a^2 - 4ab + b^2$

(vi) $p^2y^2 - 2py + 1$

(vii) $a^2y^2 - 2aby + b^2$

(viii) $9x^2 - 12x + 4$

(ix) $4y^2 - 12y + 9$

(x) $\frac{x^2}{4} - 2x + 4$

(xi) $a^2y^3 - 2aby^2 + b^2y$ (xii) $9y^2 - 4xy + \frac{4x^2}{9}$

**91.** निम्न के गुणनखंड कीजिए –

(i) $x^2 + 15x + 26$ (ii) $x^2 + 9x + 20$

(iii) $x^2 + 18x + 65$ (iv) $p^2 + 14p + 13$

(v) $y^2 + 4y - 21$ (vi) $y^2 - 2y - 15$

(vii) $18 + 11x + x^2$ (viii) $x^2 - 10x + 21$

(ix) $x^2 - 17x + 60$ (x) $x^2 + 4x - 77$

(xi) $y^2 + 7y + 12$ (xii) $p^2 - 13p - 30$

(xiii) $a^2 - 16a - 80$

**92.** सर्वसमिका $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$ का प्रयोग करते हुए, निम्न के गुणनखंड कीजिए–

(i) $x^2 - 9$ (ii) $4x^2 - 25y^2$

(iii) $4x^2 - 49y^2$ (iv) $3a^2b^3 - 27a^4b$

(v) $28ay^2 - 175ax^2$ (vi) $9x^2 - 1$

(vii) $25ax^2 - 25a$ (viii) $\frac{x^2}{9} - \frac{y^2}{25}$

(ix) $\frac{2p^2}{25} - 32q^2$ (x) $49x^2 - 36y^2$

(xi) $y^3 - \frac{y}{9}$ (xii) $\frac{x^2}{25} - 625$

(xiii) $\frac{x^2}{8} - \frac{y^2}{18}$ (xiv) $\frac{4x^2}{9} - \frac{9y^2}{16}$

(xv) $\frac{x^3y}{9} - \frac{xy^3}{16}$ (xvi) $1331x^3y - 11y^3x$

(xvii) $\frac{1}{36}a^2b^2 - \frac{16}{49}b^2c^2$ (xviii) $a^4 - (a - b)^4$

(xix) $x^4 - 1$ (xx) $y^4 - 625$

(xxi) $p^5 - 16p$ (xxii) $16x^4 - 81$

(xxiii) $x^4 - y^4$

(xxiv) $y^4 - 81$

(xxv) $16x^4 - 625y^4$

(xxvi) $(a - b)^2 - (b - c)^2$

(xxvii) $(x + y)^4 - (x - y)^4$

(xxviii) $x^4 - y^4 + x^2 - y^2$

(xxix) $8a^3 - 2a$

(xxx) $x^2 - \frac{y^2}{100}$

(xxxi) $9x^2 - (3y + z)^2$

**93.** **निम्न व्यंजक कुछ आयतों के क्षेत्रफल हैं। इन आयतों की संभव लंबाइयाँ और चौड़ाइयाँ ज्ञात कीजिए** –

(i) $x^2 - 6x + 8$

(ii) $x^2 - 3x + 2$

(iii) $x^2 - 7x + 10$

(iv) $x^2 + 19x - 20$

(v) $x^2 + 9x + 20$

**94.** **निम्न विभाजन कीजिए** –

(i) $51x^3y^2z \div 17xyz$

(ii) $76x^3yz^3 \div 19x^2y^2$

(iii) $17ab^2c^3 \div (-abc^2)$

(iv) $-121p^3q^3r^3 \div (-11xy^2z^3)$

**95.** **निम्न विभाजन कीजिए** –

(i) $(3pqr - 6p^2q^2r^2) \div 3pq$

(ii) $(ax^3 - bx^2 + cx) \div (-dx)$

(iii) $(x^3y^3 + x^2y^3 - xy^4 + xy) \div xy$

(iv) $(-qrxy + pryz - rxyz) \div (-xyz)$

**96.** **व्यंजकों के गुणनखंड कीजिए तथा दर्शाए अनुसार विभाजन कीजिए** –

(i) $(x^2 - 22x + 117) \div (x - 13)$

(ii) $(x^3 + x^2 - 132x) \div x(x - 11)$

(iii) $(2x^3 - 12x^2 + 16x) \div (x - 2)(x - 4)$

(iv) $(9x^2 - 4) \div (3x + 2)$

(v) $(3x^2 - 48) \div (x - 4)$

(vi) $(x^4 - 16) \div x^3 + 2x^2 + 4x + 8$

(vii) $(3x^4 - 1875) \div (3x^2 - 75)$

**97.** एक वर्ग का क्षेत्रफल $4x^2 + 12xy + 9y^2$ है। इस वर्ग की भुजा ज्ञात कीजिए।

**98.** एक वर्ग का क्षेत्रफल $9x^2 + 24xy + 16y^2$ है। इस वर्ग की भुजा ज्ञात कीजिए।

**99.** एक आयत का क्षेत्रफल $x^2 + 7x + 12$ है। यदि इसकी चौड़ाई $(x + 3)$ है, तो उसकी लंबाई ज्ञात कीजिए।

**100.** एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $2\pi (y^2 - 7y + 12)$ है और इसकी त्रिज्या $(y - 3)$ है। तब, बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। (बेलन का C.S.A. = $2\pi rh$)

**101.** एक वृत्त का क्षेत्रफल व्यंजक $\pi x^2 + 6\pi x + 9\pi$ से दिया जाता है। वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

**102.** प्रथम $n$ प्राकृत संख्याओं का योग व्यंजक $\frac{n^2}{2} + \frac{n}{2}$ से प्राप्त होता है। इस व्यंजक के गुणनखंड कीजिए।

**103.** $(x + 5)$ प्रेक्षणों का योग $x^4 - 625$ है। इन प्रेक्षणों का माध्य ज्ञात कीजिए।

**104.** एक त्रिभुज की ऊँचाई $x^4 + y^4$ है तथा आधार $14xy$ है। इस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**105.** एक चॉकलेट का मूल्य ₹ $(x + 4)$ है तथा रोहित ने $(x + 4)$ चॉकलेट खरीदीं। $x$ के पदों में उसके द्वारा भुगतान की गयी कुल धनराशि ज्ञात कीजिए। यदि $x = 10$ है, तो उसके द्वारा दी गयी कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

**106.** एक समांतर चतुर्भुज का आधार $(2x + 3)$ इकाई है तथा संगत ऊँचाई $(2x - 3)$ इकाई है। $x$ के पदों में, इस समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। यदि $x = 30$ इकाई है, तो समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल क्या है?

**107.** एक वृत्त की त्रिज्या $7ab - 7bc - 14ac$ है। उस वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए $\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$ का प्रयोग कीजिए।

**108.** यदि $p + q = 12$ और $pq = 22$ है, तो $p^2 + q^2$ ज्ञात कीजिए।

**109.** यदि $a + b = 25$ और $a^2 + b^2 = 225$ है, तो $ab$ ज्ञात कीजिए।

**110.** यदि $x - y = 13$ और $xy = 28$ है, तो $x^2 + y^2$ ज्ञात कीजिए।

**111.** यदि $m - n = 16$ और $m^2 + n^2 = 400$ है, तो $mn$ ज्ञात कीजिए।

**112.** यदि $a^2 + b^2 = 74$ और $ab = 35$ है, तो $a + b$ ज्ञात कीजिए।

**113.** **निम्नांकित प्रश्नों का सत्यापन कीजिए –**

(i) $(ab + bc)(ab - bc) + (bc + ca)(bc - ca) + (ca + ab)(ca - ab) = 0$

(ii) $(a + b + c)(a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ca) = a^3 + b^3 + c^3 - 3abc$

(iii) $(p - q)(p^2 + pq + q^2) = p^3 - q^3$

(iv) $(m + n)(m^2 - mn + n^2) = m^3 + n^3$

(v) $(a + b)(a + b)(a + b) = a^3 + 3a^2b + 3ab^2 + b^3$

(vi) $(a - b)(a - b)(a - b) = a^3 - 3a^2b + 3ab^2 - b^3$

(vii) $(a^2 - b^2)(a^2 + b^2) + (b^2 - c^2)(b^2 + c^2) + (c^2 - a^2)) + (c^2 + a^2) = 0$

(viii) $(5x + 8)^2 - 160x = (5x - 8)^2$

(ix) $(7p - 13q)^2 + 364pq = (7p + 13q)^2$

(x) $\left(\frac{3p}{7}+\frac{7}{6p}\right)^2 - \left(\frac{3}{7}p+\frac{7}{6p}\right)^2 = 2$

**114.** $a$ का मान ज्ञात कीजिए, यदि

(i) $8a = 35^2 - 27^2$

(ii) $9a = 76^2 - 67^2$

(iii) $pqa = (3p + q)^2 - (3p - q)^2$

(iv) $pq^2a = (4pq + 3q)^2 - (4pq - 3q)^2$

**115.** $4c(-a + b + c)$ में क्या जोड़ें कि $3a(a + b + c) - 2b(a - b + c)$ प्राप्त हो?

**116.** $b(b^2 + b - 7) + 5$ को $3b^2 - 8$ में से घटाइए तथा $b = -3$ के लिए इस प्राप्त व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

**117.** यदि $x - \frac{1}{x} = 7$ है, तो $x^2 + \frac{1}{x^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**118.** $x^2 + \frac{1}{x^2} + 2 - 3x - \frac{3}{x}$ के गुणनखंड कीजिए।

**119.** $p^4 + q^4 + p^2q^2$ के गुणनखंड कीजिए।

**120.** मान ज्ञात कीजिए –

(i) $\frac{6.25\times6.25-1.75\times1.75}{4.5}$

(ii) $\frac{198\times198-102\times102}{96}$

**121.** दो व्यंजकों का गुणनफल $x^5 + x^3 + x$ है। यदि इनमें से एक $x^2 + x + 1$ है, तो दूसरा व्यंजक ज्ञात कीजिए।

**122.** यदि वर्ग का क्षेत्रफल 625 वर्ग इकाई है, तो इस वर्ग की भुजा ज्ञात कीजिए। इसके बाद $x$ का मान ज्ञात कीजिए।




**123.** नीचे दिए चित्र में कार्डों को उपयुक्त संख्या में लीजिए जिनमें [G($x \times x$)] जो $x^2$ निरूपित करता है, R ($x \times 1$) जो $x$ निरूपित करता है तथा Y (1 ×1) जो 1] निरूपित करता है। इन कार्डों को आयतों के रूप में व्यवस्थित करके निम्न व्यंजकों के गुणनखंड कीजिए –

(i) $2x^2 + 6x + 4$ (ii) $x^2 + 4x + 4$







उपरोक्त आकृति का क्षेत्रफल परिकलित कीजिए।

**124.** दाईं तरफ दी हुई आकृति किसी कमरे की दीवार की विमाएँ दर्शाती हैं जिसमें एक खिड़की और दरवाज़ा है। इस पर पेंट किये जाने वाले भाग के क्षेत्रफल के लिए एक बीजीय व्यंजक लिखिए।




**125.** निम्न में, स्तंभ I के व्यंजकों को स्तंभ II के व्यंजकों से सुमेलित कीजिए –

| स्तंभ I | स्तंभ II |
|---|---|
| (1) $(21x + 13y)^2$ | (a) $441x^2 - 169y^2$ |
| (2) $(21x - 13y)^2$ | (b) $441x^2 + 169y^2 + 546\,xy$ |
| (3) $(21x - 13y)\,(21x + 13y)$ | (c) $441x^2 + 169y^2 - 546xy$ |
| | (d) $441x^2 - 169y^2 + 546xy$ |



12/04/18

## (D) अनुप्रयोग

### 1. बीजीय टाइलें

(i) किसी आलेख कागज़ की शीट में से निम्न टाइलों को काट लीजिए। अब इन टाइलों को दर्शाए गए चित्र के अनुसार रंग लीजिए। इन टाइलों को व्यवस्थित करके एक वर्ग बनाइए।




इस प्रकार बने वर्ग की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए। साथ ही इस वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। उपरोक्त परिणाम का प्रयोग करते हुए, $x^2 + 4x + 4$ के गुणनखंड कीजिए।

(ii)






12/04/18

इस प्रकार बने आयत की लंबाई ज्ञात कीजिए। साथ ही इस आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। इस परिणाम का प्रयोग करते हुए $x^2 + 5x + 4$ के गुणनखंड कीजिए।

अब आलेख कागज़ की शीट से और अधिक बीजीय टाइलों को काटिए। अपना रंग कोड स्वयं चुनिए और टाइलों में रंग भरिए। इन्हें व्यवस्थित करके वर्ग/आयत बनाइए। बनी हुई आकृति का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। इनका प्रयोग करके निम्न के गुणनखंड कीजिए –

a) $x^2 + 4x + 3$

b) $x^2 + 9x + 18$

(iii) एक वर्गाकार बगीचा बनाइए। इसको ऐसी आयताकार क्यारियों में विभाजित कीजिए कि प्रत्येक क्यारी की एक भुजा वर्ग की भुजा के बराबर हो। प्रत्येक क्यारी का परिमाप 40 m है।

(a) इस सूचना को निरूपित करने के लिए एक चित्र खींचिए।

(b) संपूर्ण बगीचे के परिमाप के लिए एक व्यंजक लिखिए।

**2. क्रॉसवर्ड पहेली**

दिये हुए क्रॉसवर्ड को हल कीजिए और फिर दिये खानों को भरिए। एक्रॉस और डाउन दोनों को भरने के लिए संकेत नीचे दिये गए हैं। साथ ही, एक्रॉस और डाउन के संकेतों वाली संख्याएँ संगत खानों के कोनों पर लिखी हैं। संकेतों के उत्तर अंग्रेजी के अक्षरों में संगत खानों में भरिए।

**डाउन**

1. A polynomial with two terms.

1. दो पदों का एक बहुपद।

2. An expression containing one or more terms with non-zero coefficient (with variables having non-negative exponents).

2. एक या अधिक पदों वाला व्यंजक जिसके चरों में केवल ऋणेतर पूर्णांकीय घातांक हों।

3. To find the value of a mathematical expression.

3. एक गणितीय व्यंजक का मान निकालना।

4. A _________ is formed by the product of variables and constants.

4. चरों और अचरों के गुणनफल से एक _________ बनता है।

5. The abbreviation of the greatest no. (or expression) that in a factor of two or more numbers.

5. दो या अधिक संख्याओं (व्यंजकों) में सबसे बड़े सार्व गुणनखंड का संक्षिप्त रूप।

6. A polynomial with three terms.

6. तीन पदों वाला बहुपद।

**एक्रॉस**

7. A polynomial with only one term.

7. केवल एक पद वाला बहुपद।

8. An expression of the second degree.

8. घात 2 का एक व्यंजक।

9. Terms can be written as product of its ________.

9. पदों को उसके ________ के गुणनफल के रूप में लिखा जा सकता है।

10. The numbers .......... –3, –2, –1, 0, 1, 2, 3 .......... are known as _______.

10. संख्याएँ .......... –3, –2, –1, 0, 1, 2, 3 .......... __________कहलाती हैं।

11. __________ terms are formed from the some variables and the powers of this variables are the same term.

11. __________ पद समान चरों से बनते हैं तथा इनमें चरों की घातें भी समान होती हैं।

12. The highest power of a polynomial is called the ________ of the polynomial.

12. किसी बहुपद के सभी पदों में संबद्ध चरों की सबसे बड़ी घात उस बहुपद की ________ कहलाती है।




**हल**

1. Binomial
2. Polynomial
3. Evaluate
4. Term
5. GCF
6. Trinomial
7. Monomial
8. Quadratic
9. Factors
10. Integers
11. Like
12. Degree

# रफ़ कार्य



12/04/18

## इकाई 8

# घातांक और घात

## (A) मुख्य अवधारणाएँ और परिणाम

- **घातांकीय संकेतन** एक ही संख्या के बार-बार गुणन को व्यक्त करने की एक शक्तिशाली विधि है। विशिष्ट रूप से, 10 की घातें बहुत बड़ी संख्याओं और बहुत छोटी संख्याओं को एक ऐसे प्रकार में व्यक्त करती हैं, जो पढ़ने, लिखने और तुलना करने में सुविधाजनक रहता है।
- किसी शून्येतर पूर्णांक $a$ के लिए $a^{-m} = \frac{1}{a^m}$ होता है।
- घातांकों के नियम हैं–

  (a) $a^m \times a^n = a^{m+n}$

  (b) $a^m \div a^n = a^{m-n}$

  (c) $(a^m)^n = a^{mn}$

  (d) $a^m \times b^m = (ab)^m$

  (e) $a^\circ = 1$, जिसमें $a \neq 0$

  (f) $\frac{a^m}{b^m} = \left(\frac{a}{b}\right)^m$

- संख्याओं को घातांकों का प्रयोग करते हुए, घातांकीय रूप में व्यक्त किया जा सकता है।
- बहुत बड़ी और बहुत छोटी संख्याओं को उनके मानक रूप में लिखा जा सकता है।
- मानक रूप को **वैज्ञानिक संकेतन रूप** भी कहा जाता है।

## (B) हल उदाहरण

**उदाहरण 1 और 2 में, चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**उदाहरण 1:** $2^7$ का गुणन प्रतिलोम है–

(a) $2^{-7}$ (b) $7^2$ (c) $-7^2$ (d) $-2^7$

**हल** सही उत्तर (a) है।

**उदाहरण 2:** मानव शरीर में लगभग 100 बिलियन सैल (कोष) हैं। इस संख्या को घातांकीय रूप में लिखा जा सकता है–

(a) $10^{-11}$ (b) $10^{11}$ (c) $10^9$ (d) $10^{-9}$

**हल** सही उत्तर (b) है।

**उदाहरण 3 से 5 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**उदाहरण 3:** $(-4)^4 \times \left(\frac{5}{4}\right)^4 =$ ______ है।

**हल** $5^4$

**उदाहरण 4:** $\left(2^{-3}\right)^2 \times \left(3^{-2}\right)^3 =$ _____ है।

**हल** $6^{-6}$

**उदाहरण 5:** पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी 150 मिलियन किलोमीटर है, जिसे मानक रूप में ________ लिखा जा सकता है।

**हल** $1.5 \times 10^8$ km

**उदाहरण 6 और 7 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य–**

**उदाहरण 6:** बहुत छोटी संख्याओं को धनात्मक घातांकों का प्रयोग करते हुए, मानक रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 7:** $(-10) \times (-10) \times (-10) \times (-10) = 10^{-4}$ है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 8:** $\frac{(-2)^3 \times (-2)^7}{3 \times 4^6}$ को सरल कीजिए।

**हल** $\frac{(-2)^3 \times (-2)^7}{3 \times 4^6} = \frac{(-2)^{3+7}}{3 \times (2^2)^6}$ $\{a^m \times a^n = a^{m+n}\}$

$$= \frac{(-2)^{10}}{3 \times 2^{12}} \quad \{(a^m)^n = a^{m \times n}\}$$

$$= \frac{(2)^{10}}{3 \times 2^{12}} = \frac{2^{10-12}}{3} \quad \{a^m \div a^n = a^{m-n},\ (-2)^{10} = 2^{10}\}$$

$$= \frac{2^{-2}}{3} = \frac{1}{3 \times 2^2} = \frac{1}{12}$$

## समस्या हल करने की युक्ति पर अनुप्रयोग

**उदाहरण 9:**

$x$ ज्ञात कीजिए, ताकि $(-5)^{x+1} \times (-5)^5 = (-5)^7$ हो।

**समस्या को समझिए और उसकी जाँच कीजिए**

- आप क्या ज्ञात करना चाहते हैं?

  $x$ का मान जो दी हुई समीकरण को संतुष्ट करे।

**एक युक्ति की योजना बनाइए**

- आप घातांकों के नियमों को जानते हैं। दी हुई समीकरण में, घातांकों के नियमों का उपयोग करके $x$ का मान ज्ञात करना है।

**हल कीजिए**

- दिया है: $(-5)^{x+1} \times (-5)^5 = (-5)^7$

  घातांकों के नियम $a^m \times a^n = a^{m+n}$ का प्रयोग करने पर, हमें प्राप्त होता है:

  $(-5)^{x+1+5} = (-5)^7$

  $(-5)^{x+6} = (-5)^7$

  दोनों पक्षों में, घातों के आधार समान हैं। अतः, इनके घातांक भी बराबर होने चाहिए।

  अतः, $x + 6 = 7$

  $x = 7 - 6$

  या $x = 1$

  अतः, $x$ का मान 1 है।

**पुनर्निरीक्षण**

- $x$ के मान को समीकरण में रखिए और जाँच कीजिए कि यह समीकरण को संतुष्ट करता है या नहीं।

LHS $= (-5)^{x+1} \times (-5)^5$

$= (-5)^{1+1} \times (-5)^5$

$= (-5)^2 \times (-5)^5$

$= (-5)^{2+5}$

$= (-5)^7 = \text{RHS}$

क्योंकि $x = 1$ दी हुई समीकरण को संतुष्ट करता है, इसलिए हमारा उत्तर सही है।

## सोचिए और चर्चा कीजिए

**(a)** प्रश्न में – 5 को 2 से बदलकर $x$ का मान ज्ञात करने का प्रयास कीजिए। $x$ के मान में आपको क्या अंतर मिलता है? अपने उत्तर से आप क्या परिणाम निकालते हैं?

**(b)** देखिए कि क्या आप $x$ का मान ज्ञात कर पाएँगे यदि दिये गये समीकरण को निम्नलिखित में बदल दिया गया हो:

(i) $(-5)^{x+1} \times (5)^5 = (5)^7$

(ii) $(-5)^{2x} \times (5)^5 = (5)^7$

## भिन्नों में ऋणात्मक घातांकों से छुटकारा पाना

आपका वास्ता $\frac{2^{-4}}{3^{-7}}$ जैसी भिन्नों से पड़ सकता है जिसके अंश तथा हर ऋणात्मक घातांक हों। ऐसी भिन्नों को घनात्मक घातांकों वाली भिन्नों मे बदल लेना लाभप्रद होता है क्योंकि यह एक सरल रूप है। अंश में ऋणात्मक घातांक वाली कोई संख्या हर में घनात्मक घातांक वाली उसी संख्या के समतुल्य होती है ⇨ $2^{-4} = \frac{2^{-4}}{1} = \frac{1}{2^4}$।

हर में ऋणात्मक घातांक वाली कोई संख्या अंश में घनात्मक घातांक वाली उसी संख्या के समतुल्य होती है

⇨ $\frac{1}{3^{-7}} = \frac{3^7}{1} = 3^7$।

अत:,

| | | |
|---|---|---|
| $2^{-4}$ को अंश से हर में ले जाया जाता है जहाँ इसे $2^4$ लिखा जाता है। ⇨ | $\frac{2^{-4}}{3^{-7}} = \frac{3^7}{2^4}$ | ⇦ $3^{-7}$ को हर अंश में ले जाया जाता है जहाँ इसे $3^7$ लिखा जाता है। |

## (C) प्रश्नावली

**प्रश्न 1 से 33 में, चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**1.** $2^n$ में, $n$ कहलाता है–

(a) आधार (b) अचर (c) घातांक (d) चर

**2.** एक निश्चित आधार 10 के लिए यदि घातांक 1 कम कर दिया जाये, तो वह संख्या बन जाती है–

(a) पिछली संख्या का एक–दशांश

(b) पिछली संख्या का दस गुना

(c) पिछली संख्या का शतांश

(d) पिछली संख्या का सौ गुना

**3.** $3^{-2}$ को लिखा जा सकता है–

(a) $3^2$ (b) $\frac{1}{3^2}$ (c) $\frac{1}{3^{-2}}$ (d) $-\frac{2}{3}$

**4.** $\frac{1}{4^{-2}}$ का मान है–

(a) 16 (b) 8 (c) $\frac{1}{16}$ (d) $\frac{1}{8}$

**5.** $3^5 \div 3^{-6}$ का मान है–

(a) $\frac{1}{3}$ (b) 3 (c) $3^{11}$ (d) $3^{-11}$

**6.** $\left(\frac{2}{5}\right)^{-2}$ का मान है–

(a) $\frac{4}{5}$ (b) $\frac{4}{25}$ (c) $\frac{25}{4}$ (d) $\frac{5}{2}$

**7.** $\left(\frac{2}{5}\right)^{-1}$ का व्युत्क्रम है–

(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{5}{2}$ (c) $-\frac{5}{2}$ (d) $-\frac{2}{5}$

**8.** $10^{-100}$ का गुणन प्रतिलोम है–

(a) 10 (b) 100 (c) $10^{100}$ (d) $10^{-100}$

**9.** $(-2)^{2\times3-1}$ का मान है–

(a) 32 (b) 64 (c) – 32 (d) – 64

**10.** $\left(-\frac{2}{3}\right)^4$ का मान बराबर है–

(a) $\frac{16}{81}$ (b) $\frac{81}{16}$ (c) $\frac{-16}{81}$ (d) $\frac{81}{-16}$

यहाँ दी गयी सारणी 10 की कई घातों को विभिन्न रूपों में प्रदर्शित करती है। निम्नलिखित पर ध्यान दीजिए:

- घनात्मक पूर्णांकीय घातांकों वाली 10 की घातों में 10 का बारंबार गुणन होता है।
- ऋणात्मक पूर्णांकीय घातांकों वाली 10 की घातों में $\frac{1}{10}$ (10 का गुणन प्रतिलोम) का बारंबार गुणन होता है।
- शून्य घातांक वाली 10 की घात 1 के बराबर होती है।

| घात | बारंबार गुणन | सामान्य रूप |
|---|---|---|
| $10^3$ | $1 \times 10 \times 10 \times 10$ | 1000 |
| $10^2$ | $1 \times 10 \times 10$ | 100 |
| $10^1$ | $1 \times 10$ | 10 |
| $10^0$ | 1 | 1 |
| $10^{-1}$ | $1 \times \frac{1}{10}$ | 0.1 |
| $10^{-2}$ | $1 \times \frac{1}{10} \times \frac{1}{10}$ | 0.01 |
| $10^{-3}$ | $1 \times \frac{1}{10} \times \frac{1}{10} \times \frac{1}{10}$ | 0.001 |

**11.** $\left(-\frac{5}{9}\right)^{-99}$ का गुणन प्रतिलोम है–

(a) $\left(-\frac{5}{9}\right)^{99}$ (b) $\left(\frac{5}{9}\right)^{99}$ (c) $\left(\frac{9}{-5}\right)^{99}$ (d) $\left(\frac{9}{5}\right)^{99}$

**12.** यदि $x$ कोई शून्येतर पूर्णांक है और $m$, $n$ ऋणात्मक पूर्णांक हैं, तो $x^m \times x^n$ बराबर है–

(a) $x^m$ (b) $x^{m+n}$ (c) $x^n$ (d) $x^{m-n}$

**13.** यदि $y$ कोई शून्येतर पूर्णांक है, तो $y^0$ बराबर है–

(a) 1 (b) 0 (c) – 1 (c) परिभाषित नहीं

**14.** यदि $x$ कोई शून्येतर पूर्णांक है, तो $x^{-1}$ बराबर है–

(a) $x$ (b) $\frac{1}{x}$ (c) $-x$ (c) $\frac{-1}{x}$

**15.** यदि $x$ कोई शून्य के अतिरिक्त पूर्णांक है और $m$ कोई धनात्मक पूर्णांक है, तो $x^{-m}$ बराबर है–

(a) $x^m$ (b) $-x^m$ (c) $\frac{1}{x^m}$ (d) $\frac{-1}{x^m}$

**16.** यदि $x$ कोई शून्य के अतिरिक्त पूर्णांक है तथा $m$ और $n$ कोई पूर्णांक हैं, तो $(x^m)^n$ बराबर है–

(a) $x^{m+n}$ (b) $x^{mn}$ (c) $x^{\frac{m}{n}}$ (d) $x^{m-n}$

**17.** निम्न में से कौन $\left(-\frac{3}{4}\right)^{-3}$ के बराबर है?

(a) $\left(\frac{3}{4}\right)^{-3}$ (b) $-\left(\frac{3}{4}\right)^{-3}$ (c) $\left(\frac{4}{3}\right)^{3}$ (d) $\left(-\frac{4}{3}\right)^{3}$

**18.** $\left(-\frac{5}{7}\right)^{-5}$ बराबर है–

(a) $\left(\frac{5}{7}\right)^{-5}$ (b) $\left(\frac{5}{7}\right)^{5}$ (c) $\left(\frac{7}{5}\right)^{5}$ (d) $-\frac{7}{5}^{\;5}$

**19.** $\left(\frac{-7}{5}\right)^{-1}$ बराबर है–

(a) $\frac{5}{7}$ (b) $-\frac{5}{7}$ (c) $\frac{7}{5}$ (d) $\frac{-7}{5}$

**20.** $(-9)^3 \div (-9)^8$ बराबर है–

(a) $(9)^5$ (b) $(9)^{-5}$ (c) $(-9)^5$ (d) $(-9)^{-5}$

**21.** किसी शून्येतर पूर्णांक $x$ के लिए, $x^7 \div x^{12}$ बराबर है–

(a) $x^5$ (b) $x^{19}$ (c) $x^{-5}$ (d) $x^{-19}$

**22.** किसी शून्येतर पूर्णांक $x$ के लिए, $(x^4)^{-3}$ बराबर है–

(a) $x^{12}$ (b) $x^{-12}$ (c) $x^{64}$ (d) $x^{-64}$

**23.** $(7^{-1} - 8^{-1})^{-1} - (3^{-1} - 4^{-1})^{-1}$ का मान बराबर है–

(a) 44 (b) 56 (c) 68 (d) 12

**24.** 0.000064 का मानक रूप है–

(a) $64 \times 10^4$ (b) $64 \times 10^{-4}$ (c) $6.4 \times 10^5$ (d) $6.4 \times 10^{-5}$

**25.** 23,40,00,000 का मानक रूप है–

(a) $2.34 \times 10^8$ (b) $0.234 \times 10^9$ (c) $2.34 \times 10^{-8}$ (d) $0.234 \times 10^{-9}$

**26.** $2.03 \times 10^{-5}$ का सामान्य रूप है–

(a) 0.203 (b) 0.00203 (c) 2,03,000 (d) 0.0000203

## अन्वेषण कीजिए

**10 की शून्य तथा ऋणात्मक घात प्राप्त करने के लिए एक पैटर्न का उपयोग कीजिए।**

**चरण 1:** सारणी की प्रतिलिपि बनाइए तथा $10^2$ तथा $10^1$ का मूल्यांकन करके अगली दो कतार पूर्ण कीजिए।

**चरण 2:** जो कतार आपने पूरी की हैं उन्हें देखिए। घातांक में 1 की कमी होने पर प्रत्येक बार मानक रूप किस प्रकार परिवर्तित होता है?

**चरण 3:** सारणी में शेष कतार पूरी करने के लिए चरण 2 में स्थापित किये गये पैटर्न का उपयोग कीजिए।

| घात | सामान्य रूप |
|---|---|
| $10^3$ | 1000 |
| $10^2$ | ? |
| $10^1$ | ? |
| $10^0$ | ? |
| $10^{-1}$ | ? |
| $10^{-2}$ | ? |
| $10^{-3}$ | ? |

**27.** $\left(\frac{1}{10}\right)^0$ बराबर है–

(a) 0 (b) $\frac{1}{10}$ (c) 1 (d) 10

**28.** $\left(\frac{3}{4}\right)^5 \div \left(\frac{5}{3}\right)^5$ बराबर है–

(a) $\left(\frac{3}{4} \div \frac{5}{3}\right)^5$ (b) $\left(\frac{3}{4} \div \frac{5}{3}\right)^1$ (c) $\left(\frac{3}{4} \div \frac{5}{3}\right)^0$ (d) $\left(\frac{3}{4} \div \frac{5}{3}\right)^{10}$

**29.** किन्हीं दो शून्येतर परिमेय संख्याओं $x$ और $y$ के लिए, $x^4 \div y^4$ बराबर है–

(a) $(x \div y)^0$ (b) $(x \div y)^1$ (c) $(x \div y)^4$ (d) $(x \div y)^8$

**30.** एक शून्येतर परिमेय संख्या $p$ के लिए, $p^{13} \div p^8$ बराबर है–

(a) $p^5$ (b) $p^{21}$ (c) $p^{-5}$ (d) $p^{-19}$

**31.** एक शून्येतर परिमेय संख्या $z$ के लिए, $(z^{-2})^3$ बराबर है–

(a) $z^6$ (b) $z^{-6}$ (c) $z^1$ (d) $z^4$



12/04/18

**32.** $-\frac{1}{2}$ का घन है–

(a) $\frac{1}{8}$ (b) $\frac{1}{16}$ (c) $-\frac{1}{8}$ (d) $-\frac{1}{16}$

**33.** निम्न में से कौन $\left(\frac{2}{3}\right)^4$ का व्युत्क्रम नहीं है?

(a) $\left(\frac{3}{2}\right)^4$ (b) $\left(\frac{3}{2}\right)^{-4}$ (c) $\frac{2}{3}^{-4}$ (d) $\frac{3^4}{2^4}$

**प्रश्न 34 से 65 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**34.** $10^{10}$ का गुणन प्रतिलोम ____________ है।

**35.** $a^3 \times a^{10}$ = ___________ है।

## निष्कर्ष निकालिए

इन प्रश्नों को पूरा करने के लिए अपने प्रेक्षणों का उपयोग कीजिए।

**10 की घात को सामान्य रूप में लिखिए।**

1. $10^4$  2. $10^9$  3. $10^{-4}$  4. $10^{-6}$

**36.** $5^0$ = ___________ है।

**37.** $5^5 \times 5^{-5}$ = ___________ है।

**38.** $\left(\frac{1}{2^3}\right)^2$ का मान __________ है।

**39.** $8^{-2}$ के लिए आधार 2 की घात वाला व्यंजक __________ है।

**40.** बहुत छोटी संख्याओं को मानक रूप में 10 की __________ घातों का प्रयोग करके व्यक्त किया जा सकता है।

**41.** बहुत बड़ी संख्याओं को मानक रूप में 10 की __________ घातों का प्रयोग करके व्यक्त किया जा सकता है।

**42.** $(10)^5$ को $(10)^{-10}$ से गुणा करने पर, हमें _________ प्राप्त होता है।

**43.** $\left[\left(\frac{2}{13}\right)^{-6} \div \left(\frac{2}{13}\right)^3\right]^3 \times \left(\frac{2}{13}\right)^{-9}$ = ________ है।

**44.** $[4^{-1} + 3^{-1} + 6^{-2}]^{-1}$ का मान _________ है।

**45.** $[2^{-1} + 3^{-1} + 4^{-1}]^0 =$ ______ है।

**46.** $\left(\frac{1}{100000000}\right)$ का मानक रूप ______ है।

**47.** 1,23,40,000 का मानक रूप ______ है।

**48.** $3.41 \times 10^6$ का सामान्य रूप ______ है।

**49.** $2.39461 \times 10^6$ का सामान्य रूप ______ है।

**50.** यदि $36 = 6 \times 6 = 6^2$ है, तो $\frac{1}{36}$ आधार 6 की एक घात के रूप में ______ है।

## मुख्य अवधारणा

### वैज्ञानिक संकेतन

किसी संख्या को वैज्ञानिक संकेतन में लिखा गया माना जाता है जब इसका रूप $c \times 10^n$ हो, जहाँ $c > 1$, $c < 10$ तथा $n$ एक पूर्णांक है।

| सामान्य रूप | गुणन रूप | वैज्ञानिक संकेतन |
|---|---|---|
| 325,000 | $3.25 \times 100,000$ | $3.25 \times 10^5$ |
| 0.0005 | $5 \times 0.0001$ | $5 \times 10^{-4}$ |

**51.** $\left(\frac{5}{3}\right)^4$ को ______ से गुणा करने पर, हमे $5^4$ प्राप्त होता है।

**52.** $3^5 \div 3^{-6}$ को ______ रूप में सरलीकृत किया जा सकता है।

**53.** $3 \times 10^{-7}$ का मान ______ है।

**54.** मानक रूप में दी हुई संख्याओं को जोड़ने के लिए, हम पहले उन्हें ______ घातांकों वाली संख्याओं में बदलते हैं।

**55.** 32,50,00,00,000 का मानक रूप ______ है।

**56.** 0.000000008 का मानक रूप ______ है।

**57.** $2.3 \times 10^{-10}$ का सामान्य रूप ______ है।

**58.** $8^5$ को ______ से भाग देने पर हमें 8 प्राप्त होता है।

**59.** ______ को $2^{-5}$ से गुणा करने पर, हमें $2^5$ प्राप्त होता है।

**60.** $[3^{-1} \times 4^{-1}]^2$ का मान ______ है।



12/04/18

**61.** $[2^{-1} \times 3^{-1}]^{-1}$ का मान ________ है।

**62.** $(6^0 - 7^0) \times (6^0 + 7^0)$ को सरल करने पर, हमें ________ प्राप्त होता है।

**63.** $3^5$ को ऋणात्मक घातांक के साथ लिखने के लिए व्यंजक ________ है।

**64.** $(-7)^6 \div 7^6$ का मान ________ है।

**65.** $[1^{-2} + 2^{-2} + 3^{-2}] \times 6^2$ का मान ________ है।

**प्रश्न 66 से 90 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य–**

**66.** $(-4)^{-2}$ का गुणन प्रतिलोम $(4)^{-2}$ है।

**67.** $\left(\frac{3}{2}\right)^2$ का गुणन प्रतिलोम $\left(\frac{2}{3}\right)^{-2}$ के बराबर नहीं है।

**68.** $10^{-2} = \frac{1}{100}$ है।

**69.** $24.58 = 2 \times 10 + 4 \times 1 + 5 \times 10 + 8 \times 100$ है।

**70.** $329.25 = 3 \times 10^2 + 2 \times 10^1 + 9 \times 10^0 + 2 \times 10^{-1} + 5 \times 10^{-2}$ है।

**71.** $(-5)^{-2} \times (-5)^{-3} = (-5)^{-6}$ है।

**72.** $(-4)^{-4} \times (4)^{-1} = (4)^5$ है।

**73.** $\left(\frac{2}{3}\right)^{-2} \times \left(\frac{2}{3}\right)^{-5} = \left(\frac{2}{3}\right)^{10}$ है।

**74.** $5^0 = 5$ है।

**75.** $(-2)^0 = 2$ है।

**76.** $\left(-\frac{8}{2}\right)^0 = 0$ है।

**77.** $(-6)^0 = -1$ है।

**78.** $(-7)^{-4} \times (-7)^2 = (-7)^{-2}$ है।

**79.** $\frac{1}{4^{-2}}$ का मान 16 है।

**80.** $4^{-3}$ के लिए आधार 2 की घात के रूप का व्यंजक $2^6$ है।

**81.** $a^p \times b^q = (ab)^{pq}$ है।

**82.** $\frac{x^m}{y^m} = \left(\frac{y}{x}\right)^{-m}$ होता है।

**83.** $a^m = \frac{1}{a^{-m}}$ होता है।

**84.** $(-2)^4 \times \left(\frac{5}{2}\right)^4$ का घातांकीय रूप $5^4$ है।

**85.** 0.000037 का मानक रूप $3.7 \times 10^{-5}$ है।

## मुख्य अवधारणा

**शून्य तथा ऋणात्मक घातांकों की परिभाषा**

मान लीजिए कि $a$ कोई शून्येतर संख्या तथा $n$ एक पूर्णांक है।

| शब्द | बीजगणित | उदाहरण |
|---|---|---|
| $a$ का घात शून्य 1 होता है। | $a^0 = 1$ | $5^0 = 1$ |
| $a^{-n}$ का व्युत्क्रम $a^{-n}$ है। | $a^{-n} = \frac{1}{a^n}$ | $2^{-3} = \frac{1}{2^3}$ |
| $a^n$ का व्युत्क्रम $a^n$ है। | $a^n = \frac{1}{a^{-n}}$ | $2 = \frac{1}{2^{-1}}$ |

**86.** 203000 का मानक रूप $2.03 \times 10^5$ है।

**87.** $2 \times 10^{-2}$ का सामान्य रूप 0.02 नहीं है।

**88.** $5^{-2}$ का मान 25 है।

**89.** बड़ी संख्याओं को 10 की धनात्मक घातों का प्रयोग करके मानक रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

**90.** $a^m \times b^m = (ab)^m$ है।

**91.** निम्न के गुणन प्रतिलोम ज्ञात कीजिए–

(i) $100^{-10}$ (ii) $2^{-2} \times 2^{-3}$ (iii) $\left(\frac{1}{2}\right)^{-2} \div \left(\frac{1}{2}\right)^{-3}$

**92.** $3^{-5} \times 3^{-4}$ को धनात्मक घातांक वाली 3 की घात के रूप में व्यक्त कीजिए।

**93.** $16^{-2}$ को आधार 2 की घात के रूप में व्यक्त कीजिए।

**94.** $\frac{27}{64}$ और $\frac{-27}{64}$ को परिमेय संख्याओं की घातों के रूप में व्यक्त कीजिए।

**95.** $\frac{16}{81}$ और $\frac{-16}{81}$ को परिमेय संख्याओं के घातों के रूप में व्यक्त कीजिए।

**96.** निम्न को एक परिमेय संख्या की घात के रूप में लिखिए, जिसमें ऋणात्मक घातांक हो–

(a) $\left(\left(\frac{-3}{2}\right)^{-2}\right)^{-3}$ (b) $(2^5 \div 2^8) \times 2^{-7}$

**97.** (–2) के घन और (+4) के वर्ग का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

**98.** सरल कीजिए–

(i) $\left(\frac{1}{4}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{2}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{3}\right)^{-2}$

(ii) $\left(\left(\frac{-2}{3}\right)^{-2}\right)^{3} \times \left(\frac{1}{3}\right)^{-4} \times 3^{-1} \times \frac{1}{6}$

(iii) $\frac{49 \times z^{-3}}{7^{-3} \times 10 \times z^{-5}}$ $(z \neq 0)$

(iv) $(2^5 \div 2^8) \times 2^{-7}$

**99.** निम्न में $x$ का मान ज्ञात कीजिए–

(i) $\left(\frac{5}{3}\right)^{-2} \times \left(\frac{5}{3}\right)^{-14} = \left(\frac{5}{3}\right)^{8x}$

(ii) $(-2)^3 \times (-2)^{-6} = (-2)^{2x-1}$

(iii) $(2^{-1} + 4^{-1} + 6^{-1} + 8^{-1})^x = 1$

**100.** 293 को 10,00,000 से भाग दीजिए और परिणाम को मानक रूप में व्यक्त कीजिए।

**101.** $x^{-3}$ का मान ज्ञात कीजिए, यदि $x = (100)^{1-4} \div (100)^0$ है।

**102.** $(-29)^0$ को किस संख्या से गुणा करें कि गुणनफल $(+29)^0$ हो जाए?

**103.** $(-15)^{-1}$ को किस संख्या से भाग दिया जाए कि भागफल $(-15)^{-1}$ हो?

**एक युक्ति की योजना बनाइए:**

- आवश्यकता से अधिक/आवश्यकता से कम सूचना पहचानना।

  जब आप किसी समस्या को पढ़ते हैं, तो आपको निर्णय करना होता है कि उसमें आवश्यकता से अधिक अथवा आवश्यकता से कम सूचना है। यदि समस्या में आवश्यकता से अधिक सूचना है, तो आप निर्णय कीजिए कि समस्या को हल करने में उसमें से कितनी सूचना लेनी है। यदि समस्या में आवश्यकता से कम सूचना है, तो अब निर्धारित कीजिए कि समस्या का हल करके कितनी अतिरिक्त सूचना चाहिए।

- नीचे दी गयी समस्याओं को पढ़िए तथा निर्णय कीजिए कि प्रत्येक समस्या में कोई आवश्यकता से अधिक सूचना है अथवा आवश्यकता से कम सूचना है। यदि आवश्यकता से अधिक सूचना है, तो बताइए कि समस्या हल करने में आप किस सूचना का उपयोग करेंगे। यदि आवश्यकता से कम सूचना है, तो बताइए कि समस्या को हल करने में आप को किस अतिरिक्त सूचना की आवशयकता है।

- सोमवार को 20 विद्यार्थियों ने एक परीक्षा दी। 185 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 तथा 85 से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी 10 थी। औसत अंक कितना रहा।

- आयशा मैराथन दौड़ के लिए अभ्यास कर रही है। वह सोमवार को 50 मिनट, बुधवार को 70 मिनट तथा शुक्रवार को 45 मिनट दौड़ी। मंगलवार तथा बृहस्पतिवार में से प्रत्येक दिन उसने जिम में भार उठाए। आयशा ने अंतिम सप्ताह में दौड़ने में प्रतिदिन कितना औसत समय व्यतीत किया?

**104.** $(-7)^{-2} \div (90)^{-1}$ का गुणन प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।

**105.** यदि $5^{3x-1} \div 25 = 125$ हो, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

**106.** 39,00,00,000 को मानक रूप में लिखिए।

**107.** 0.000005678 को मानक रूप में लिखिए।

**108.** $3.2 \times 10^6$ और $4.1 \times 10^{-1}$ के गुणनफल को मानक रूप में व्यक्त कीजिए।

**109.** $\dfrac{1.5\times10^6}{2.5\times10^{-4}}$ को मानक रूप में व्यक्त कीजिए।

**110.** कुछ स्थानांतरण करने वाली चिड़िया स्वदेश की चरम जलवायु संबंधी परिस्थितियों से बचने के लिए 15000 km तक की दूरी तय करती हैं। इस दूरी को, वैज्ञानिक संकेतन का प्रयोग करते हुए मीटरों में लिखिए।

**111.** प्लूटो सूर्य से 5,91,30,00,000 m की दूरी पर है। इस दूरी को मानक रूप में व्यक्त कीजिए।

**112.** कुछ विशेष तुलाएँ 0.00000001 ग्राम तक का भार तोल सकती हैं। इस संख्या को मानक रूप में व्यक्त कीजिए।

**113.** चीनी की एक फैक्ट्री की वार्षिक बिक्री 3 बिलियन 720 मिलियन किलोग्राम है। इस बिक्री को मानक रूप में व्यक्त कीजिए।



12/04/18

**114.** रक्त में लाल रक्त सैलों की संख्या लगभग 5.5 मिलियन प्रति घन मिलीमीटर है। यदि औसतन शरीर में 5 लीटर रक्त होता है, तो शरीर में लाल रक्त सैलों की संख्या कितनी है? इसे मानक रूप में लिखिए। (1लीटर = 100000mm$^3$ है)

**115.** निम्न में से प्रत्येक को मानक रूप में व्यक्त कीजिए –

(a) एक प्रोटोन का द्रव्यमान (ग्राम में) निम्न है

$$\frac{1673}{1000000000000000000000000000}$$

(b) हीलियम के एक परमाणु का व्यास 0.000000022cm है।

(c) हाइड्रोजन गैस के एक अणु का द्रव्यमान लगभग 0.00000000000000000000334 टन है।

(d) मानव शरीर में विभिन्न आकारों और मापों वाले 1 ट्रिलियन सेल होते हैं।

(e) 56$km$ को $m$ में व्यक्त कीजिए।

(f) 5 टन को ग्राम में व्यक्त कीजिए।

(g) 2 वर्षों को सेकेंडों में बदलिए।

(h) 5 हेक्टेयर को cm$^2$ में बदलिए। (1 हेक्टेयर = 10000$m^2$)

**116.** $x$ ज्ञात कीजिए, ताकि $\left(\frac{2}{9}\right)^3 \times \left(\frac{2}{9}\right)^{-6} = \left(\frac{2}{9}\right)^{2x-1}$ हो।

**117.** $\left(\frac{-3}{2}\right)^{-3}$ को किस संख्या से भाग दिया जाए कि भागफल $\left(\frac{4}{27}\right)^{-2}$ प्राप्त हो?

**118.** यदि $\frac{6^n}{6^{-2}} = 6^3$ है, तो $n$ का मान ज्ञात कीजिए।

**119.** यदि $\frac{2^n \times 2^6}{2^{-3}} = 2^{18}$ है, तो $n$ का मान ज्ञात कीजिए।

**120.** $\frac{125 \times x^{-3}}{5^{-3} \times 25 \times x^{-6}}$ को सरल कीजिए।

**121.** $\frac{16 \times 10^2 \times 64}{2^4 \times 4^2}$ को सरल कीजिए।

**122.** यदि $\frac{5^m \times 5^3 \times 5^{-2}}{5^{-5}} = 5^{12}$ है, तो $m$ ज्ञात कीजिए।

**123.** एक नवजात भालू का भार 4 $kg$ है। पाँच वर्ष की आयु के भालू का क्या भार होगा, यदि 5 वर्षों में भालू का भार पिछले भार की दूसरी घात हो जाता है?

**124.** किसी जीवाणु के सेल प्रत्येक 30 मिनट में दोगुने हो जाते हैं। कोई वैज्ञानिक केवल एक सेल से प्रारंभ करता है। निम्न समय के बाद कितने सैल हो जाएँगे?

(a) 12 घंटे (b) 24 घंटे

**125.** ग्रह A पृथ्वी से $9.35 \times 10^6$ $km$ की दूरी पर है तथा ग्रह B पृथ्वी से $6.27 \times 10^7$ $m$ की दूरी पर है। कौन-सा ग्रह पृथ्वी के अधिक निकट है?

**126.** किसी जीवाणु के सेल प्रत्येक घंटे में दोगुने हो जाते हैं। यदि हम प्रारंभिक रूप से 1 सेल लें, तो 8 घंटे बाद कितने सेल हो जाएँगे? उत्तर को घातों के रूप में व्यक्त कीजिए।

**127.** कोई कीड़ा एक संख्या रेखा के बिंदु O पर है और वह 1 की ओर उछल रहा है। वह प्रत्येक उछाल में, अपनी वर्तमान स्थिति से 1 के बीच की दूरी की आधी दूरी तय करता है। अतः, वह एक उछाल के बाद $\frac{1}{2}$, दो उछालों के बाद $\frac{3}{4}$ इत्यादि पर होगा।




(a) कीड़े की प्रथम 10 उछालों के बाद की स्थितियों को दर्शाने वाली एक सारणी बनाइए।

(b) $n$ उछालों के बाद कीड़ा कहाँ होगा?

(c) क्या कीड़ा कभी 1 तक पहुँच पाएगा? स्पष्ट कीजिए।

**128.** **इकाई का अंक बताना**– इस सारणी की प्रतिलिपि बनाकर इसे पूरा कीजिए और आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

घात सारणी

| $x$ | $1^x$ | $2^x$ | $3^x$ | $4^x$ | $5^x$ | $6^x$ | $7^x$ | $8^x$ | $9^x$ | $10^x$ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 2 | | | | | | | | |
| 2 | 1 | 4 | | | | | | | | |
| 3 | 1 | 8 | | | | | | | | |
| 4 | 1 | 16 | | | | | | | | |
| 5 | 1 | 32 | | | | | | | | |
| 6 | 1 | 64 | | | | | | | | |
| 7 | 1 | 128 | | | | | | | | |
| 8 | 1 | 256 | | | | | | | | |
| घातों की इकाइयों के अंक | 1 | 2,4,8,6 | | | | | | | | |



12/04/18

(a) बताइए कि घातों की इकाइयों के अंकों में आप क्या पैटर्न देखते हैं।

(b) निम्न में प्रत्येक के लिए इकाई का अंक बताइए–

1. $4^{12}$ 2. $9^{20}$ 3. $3^{17}$ 4. $5^{100}$ 5. $10^{500}$

(c) निम्न में प्रत्येक के लिए इकाई का अंक बताइए–

1. $31^{10}$ 2. $12^{10}$ 3. $17^{21}$ 4. $29^{10}$

**129. खगोलविज्ञान**– निम्न सारणी हमारे सौर मंडल में ग्रहों तथा सूर्य और चंद्रमा के द्रव्यमान दर्शाती है–

| खगोलीय पिंड | द्रव्यमान ( किग्रा में ) | मानक संकेतन में द्रव्यमान ( किग्रा में ) |
|---|---|---|
| सूर्य | 1,990,000,000,000,000,000,000,000,000,000 | $1.99 \times 10^{30}$ |
| बुध | 330,000,000,000,000,000,000,000 | |
| शुक्र | 4,870,000,000,000,000,000,000,000 | |
| पृथ्वी | 5,970,000,000,000,000,000,000,000 | |
| मंगल | 642,000,000,000,000,000,000,000 | |
| बृहस्पति | 1,900,000,000,000,000,000,000,000,000 | |
| शनि | 568,000,000,000,000,000,000,000,000 | |
| यूरेनस | 86,800,000,000,000,000,000,000,000 | |
| नेप्चून | 102,000,000,000,000,000,000,000,000 | |
| प्लूटो | 12,700,000,000,000,000,000,000 | |
| चंद्रमा | 73,500,000,000,000,000,000,000 | |

(a) प्रत्येक ग्रह और चंद्रमा का द्रव्यमान वैज्ञानिक संकेतन में लिखिए।

(b) ग्रहों और चंद्रमा को द्रव्यमान के अनुसार छोटे से बड़े क्रम में लिखिए।

(c) किस ग्रह का द्रव्यमान लगभग वही है जो पृथ्वी का है?

**130. सौर मंडल की खोज** – नीचे दी गई सारणी सूर्य से प्रत्येक ग्रह की औसत दूरी दर्शाती है–

| ग्रह | सूर्य से दूरी (km में) | सूर्य से दूरी (km में) मानक संकेतन |
|---|---|---|
| पृथ्वी | 149,600,000 | $1.496 \times 10^{8}$ |
| बृहस्पति | 778,300,000 | |
| मंगल | 227,900,000 | |
| बुध | 57,900,000 | |
| नेप्चून | 4,497,000,000 | |
| प्लूटो | 5,900,000,000 | |
| शनि | 1,427,000,000 | |
| यूरेनस | 2,870,000,000 | |
| शुक्र | 108,200,000 | |

(a) सूर्य से प्रत्येक ग्रह की दूरी को वैज्ञानिक संकेतन में व्यक्त कर सारणी को पूरा कीजिए।

(b) सूर्य के निकट से सूर्य के दूर होने वाले क्रम में ग्रहों को व्यवस्थित कीजिए।

**131.** यह सारणी पाँच रासायनिक तत्वों एक परमाणु के द्रव्यमान को प्रदर्शित करती है। इसका प्रयोग करते हुए, आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

| तत्व | परमाणु का द्रव्यमान (kg में) |
|---|---|
| टिटेनियम | $7.95 \times 10^{-26}$ |
| लेड (सीसा) | $3.44 \times 10^{-25}$ |
| सिलवर (चाँदी) | $1.79 \times 10^{-25}$ |
| लीथियम | $1.15 \times 10^{-26}$ |
| हाइड्रोजन | $1.674 \times 10^{-27}$ |

(a) कौन-सा तत्व सबसे अधिक भारी है?

(b) सिल्वर या टिटेनियम में से कौन-सा तत्व हल्का है?

(c) सभी पाँचों तत्वों को हल्के से भारी के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

**132.** ग्रह यूरेनस सूर्य से लगभग 2896819200000 मीटर दूर है। यह दूरी मानक रूप में क्या है?

**133.** एक इंच लगभग 0.02543 मीटर है। इसको मानक रूप में लिखिए।

**134.** पृथ्वी का आयतन सूर्य के आयतन का लगभग $7.67 \times 10^{-7}$ गुना है। इस संख्या को सामान्य रूप में व्यक्त कीजिए।

**135.** एक इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान लगभग $9.1093826 \times 10^{-31}$ kg है। ग्राम में यह द्रव्यमान क्या है?

**136.** 20वीं शताब्दी के अंत में, विश्व की जनसंख्या लगभग $6.1 \times 10^{9}$ थी। इस जनसंख्या को सामान्य रूप में व्यक्त कीजिए। आप इस संख्या को शब्दों में किस प्रकार बोलेंगे?

**137.** अपने परिवार के इतिहास का अध्ययन करने के लिए शिखा ने अपने पूर्वजों की पिछली 12 पीढ़ियों का रिकार्ड खोज लिया। उसने पता किया कि पिछली 12 पीढ़ियों में उसके कितने पूर्वज थे। इस संख्या को जानने के लिए, उसने एक आरेख बनाना प्रारंभ किया। कुछ समय बाद, आरेख जटिल होने लगा।




(a) 12 पीढ़ियों में से प्रत्येक में पूर्वजों की संख्या दर्शाने के लिए एक सारणी और आलेख बनाइए।

(b) एक दी हुई पीढ़ी $n$ के पूर्वजों की संख्या के लिए एक समीकरण लिखिए।



12/04/18

**138.** किसी नदी से होकर प्रत्येक दिन लगभग 230 बिलियन लीटर पानी बहता है। एक सप्ताह में इस नदी से होकर कितने लीटर पानी बहता है? एक वर्ष में, इस नदी से होकर कितने लीटर पानी बहता है? अपने उत्तर वैज्ञानिक संकेतन में लिखिए।

**139.** एक अर्ध जीवनकाल का अर्थ है कि एक रेडियोधर्मी पदार्थ को अपनी प्रारंभिक राशि से आधी राशि तक क्षय होने में कितना समय लगता है।

(a) मान लीजिए कि रेडियोधर्मी क्षय के कारण किसी पदार्थ का 300 ग्राम 3 अर्ध जीवनकालों में घट कर $300 \times 2^{-3}$ ग्राम रह जाता है। यह ज्ञात करने के लिए कि कितना पदार्थ बचा है, $300 \times 2^{-3}$ का मान निकालिए।

(b) स्पष्ट कीजिए कि क्यों व्यंजक $300 \times 2^{-n}$ का $n$ अर्ध-जीवनकालों के बाद शेष बची पदार्थ की मात्रा ज्ञात करने के लिए किया जा सकता है।

**140.** किसी रेडियोधर्मी पदार्थ की एक मात्रा पर विचार कीजिए। व्यंजक $3^{-t}$ का उपयोग $t$ अर्ध-जीवनकालों के बाद इस मात्रा के शेष भाग को ज्ञात करने में किया जा सकता है।

(a) उस पदार्थ का कितना भाग 7 अर्ध-जीवनकालों के बाद शेष रहता है?

(b) कितने अर्ध-जीवनकालों के बाद प्रारंभिक मात्र का $\frac{1}{243}$ भाग शेष रहता है?

**141.** एक फर्मी $10^{-15}$ मीटर के बराबर है। एक प्रोटॉन की त्रिज्या 1.3 फर्मीस है। एक प्रोटॉन की मीटरों में त्रिज्या को मानक रूप में लिखिए।

**142.** नीचे दिये गए पेपरक्लिप की लंबाई दर्शाई गयी है। लंबाई मानक रूप में कितनी है?




**143.** घातांकों के गुणों का प्रयोग करते हुए, सत्यापित कीजिए कि प्रत्येक कथन सत्य है?

(a) $\frac{1}{4}(2^n) = 2^{n-2}$ (b) $4^{n-1} = \frac{1}{4}(4)^n$ (c) $25(5^{n-2}) = 5^n$

**144.** रिक्त स्थानों को भरिए-




**145.** एक दिन में 86,400 सेकेंड होते हैं। एक सेकेंड कितने दिन लंबा है? अपने उत्तर को वैज्ञानिक संकेतन में व्यक्त कीजिए।

**146.** नीचे दी हुई सारणी किसी राज्य के 2008 और 2009 वर्षों में विभिन्न फसल उत्पादनों को दर्शाती है। इस सारणी को देखिए और आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| फसल | 2008 का उत्पादन (हेक्टेयर) | 2009 के उत्पादन में वृद्धि / कमी (हेक्टेयर) |
|---|---|---|
| बाजरा | $1.4 \times 10^3$ | – 100 |
| ज्वार | $1.7 \times 10^6$ | – 440,000 |
| चावल | $3.7 \times 10^3$ | – 100 |
| गेहूँ | $5.1 \times 10^5$ | + 190,000 |

(a) किस (किन) फसल (लों) के उत्पादन में कमी हुई?

(b) वर्ष 2009 में हुए सभी फसलों के उत्पादनों को मानक रूप में व्यक्त कीजिए।

(c) यह कल्पना करते हुए कि, चावल के उत्पादन में प्रत्येक वर्ष उतनी ही कमी होगी जितनी 2009 में हुई है, तो 2015 में कितने हेक्टेयर भूमि में चावल का उत्पादन होगा? इसे मानक रूप में लिखिए।

**147. खींचने वाली मशीन**

मान लीजिए कि आपके पास एक खींचने वाली मशीन है, जो अधिकांश वस्तुओं को खींचकर बड़ा कर सकती है। उदाहरणार्थ, यदि आप एक '× 4' खींचने वाली मशीन में एक 5 मीटर लंबी डंडी डालते हैं, तो वह (नीचे के अनुसार) परिणाम देती है। आप 20 मीटर लंबी डंडी प्राप्त करेंगे।

अब आप यदि आप '× 4' मशीन में 10 सेमी लंबी गाजर डालें, तो बाहर निकलने पर इसकी क्या लंबाई होगी?







**148.** दो मशीनों को जोड़ा जा सकता है। यदि इन जोड़ी गयी मशीनों में कुछ डाला जाता है, तो पहली मशीन का निर्गम दूसरी मशीन का आगमन होता है।

(a) कौन-सी दो मशीनें मिलकर वही कार्य करती हैं जो एक मशीन '$\times 10^2$' कार्य करती है? क्या दो मशीनों की एक से अधिक ऐसी व्यवस्थाएँ हैं?






12/04/18

(b) कौन-सी खींचने वाली मशीन उतना ही कार्य करेगी जितना दो '×2' मशीनें मिलकर करती हैं?




**149. रिपीटर मशीन**

इसी प्रकार, रिपीटर मशीन एक परिकल्पित मशीन है, जो स्वत: ही वस्तुओं को बार-बार आवर्धित करती रहती है। उदाहरणार्थ, किसी तार को एक $(\times 2^4)$ मशीन में भेजने का अर्थ वही है, जो उसे एक $(\times 2)$ मशीन में चार बार भेजने का है। अत:, यदि आप तार के एक 3 सेमी टुकड़े को एक $(\times 2^4)$ मशीन में भेजते हैं, तो उसकी लंबाई $3 \times 2 \times 2 \times 2 \times 2 = 48$ सेमी हो जाएगी। इसे इस प्रकार भी लिखा जा सकता है कि आधार 2 की मशीन को 4 बार अनुप्रयोगित किया गया है।




इस मशीन में 4 सेमी लंबी पट्टी डालने पर उसकी नयी लंबाई क्या होगी?

**150.** निम्न रिपीटर मशीनों में से प्रत्येक में, आधार मशीन का कितनी बार प्रयोग किया गया है तथा लंबाई में कुल खिंचाव कितना है?




(a) (b) (c)

**151.** ऐसी तीन रिपीटर मशीनें ज्ञात कीजिए, जो उतना ही कार्य करेंगी जो एक '×64' मशीन करती है। इन्हें खींचिए या इन्हें घातांकों का प्रयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए।

**152.** निम्न मशीन 2 सेमी लंबी एक चॉक का क्या करेगी?






12/04/18

**153.** 0 घातांक वाली एक रिपीटर मशीन में आधार मशीन का 0 बार प्रयोग किया जाता है।

(a) ये मशीनें एक चॉक के टुकड़े का क्या करेंगी?




(b) आप $6^0$ के मान के बारे में क्या सोचते हैं?

आप देख चुके हैं कि एक ही आधार वाली जोड़ी गयी रिपीटर मशीनों को एक अकेली रिपीटर मशीन से प्रतिस्थापित किया जा सकता है। इसी प्रकार, आप जब एक ही आधार वाले घातांकीय व्यंजकों का गुणा करते हैं, तो आप इन्हें एक ही व्यंजक से प्रतिस्थापित कर सकते हैं।

**आसिफ़ रज़ा ने सोचा कि कैसे वह व्यंजक $2^{20} \times 2^5$ को दुबारा लिख सकता है।**




आसिफ़ का विचार घातांकों के एक गुणनफल नियम का है, जिसे नीचे दर्शाए गए सूत्र के अनुसार व्यक्त किया जा सकता है–

**समान आधार वाले व्यंजकों का गुणा करना**

$$a^b \times a^c = a^{b+c}$$

वास्तव में, इस नियम को दो से अधिक व्यंजकों के लिए भी प्रयुक्त किया जा सकता है। जब तक आधार समान रहें, गुणनफल ज्ञात करने के लिए, आप उसी आधार का प्रयोग करते हुए, घातांकों को जोड़ सकते हैं। उदाहरण के लिए,

$$3^2 \times 3^3 \times 3^{10} = 3^{2+3+10}$$

$$= 3^{15}$$



12/04/18

**154. सिकोड़ने वाली मशीन–**

सिकोड़ने वाली मशीन में, एक डंडी को दबा कर उसकी लंबाई कम की जाती है। यदि नीचे दी गई सिकोड़ने वाली मशीन में एक 9 cm लंबी सैंडविच रखी जाएगी, तो यह बाहर निकलने पर कितनी लंबी होगी?




**155.** जब 1cm लंबे कीड़े को निम्न मशीनों के संग्रह में डालते हैं, तो क्या होता है–

(i)



(ii)



**156.** संचय ने गोंद की 1cm लंबी पट्टी को एक $(1 \times 3^{-2})$ मशीन में डाला। बाहर निकलने पर यह पट्टी कितनी लंबी थी?

**157.** अजय के पास 1cm लंबा एक गोंद की पट्टी का टुकड़ा था। उसने उसे नीचे दी हुई रिपीटर मशीन में डाल दिया और यह बाहर निकलने पर $\frac{1}{100,000}$ cm लंबा था। आकृति में अज्ञात मान क्या है?




**158.** एक अकेली मशीन ज्ञात कीजिए, जो वही कार्य करे, जो मशीनों के निम्न संग्रह करते हैं–

(a) एक $(\times 2^3)$ मशीन के बाद एक $(\times 2^{-2})$ मशीन

(b) एक $(\times 2^4)$ मशीन के बाद एक $\left(\times\left(\frac{1}{2}\right)^2\right)$ मशीन

(c) एक $(\times 5^{99})$ मशीन के बाद एक $(5^{-100})$ मशीन

माया ने $4^2 \times 3^2$ को खींचने वाली मशीन के बारे में सोचते हुए गुणा किया।




माया के विचार का प्रयोग करते हुए $5^3 \times 2^3$ ज्ञात कीजिए।

माया का विचार घातांकों को गुणा करने का एक अन्य नियम है।

**समान घातांकों वाले व्यंजकों का गुणन**

$$a^c \times b^c = (a \times b)^c$$

आप इस नियम को दो से अधिक व्यंजकों के लिए भी प्रयोग कर सकते हैं। यदि घातांक समान हैं, तो व्यंजकों का गुणा करने के लिए, घातांक समान रखते हुए आधारों का गुणा कर दीजिए। उदाहरणार्थ, $2^8 \times 3^8 \times 7^8 = (2 \times 3 \times 7)^8 = 42^8$

**159.** एक ऐसी अकेली रिपीटर मशीन ज्ञात कीजिए, जो उतना ही कार्य करेगी जितना नीचे दी गयी मशीनों का प्रत्येक संग्रह करता है–

(a) 


(b) 


(c) 

(d) 


(e) 


(f) 


**160.** मशीनों के प्रत्येक संग्रह के लिए, निर्धारित कीजिए कि क्या कोई ऐसी अकेली रिपीटर मशीन है जो वही कार्य करेगी जो यह संग्रह करता है। यदि हाँ तो इसका विवरण दीजिए या इसकी आकृति खींचिए।

(a) 


(b) 


(c) 


(d) 

(e) 


**161.** शिखा को एक गोल्फ कोर्स डिज़ाइनर से एक ($\times 2^3$) मशीन द्वारा और फिर एक ($\times 3^3$) मशीन द्वारा ताड़ के पेड़ लगाने का आर्डर प्राप्त होता है। वह सोचती है कि वह इस कार्य को एक अकेली रिपीटर मशीन से कर सकती है। उसे किस अकेली रिपीटर मशीन का प्रयोग करना चाहिए?




**162.** नेहा को कुछ स्टिक्स को उनकी मूल लंबाइयों से $25^2$ गुना खींच कर लंबा करवाना है, परंतु उसकी ($\times 25$) मशीन टूट जाती है। दो रिपीटर मशीनों का संग्रह ज्ञात कीजिये जो ($\times 25$) मशीन के समान ही कार्य कर सके। इसको प्रारंभ करने के लिए, आप एक ऐसे संग्रह के बारे में सोचिए जिसे आप एक ($\times 25$) मशीन के बदले में प्रयोग कर सकते हैं।




**163.** प्रत्येक आरेख के लिए, अज्ञात सूचना की पूर्ति कीजिए।

(a) 


(b) 




12/04/18

(c) 


(d) 


**164.** यदि संभव है, तो अभाज्य संख्या के आधार वाली मशीनों का एक संग्रह ज्ञात कीजिए, जो वही कार्य करे जो एक दी हुई खींचने वाली मशीन करती है। (×1) मशीन का प्रयोग मत कीजिए।




(a) (b) (c) (d)

**165.** ऐसी दो रिपीटर मशीनें ज्ञात कीजिए, जो वही कार्य करें जो एक (×81) मशीन करती है।

**166,** एक रिपीटर मशीन ज्ञात कीजिए, जो वही कार्य करे जो एक $(\times \frac{1}{8})$ मशीन कार्य करती है।

**167.** ऐसी तीन मशीनें ज्ञात कीजिए, जो (×5) मशीनों के संग्रहों से बदली जा सकती हैं।

**168.** नीचे दिये गये चार्ट के बाएँ स्तंभ में रिब्बन के निवेश टुकड़ों की लंबाइयाँ दी गयी हैं। खींचने वाली मशीनें ऊपर दी गयी हैं। अन्य प्रविष्टियाँ उस पंक्ति द्वारा रिब्बन को उस स्तंभ में दी गयी मशीन में निवेश करने से प्राप्त निर्गतों की हैं। इसकी प्रतिलिपि बनाकर पूरा कीजिए–

| **निवेश लंबाई** | **मशीन** | | |
|---|---|---|---|
| | × 2 | | |
| | 1 | 5 | |
| 3 | | | |
| | 14 | | 35 |

**169.** नीचे दिये गये चार्ट के बाएँ स्तंभ में सोने की प्रवेश जंजीरों की लंबाइयाँ दी गयी हैं तथा रिपीटर मशीनों को ऊपर लिखा गया है। अन्य प्रविष्टियाँ उन निर्गतों के लिए हैं जो उस पंक्ति में से दिये गये जंजीर के निवेश द्वारा उस स्तंभ में दी रिपीटर मशीन द्वारा प्राप्त होते हैं। इसकी प्रतिलिपि बनाकर इसे पूरा कीजिए।

| **निवेश लंबाई** | **रिपीटर मशीन** | | |
|---|---|---|---|
| | $\times 2^3$ | $3^3$ | |
| | 40 | | 125 |
| 2 | | | 50 |
| | | 162 | |

**170.** बहुत समय पहले, प्राचीन काल में, एक किसान ने एक राजा की पुत्री की जान बचाई। राजा ने किसान को उसकी इच्छानुसार पुरस्कार देने का निर्णय किया। वह किसान, जो शतरंज का एक चैंपियन था, ने एक असामान्य प्रार्थना की जो इस प्रकार है–

''मैं चाहता हूँ कि आप 1 रुपया मेरे शतरंज के बोर्ड के पहले वर्ग पर रखें, 2 रुपए दूसरे वर्ग पर, 4 रुपए तीसरे वर्ग पर, 8 रुपए चौथे वर्ग पर, और इसी प्रकार आगे रखते जाएँ, जब तक कि सभी 64 वर्गों पर रुपए न रख दिए जाएँ। प्रत्येक वर्ग में उस वर्ग से पहले वर्ग में रखे रुपयों के दुगुने रुपए रखे होने चाहिए।'' राजा ने सोचा कि यह राशि बहुत कम है। इसलिए उसने किसान से कोई अच्छा पुरस्कार माँगने के लिए कहा। परंतु किसान उससे सहमत नहीं हुआ।

क्या आप सोचते हैं कि किसान का चुनाव बुद्धिमतापूर्ण था?

(संकेत– निम्न सारणी आपको यह जानने में सहायता कर सकती है कि कौन सा वर्ग प्रथम होगा जिस पर राजा न्यूनतम 10 लाख रुपए रखेगा।)

| **शतरंज के बोर्ड पर वर्ग की संख्या** | **धनराशि (रुपयों में)** |
|---|---|
| पहला वर्ग | 1 |
| दूसरा वर्ग | 2 |
| तीसरा वग | 4 |

**171.** सूर्य का व्यास $1.4 \times 10^9$m है तथा पृथ्वी का व्यास $1.2756 \times 10^7$m है। विभाजन द्वारा इन व्यासों की तुलना कीजिए।

**172.** मंगल का द्रव्यमान $6.42 \times 10^{23}$kg है और सूर्य का द्रव्यमान 1.99kg $\times 10^{30}$kg है। उनका कुल द्रव्यमान क्या है?

**173.** सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी $1.496 \times 10^8$km है तथा पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी $3.84 \times 10^8$m है। सूर्य ग्रहण होने पर, चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है। इस विशेष समय पर सूर्य और चंद्रमा के बीच की दूरी क्या है?

**174.** एक विशेष तारा पृथ्वी से $8.1 \times 10^{13}$km की दूरी पर है। यह निश्चित रखते हुए कि प्रकाश $3 \times 10^8$ m प्रति सैकेंड के वेग से चलता है। ज्ञात कीजिए कि प्रकाश उस तारे से पृथ्वी तक पहुँचने में कितना समय लेता है।

**175.** $(-15)^{-1}$ को किस संख्या से भाग दिया जाये कि भागफल $(-5)^{-1}$ प्राप्त हो जाये?

**176.** $(-8)^{-3}$ को किस संख्या से गुणा करें कि गुणनफल $(-8)^{-3}$ प्राप्त हो जाये?

**177.** निम्न में $x$ ज्ञात कीजिए–

(1) $\left(-\frac{1}{7}\right)^{-5} \div \left(-\frac{1}{7}\right)^{-7} = (-7)^x$

(2) $\left(\frac{2}{5}\right)^{2x+6} \times \left(\frac{2}{5}\right)^3 = \left(\frac{2}{5}\right)^{x+2}$

(3) $2^x + 2^x + 2^x = 192$

(4) $\left(\frac{-6}{7}\right)^{x-7} = 1$

(5) $2^{3x} = 8^{2x+1}$

(6) $5^x + 5^{x-1} = 750$

**178.** यदि $a = -1$ और $b = 2$ है, तो निम्न के मान ज्ञात कीजिए–

(1) $a^b + b^a$ (2) $a^b - b^a$ (3) $a^b \times b^2$ (4) $a^b \div b^a$

**179.** निम्न में से प्रत्येक को घातांकीय रूप में व्यक्त कीजिए–

(1) $\frac{-1296}{14641}$ (2) $\frac{-125}{343}$ (3) $\frac{400}{3969}$ (4) $\frac{-625}{10000}$

**180.** सरल कीजिए–

(1) $\left[\left(\frac{1}{2}\right)^2 - \left(\frac{1}{4}\right)^3\right]^{-1} \times 2^{-3}$

(2) $\left[\left(\frac{4}{3}\right)^{-2} - \left(\frac{3}{4}\right)^{2}\right]^{(-2)}$

(3) $\left(\frac{4}{13}\right)^{4} \bullet \left(\frac{13}{7}\right)^{2} \bullet \left(\frac{7}{4}\right)^{3}$

(4) $\left(\frac{1}{5}\right)^{45} \bullet \left(\frac{1}{5}\right)^{-60} - \left(\frac{1}{5}\right)^{+28} \bullet \left(\frac{1}{5}\right)^{-43}$

(5) $\dfrac{(9)^3 \times 27 \times t^4}{(3)^{-2} \times (3)^4 \times t^2}$

(6) $\dfrac{\left(3^{-2}\right)^2 \times \left(5^2\right)^{-3} \times \left(t^{-3}\right)^2}{\left(3^{-2}\right)^5 \times \left(5^3\right)^{-2} \times \left(t^{-4}\right)^3}$

## (D) अनुप्रयोग

**क्रियाकलाप 1**

आने वाले स्कूल के चुनाव के लिए बैलट कागज बनाने के लिए, एक कागज की शीट को आधा काटिए। दोनों टुकड़ों को एक साथ रखिए तथा उन्हें पुनः आधा काटिए। परिणामी चारों टुकड़ों को एक साथ रखकर पुनः आधा काटिए। छोटे आकार के बैलट कागज़ बनाने के लिए इस प्रक्रिया को जारी रखिये।



बैलट्स को गिनते जाइए और अपने परिणाम को निम्न सारणी में भरिए–

| काटने की संख्या | बैलट्स की संख्या |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 2 | 4 |
| 3 | 8 |
| 4 | 16 |

अब निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(a) क्या आप $n$ बार काटने पर बैलट्स की संख्या बता सकते हैं?

(b) मान लीजिए कि आपने 40 बार काटा है। आपके पास कितने बैलट होंगे?

(c) 512 विद्यार्थियों के लिए, पर्याप्त बैलट्स के लिए, कितनी बार कागज को काटना पड़ेगा?

(d) मान लीजिए कि आप एक $324 cm^2$ क्षेत्रफल वाली कागज की शीट से प्रारंभ करते हैं। इस सारणी की प्रतिलिपि बनाकर प्रथम 10 बार काटने पर प्रत्येक बैलट का क्षेत्रफल दर्शाते हुए, सारणी को पूरा कीजिए।

| **काटने की संख्या** | **क्षेत्रफल (सेमी$^2$)** |
|---|---|
| 0 | 324 |
| 1 | 162 |
| 2 | 81 |
| 3 | 4 |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |

उपरोक्त सारणी को देखिए और एक व्यंजक लिखिए, जो दिये हुए क्षेत्रफल A वाली शीट को $n$ बार काटने पर प्रत्येक बैलट का क्षेत्रफल प्रदान करे।

(e) यदि आप ऐसे 512 बैलट चाहते हैं जिनमें से प्रत्येक का क्षेत्रफल $16 cm^2$ है, तो आपको प्रारंभ में किस क्षेत्रफल वाला कागज़ लेंगे?

**क्रियाकलाप 2**

1. बैलट कागज़ बनाने के लिए कागज़ की एक शीट को तिहाइयों में काटिए। तीनों टुकड़ों को एक साथ रखकर, इसे फिर तीन बराबर भागों (तिहाइयों) में काटिए। फिर इन्हें एक साथ रखिए और तिहाइयों में काटते जाइए।




(a) ऐसे पाँच चरणों के बाद बैलट्स की संख्या ज्ञात करने के लिए, निम्न सारणी को पूरा कीजिए–

| **चरणों की संख्या** | **बैलट्स की संख्या** |
|---|---|
| 1 | 3 |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |

(b) मान लीजिए कि आप इस प्रक्रिया को जारी रखते हैं। 15 चरणों के बाद आपके पास कितनी बैलट होंगी? $n$ बार काटने पर कितनी बैलट होंगी?

(c) न्यूनतम एक लाख बैलट प्राप्त करने के लिए कितने चरणों की आवश्यकता होगी?

**क्रियाकलाप 3**

**क्रॉसवर्ड पहेली**

दिये हुए क्रॉसवर्ड को हल कीजिए फिर दिये हुए खानों को भरिए। एक्रॉस और डाउन दोनों को भरने के लिए संकेत नीचे दिये गये हैं। साथ ही, एक्रॉस और डाउन के संकेतों वाली संख्याएँ संगत खानों के कोनों पर लिखी हैं। संकेतों के उत्तर अंग्रेज़ी के अक्षरों में संगत खानों में भरे जाने हैं।

**संकेत**

**एक्रॉस**

1. –7 is the _______ of 2 exponents –5 and –2.

1. –7 दोनों घातांकों –5 और –2 का _______ है।

2. Very large numbers like 6,250,000,000 can be conveniently written using _______.

2. 6,25,00,00,000 जैसी बड़ी संख्याओं को _______ का प्रयोग करते हुए सुविधाजनक रूप से लिखा जा सकता है।

3. The value of $a^n$ if $n = 0$.

3. $a^n$ का मान यदि $n = 0$ है।

4. Very small numbers can be expressed in standard form using _____ exponents.

4. बहुत छोटी संख्याओं को मानक रूप में 10 की _____ घातों का प्रयोग करते हुए व्यक्त किया जा सकता है।

**डाउन**

5. The value of $3^{-2}$.

5. $3^{-2}$ का मान

6. The value of $\frac{1}{2^{-3}}$.

6. $\frac{1}{2^{-3}}$ का मान

7. $5^7$ is read as 5 raised to the ______ of 7.

7. $5^7$ को 5 के ऊपर ______ 7 पढ़ा जाता है।

8. As the exponent decreases by 1, the value becomes ______ of the previous value.

8. जैसे-जैसे 10 की घात का घातांक 1 घटता जाता है, उसका मान पिछले मान का ______ होता जाता है।

9. $a^{-m}$ is the ______ inverse of $a^m$.

9. $a^{-m}$, $a^m$ का ______ प्रतिलोम है।

10. $1.24 \times 10^{-4}$ is known as the ________ form of 0.000124.

10. $1.24 \times 10^{-4}$ संख्या 0.000124 का ________ रूप कहलाता है।


1
9
5
7
8
2
10
3
6
4

## रफ़ कार्य



12/04/18

# रफ़ कार्य



12/04/18

इकाई 9

# राशियों की तुलना

## (A) मुख्य अवधारणाएँ और परिणाम

- **बट्टा** एक प्रकार की छूट (या कमी) है जो अंकित मूल्य पर दी जाती है।

  **बट्टा = अंकित मूल्य – बिक्री मूल्य**

- जब बट्टा प्रतिशत दिया हो, तो बट्टे को परिकलित किया जा सकता है।

  **बट्टा = अंकित मूल्य का बट्टा %**

- किसी वस्तु को खरीदने के बाद, उस पर किये गये अतिरिक्त व्यय उसके क्रय मूल्य में सम्मिलित कर लिये जाते हैं और ये **उपरिव्यय** कहलाते हैं।

  **क्रय मूल्य = खरीद वाला मूल्य + उपरिव्यय**

- किसी वस्तु की बिक्री पर सरकार द्वारा बिक्री कर लिया जाता है और इसे बिल की राशि में सम्मिलित कर लिया जाता है। परंतु आजकल बिक्री मूल्यों (जिन्हें MRP कहा जाता है) में एक कर और सम्मिलित होता है जिसे **वैट (VAT)** कहते हैं।

- ब्याज वार्षिक संयोजित होता है, का अर्थ है कि पिछले मूलधन पर वार्षिक ब्याज प्रतिवर्ष मूलधन में जोड़कर नया मूलधन प्राप्त होता है। इसी प्रकार, ब्याज अर्ध वार्षिक संयोजित होता है का अर्थ है कि ब्याज पिछले मूलधन में प्रत्येक आधे वर्ष के बाद जोड़ कर नया मूलधन बनाया जाता है।

- वह समय अवधि जिसके बाद प्रत्येक बार ब्याज को पिछले मूलधन में जोड़कर नया मूलधन बनाया जाता है, **रूपांतरण अवधि** कहलाती है।

- जब ब्याज को अर्ध वार्षिक संयोजित किया जाता है, तो एक वर्ष में 6 मास वाली दो रूपांतरण अवधियाँ होती हैं।

- मिश्रधन A, जब ब्याज प्रतिवर्ष संयोजित है, निम्न है :

$$A = P\left(1 + \frac{R}{100}\right)^n$$

जहाँ, P = मूलधन, R = वार्षिक ब्याज की दर और $n$ = वर्षों में समय है।

- मिश्रधन A, जब ब्याज अर्ध वार्षिक संयोजित होता है, निम्न है :

$$A = P\left(1+\frac{R}{200}\right)^{2n}$$

जहाँ, P = मूलधन, $\frac{R}{200}$ अर्ध वार्षिक ब्याज की दर (अर्थात् R% वार्षिक) है और $2n$ अर्ध वर्षों अवधियों की संख्या है।

## (B) हल उदाहरण

**उदाहरण 1 से 4 में, चार विकल्प दिये हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**उदाहरण 1:** एक कमीज जिसका अंकित मूल्य ₹ 800 था, ₹ 680 में बेची गयी। इस कमीज़ पर दिये गये बट्टे की दर है:

(a) 10% (b) 15% (c) 20% (d) 25%

**हल** सही उत्तर (b) है।

**उदाहरण 2:** यदि किसी संख्या का $\frac{7}{3}$% संख्या 42 है, तो वह संख्या है:

(a) 9800 (b) 8 (c) 1800 (d) 180

**हल** सही उत्तर (c) है।

**उदाहरण 3 :** यदि 10 कमीज़ों का क्रय मूल्य 8 कमीज़ों के विक्रय मूल्य जितना है, तो इस सौदे पर होगा:

(a) 25% लाभ (b) 25% हानि

(c) 20% लाभ (d) 20% हानि

**हल** सही उत्तर (a) है।

**उदाहरण 4 :** चक्रवृद्धि ब्याज पर दिये गये ₹ 1600 का 5% वार्षिक ब्याज की दर से अर्धवार्षिक संयोजित होने पर एक वर्ष बाद मिश्रधन होगा।

(a) ₹ 1640 (b) ₹ 1680 (c) ₹ 1681 (d) ₹ 1764

**हल** सही उत्तर (c) है।

**उदाहरण 5 से 7 में, रिक्त स्थानों को भरिए ताकि कथन सत्य हो जाएँ –**

**उदाहरण 5 :** 50 पेनों को बेचने पर, एक दुकानदार को 10 पेनों के विक्रय मूल्य के बराबर की हानि हुई। उसका हानि प्रतिशत __________ है।

**हल** $\frac{50}{3}\%$.

**उदाहरण 6 :** बट्टा प्रतिशत एक वस्तु के _________ मूल्य पर परिकलित किया जाता है।

**हल** अंकित

**उदाहरण 7 :** अन्ना ने एक खिलौना बिक्री कर सहित ₹ 660 में खरीदा। यदि बिक्री कर की दर 10% है, तो खिलौने का विक्रय मूल्य _________ है।

**हल** ₹ 600

**उदाहरण 8 to 11 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य –**

**उदाहरण 8 :** जब ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित किया जाता है, तो एक वर्ष में रूपांतरण अवधियों की संख्या 4 होती है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 9 :** अर्नव ₹ 600 मूल्य की एक पुस्तक खरीदता है। यदि बिक्री कर की दर 7% है, तो उसके द्वारा देय कुल राशि ₹ 642 होगी।

**हल** सत्य

**उदाहरण 10 :** कोई वस्तु अंकित मूल्य पर 15% का बट्टा देने के बाद ₹ 680 में बेची गयी। उस वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 800 था।

**हल** सत्य

**उदाहरण 11 :** उपरिव्यय, यदि हों तो, कभी – कभी क्रय मूल्य में सम्मिलित कर लिये जाते हैं।

**हल** असत्य

**उदाहरण 12 :** किसी संख्या में 20% की वृद्धि की जाती है और फिर इसमें 20% की कमी की जाती है। इसमें शुद्ध वृद्धि या कमी प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए संख्या 100 है।

संख्या में वृद्धि = 100 का 20% = 20

अतः, बढ़ी हुई संख्या = 100 + 20 = 120

$$\text{संख्या में कमी} = 120 \text{ का } 20\% = \frac{20}{100} \times 120 = 24$$

अतः, नयी संख्या = 120 – 24 = 96

अतः, शुद्ध कमी = 100 – 96 = 4

अतः, शुद्ध कमी का प्रतिशत = $\frac{4}{100} \times 100 = 4\%$

**उदाहरण 13 :** विशाखा अपनी दुकान की सभी वस्तुओं पर 20% का बट्टा देती है तथा इसके बाद भी 12% का लाभ उठाती है। ₹ 280 अंकित मूल्य वाली वस्तु का क्रय मूल्य क्या है?

**हल** अंकित मूल्य = ₹ 280

बट्टा = 280 का 20%

$= \frac{20}{100} \times$ ₹ 280 = ₹ 56

अतः, विक्रय मूल्य = ₹ (280 – 56)

= ₹ 224

मान लीजिए कि विक्रय मूल्य ₹ 100 है।

लाभ = ₹ 100 का 12%

= ₹ 12

अतः, विक्रय मूल्य = ₹ (100 + 12) = ₹ 112

जब विक्रय मूल्य ₹ 112 है, तो क्रय मूल्य = ₹ 100

अतः, जब विक्रय मूल्य ₹ 224 है, तो क्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{112} \times 224\right)$

= ₹ 200

**उदाहरण 14 :** ₹ 48000 का 8% वार्षिक ब्याज की दर से एक वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जब कि ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित किया जाता है।

**हल** मूलधन (P) = ₹ 48,000

दर (R%) = 8% वार्षिक

समय (n) = 1 वर्ष

ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित होता है।

अतः, $A = P\left(1 + \frac{R}{200}\right)^{2n}$



12/04/18

$$= ₹\ 48,000 \left(1 + \frac{8}{200}\right)^2$$

$$= ₹\ 48,000 \times \frac{26}{25} \times \frac{26}{25}$$

$$= ₹\ 76.8 \times 26 \times 26$$

$$= ₹\ 51,916.80$$

अतः, चक्रवृद्धि ब्याज $= A - P$

$= ₹\ (51,916.80 - 48,000)$

$= ₹\ 3,916.80$

## समस्या हल करने की युक्ति पर अनुप्रयोग



**उदाहरण 15**

₹ 60 प्रति दर्जन की दर से नींबू खरीदे गये और उन्हें ₹ 40 प्रति 10 नींबू की दर से बेचा गया। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**समस्या को समझिए और उसकी जाँच कीजिए**

- आप क्या जानते हैं?

  एक दर्जन नींबुओं का क्रय मूल्य : ₹ 60

  10 नींबुओं का विक्रय मूल्य : ₹ 40

  समस्या को हल करने के लिए और किस सूचना की आवश्यकता है?

  लाभ/हानि

**एक युक्ति की योजना बनाइए**

- परिवर्तन : या तो 1 दर्जन नींबुओं के C.P. को 10 नींबुओं के C.P. में बदलिए या फिर 10 नींबुओं के S.P. को 1 दर्जन नींबुओं के S.P. में बदलिए।
- यदि C.P. > S.P. है, तो हानि = C.P. – S.P. ज्ञात कीजिए।

  यदि S.P. > C.P. है, तो लाभ = S.P. – C.P. ज्ञात कीजिए।

  यदि S.P. = C.P. है, तो न कोई लाभ और न कोई हानि।
- यदि लाभ है, तो लाभ % ज्ञात कीजिए।

  यदि हानि है, तो हानि % ज्ञात कीजिए।

  लाभ / हानि सदैव C.P. के आधार परिकलित किये जाते हैं।

**हल कीजिए**

- 1 दर्जन नींबुओं का C.P. = ₹ 60

  ∴ 1 नींबू का C.P. = ₹ 5

  ∴ 10 नींबुओं का C.P. = ₹ 50
- 10 नींबुओं का S.P. ₹ 40
- क्योंकि, S.P. < C.P. है,

  अत:, हानि = C.P. – S.P.

  = ₹ 50 – ₹ 40

  = ₹ 10
- हानि % $= \frac{\text{हानि}}{\text{C.P.}} \times 100\%$

  $= \frac{10}{50} \times 100\%$

  = 20%

**पुनर्निरीक्षण**

- पीछे जाने की विधि अपनाते हुए, अपने उत्तर का सत्यापन कीजिए।

  अब, हानि % = 20%

  अत: हानि = ₹ 60 का 20%

  $= \frac{20}{100} \times 60$ = ₹ 12

  1 दर्जन का C.P. = ₹ 60

  1 दर्जन पर हानि = ₹ 12

  S.P. = C.P – हानि = 60 – 12 = ₹ 48

  1 दर्जन की S.P. = ₹ 48

  1 नींबू का S.P. = $\frac{48}{12}$ = ₹ 4

  10 नींबुओं का S.P. = ₹ 40

  अत:, सत्यापन हो गया।

## सोचिए और चर्चा कीजिए

(a) क्या होता यदि 1 दर्जन की C.P. ₹ 48 होती?

(b) क्या होता यदि 10 नींबुओं की S.P. ₹ 60 होती?

## (C) प्रश्नावली

**प्रश्न 1 से 20 में, चार विकल्प दिये हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**1.** मान लीजिए कि मूलधन P, दर R% और समय T, साधारण ब्याज S और चक्रवृद्धि ब्याज C है निम्न संभावनाओं पर विचार कीजिए –

(i) C > S (ii) C = S (iii) C < S

तब,

(a) केवल (i) सही है

(b) या तो (i) या फिर (ii) सही है

(c) या तो (ii) या फिर (iii) सही है

(d) केवल (iii) ही सही है

**2.** मान लीजिए कोई धनराशि r % वार्षिक साधारण ब्याज की दर से या R% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्ष में दोगुना हो जाता है हमें प्राप्त है –

(a) r < R (b) R < r (c) R = r (d) निर्णय नहीं लिया जा सकता है

**3.** ₹ 50000 का 4% वार्षिक ब्याज की दर से प्रति वर्ष संयोजित 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज है–

(a) ₹ 4000 (b) ₹ 4080 (c) ₹ 4280 (d) ₹ 4050

**4.** यदि किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 1200 है और बट्टा 12% है, तो इस वस्तु का विक्रय मूल्य है

(a) ₹ 1056 (b) ₹ 1344 (c) ₹ 1212 (d) ₹ 1188

**5.** यदि $x$ का 90%, 315 km है, तो $x$ का मान है–

(a) 325 km (b) 350 km (c) 350 m (d) 325 m

**6.** 10% का बट्टा देने के बाद, 25% का लाभ-प्राप्त करने के लिए, किसी दुकानदार को ₹ 360 लागत वाली वस्तु का मूल्य अंकित करना चाहिए –

(a) ₹ 500 (b) ₹ 450 (c) ₹ 460 (d) ₹ 486

**7.** यदि अंकित मूल्य $x$ वाली वस्तु पर बट्टा $a$ % प्रतिशत है, तो बट्टा है–

(a) $\frac{x}{a} \times 100$ (b) $\frac{a}{x} \times 100$ (c) $x \times \frac{a}{100}$ (d) $\frac{100}{x \times a}$

**8.** आशिमा ने ₹ 1,00,000 की धनराशि 12% वार्षिक ब्याज पर उधार ली, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित होता है। उसने अंत में ₹ 1,12,360 लौटाए। यदि $(1.06)^2 = 1.1236$ है, तो इस धन को उधार लेने की अवधि थी–

(a) 2 वर्ष (b) 1 वर्ष (c) 6 महीने (d) $1\frac{1}{2}$ वर्ष

**9.** मूलधन को समान रखते हुए, अर्धवार्षिक संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज को परिकलित करने के लिए, निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) वार्षिक दी हुई दर को दोगुना किया जाए और वर्षों की संख्या आधी कर दी जाए।

(b) दी हुई वार्षिक दर और वर्षों को दोगुना कर दिया जाए।

(c) दी हुई वार्षिक दर और वर्षों को आधा कर दिया जाए।

(d) दी हुई वार्षिक दर को आधा कर दिया जाए और वर्षों की संख्या को दोगुना कर दिया जाए।

**10.** श्यामा एक स्कूटर खरीदती है जिसकी लागत ₹ 36,450 है और इस पर 9% की दर से बिक्री कर देय है। तब, उसके द्वारा दी गयी कुल धनराशि है–

(a) ₹ 36,490.50 (b) ₹ 39,730.50

(c) ₹ 36,454.50 (d) ₹ 33,169.50

**11.** किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 80 है और इसे ₹ 76 में बेचा जाता है। तब, बट्टे की दर है–

(a) 5% (b) 95% (c) 10% (d) लगभग 11%

**12.** A ने एक टेप रिकॉर्डर ₹ 8,000 में खरीदा और उसे B को बेच दिया। B ने इसे C को बेचा। प्रत्येक ने इसमें 20% का लाभ अर्जित किया। निम्न में से कौन सत्य है?

(a) A और B ने बराबर लाभ अर्जित किया।

(b) A ने B से अधिक लाभ अर्जित किया।



12/04/18

- बट्टा वह धनराशि है जिससे नियमित मूल्य कम होता है।
- बिक्री मूल्य, नियमित मूल्य ऋण बट्टे के बराबर है।

(c) A ने B से कम लाभ अर्जित किया।

(d) कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता।

**13.** लतिका ने एक चाय की केतली ₹ 120 में और कपों का एक सेट ₹ 400 में खरीदा। उसने केतली को 5% लाभ और कपों को 5% हानि पर बेच दिया। उसके द्वारा प्राप्त राशि है–

(a) ₹ 494 (b) ₹ 546 (c) ₹ 506 (d) ₹ 534

**14.** एक जैकेट 20% का बट्टा देने के बाद ₹ 1120 में बेची गयी। उस जैकेट का अंकित मूल्य है–

(a) ₹ 1440 (b) ₹ 1400 (c) ₹ 960 (d) ₹ 866.66

**15.** कोई धनराशि दो वर्ष के लिए 16% वार्षिक की दर से उधार ली गयी। यदि ब्याज प्रति तीन मास बाद संयोजित होता है, तो दो वर्ष में कितनी बार ब्याज लिया गया–

(a) 8 (b) 4 (c) 6 (d) 9

**16.** एक वाशिंग मशीन, जिसे 8% वैट सहित ₹ 13,500 में खरीदा गया है, का प्रारंभिक मूल्य है–

(a) ₹ 12,420 (b) ₹ 14,580 (c) ₹ 12,500 (d) ₹ 13,492

**17.** अविनाश ने एक बिजली की इस्त्री ₹ 900 में खरीदी और उसे 10% लाभ पर बेच दी। एक दूसरी बिजली की इस्त्री, जो उसने ₹ 1200 में खरीदी थी, 5% हानि पर बेच दी। इस सौदे में उसे हुआ–

(a) ₹ 75 का लाभ (b) ₹ 75 की हानि

(c) ₹ 30 का लाभ (d) ₹ 30 की हानि

**18.** एक टीवी सेट 5% वैट सहित ₹ 26,250 में खरीदा गया। टीवी सेट का प्रारंभिक मूल्य है–

(a) ₹ 27,562.50 (b) ₹ 25,000 (c) ₹ 24,937.50 (d) ₹ 26,245

**19.** [100 – 20% का 300] का 40% बराबर है–

(a) 20 (b) 16 (c) 140 (d) 64

**20.** राधिका ने एक कार ₹ 2,50,000 में खरीदी। अगले वर्ष उसका मूल्य 10% कम हो गया और उससे अगले वर्ष 12% कम हो गया। कार के मूल्य में इन दो वर्षों में हुई कुल प्रतिशत कमी है–

(a) 3.2% (b) 22% (c) 20.8% (d) 8%

**प्रश्न 21 से 45 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ –**

**21.** वस्तु के अंकित मूल्य में छूट __________ कहलाता है।

**22.** किसी संख्या का 150 से बढ़कर 162 होना ______प्रतिशत वृद्धि के बराबर है।

**23.** कोई वस्तु जिसका मूल्य ₹ 1620 है, के मूल्य में 15% की वृद्धि होने पर यह वृद्धि ₹ __________ है।

**24.** बट्टा = __________ – __________.

**25.** बट्टा = __________ का बट्टा % है।

**26.** सरकार द्वारा __________ किसी वस्तु की बिक्री पर लिया जाता है और इसे बिल की राशि में सम्मिलित कर दिया जाता है।

**27.** मिश्रधन जब ब्याज वार्षिक संयोजित होती है, सूत्र __________ द्वारा दिया जाता है।

**28.** बिक्री कर = __________ का कर % ।

**29.** वह समय अवधि जिसके बाद प्रत्येक बार ब्याज नया मूलधन बनाने के लिए जोड़ा जाता है __________ कहलाती है।

**30.** __________ ऐसे अतिरिक्त व्यय हैं, जो किसी वस्तु के खरीदार को उस पर उसकी लागत के अलावा व्यय करने पड़ते हैं।

**31.** किसी वस्तु की बिक्री के लिए बट्टा उसके __________ पर परिकलित किया जाता है।

**32.** जब मूलधन P को $t$ वर्षों के लिए r % वार्षिक ब्याज की दर से इस प्रकार उधार लिया जाता है और ब्याज अर्ध वार्षिक संयोजित हो, तो मिश्रधन = __________ है।

**33.** प्रतिशत उन भिन्नों के __________ हैं, जिनके __________ 100 के बराबर हैं।

**34.** उस वस्तु का अंकित मूल्य, जिसे 12% बट्टा देने के बाद ₹ 680 में बेचा जाता है, __________ है।

**35.** ₹ 8,000 पर 16% वार्षिक ब्याज की दर से अर्धवार्षिक संयोजित होने पर एक वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज __________ है। दिया है कि $(1.08)^2 = 1.1664$ है।

**36.** ₹ 6,00,000 के निवेश पर पहले वर्ष की हानि 5% तथा दूसरी वर्ष का लाभ 10% है। इसका शुद्ध परिणाम __________ है।

- वह धन जो ब्याज अर्जित करता हो अथवा जिसे आपने उधार लिया हो, *मूलधन* कहलाता है।
- मिश्रधन, मूलधन तथा अर्जित ब्याज के योग के बराबर होता है।

**साधारण ब्याज** $I = prt$



12/04/18

**37.** यदि मूलधन ₹ 6,000 के मिश्रधन को ₹ 6000 $\left(1+\frac{5}{100}\right)^3$ लिखा जाता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर _________ है और समय (वर्षों में) _________ है।

**38.** किसी वस्तु को ₹ 1,12,000 में बेचने पर एक लड़की को 40% का लाभ प्राप्त होता है। उस वस्तु का क्रय मूल्य _________ था।

**39.** 140 ज्यामिति बॉक्सों को 10 ज्यामिति बॉक्सों के S.P. के बराबर की हानि पर बेचने पर हानि प्रतिशत _________ है।

**40.** 10 मेज़ों का क्रय मूल्य 5 मेज़ों के विक्रय मूल्य के बराबर है। इस सौदे में, लाभ प्रतिशत _________ है।

**41.** आबिदा ने 100 पेन ₹ 3.50 प्रति पेन की दर से खरीदे तथा इन पर 4% बिक्री कर दिया। आबिदा द्वारा भुगतान की गयी कुल धनराशि _________ है।

**42.** एक टेपरिकॉर्डर का मूल्य ₹ 10,800 है, जिसमें 8% बिक्री कर भी सम्मिलित है। बिक्रीकर लगने से पहले टेपरिकॉर्डर का मूल्य _________ था।

**43.** संख्या 2500, संख्या 500 से _________% अधिक है।

**44.** किसी संख्या का चार गुना होना उस संख्या में _________ % वृद्धि के बराबर है।

**45.** किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 200 है और उस पर 5% बट्टा देने के बाद 5% बिक्री कर लिया जाता है। तब देय धनराशि_________ है।

**प्रश्न 46 से 65 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य –**

**46.** किसी जीवाणु की वृद्धि परिकलित करने के लिए, यदि वृद्धि की दर दी हुई हो, तो चक्रवृद्धि ब्याज वाले सूत्र का प्रयोग किया जा सकता है।

**47.** किसी वस्तु को खरीदने के बाद उस पर कुछ अतिरिक्त व्यय किया जाता है और इसे क्रय मूल्य में सम्मिलित कर लिया जाता है, जिसे वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) कहते हैं।

**48.** बट्टा वह छूट है, जो किसी वस्तु के क्रय मूल्य पर दी जाती है।

**49.** चक्रवृद्धि ब्याज वह ब्याज है जो पिछले वर्ष के मिश्रधन पर परिकलित किया जाता है।

**50.** C.P. = M.P. – बट्टा

**51.** किसी व्यक्ति ने एक साइकिल ₹ 1040 में खरीदी और ₹ 800 में बेची। उसका लाभ प्रतिशत 30% है।

**52.** किसी संख्या का तिगुना होना उस संख्या में 200% की वृद्धि होना है। तब, उस संख्या का $\frac{1}{3}$ होना उसमें 200% की कमी होना है।

**53.** एक दी हुई राशि पर साधारण ब्याज उसी धनराशि पर समान अवधि और समान वार्षिक ब्याज की दर से प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज से सदैव छोटा होता है या उसके बराबर होता है।

**54.** किसी सिलाई मशीन का मूल्य ₹ 7000 है। इसके मूल्य में 8% वार्षिक की दर से कमी होती है। तब इस मशीन का दो वर्षों के बाद मूल्य ₹ 5,924.80 है।

**55.** यदि अंकित मूल्य ₹ $x$ पर ₹ $y$ का बट्टा उपलब्ध है, तो बट्टा प्रतिशत $\frac{x}{y} \times 100\,\%$ है।

**56.** CBSE की कक्षा X की परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों की संख्या वर्ष 1999 – 2000 में 91,422 से बढ़कर वर्ष 2008 – 09 में 116,054 हो गयी। विद्यार्थियों की संख्या में यह वृद्धि लगभग 27% है।

**57.** 9 वस्तुओं का विक्रय मूल्य 15 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है। इस सौदे में $66\frac{2}{3}\%$ का लाभ है।

**58.** ₹ P की राशि पर T वर्ष का R% वार्षिक ब्याज की दर से, जो प्रति वर्ष संयोजित होता है, चक्रवृद्धि ब्याज सूत्र $\mathrm{P}\left(1+\frac{R}{100}\right)\mathrm{T}$ है।

**59.** लाभ की स्थिति में, S.P. = $\frac{(100 + \text{लाभ}\,\%) \times \text{C.P.}}{100}$ है।

**60.** हानि की स्थिति में, C.P. = $\frac{100 \times \text{S.P.}}{100 + \text{हानि}\,\%}$ है।

**61.** एक कार ₹ 4,40,000 में खरीदी गयी। इसके मूल्य में प्रति वर्ष पिछले वर्ष के मूल्य के 10% के बराबर अवमूल्यन होता है। अतः इसका तीन वर्ष बाद मूल्य ₹ 3,08,000 होगा।

## समस्या हल करने के संकेत

किसी वस्तु का कुल मूल्य ज्ञात करने के लिए एक अन्य विधि यह है कि प्रतिशत बिक्री कर को 100% में जोड़ दीजिए। तब नियमित मूल्य को इस नये प्रतिशत से गुणा कीजिए।

उदाहरण के लिए, यदि नियमित मूल्य ₹ 35.98 हो। और बिक्री कर 6% हो, तो 100% में 6% जोड़ दीजिए। तब ₹ 35.98 का 106% ज्ञात कीजिए।

1.06 × 35.98 = 38.14. कुल मूल्य ₹ 38.14 है।

**62.** एक पुस्तक पर अंकित मूल्य ₹ 190 में 2% बिक्री कर देने पर उसकी लागत ₹ 192 होगी।

**63.** ₹ 20 प्रति kg वाले 5 kg आटे का खरीद मूल्य 5% बिक्री कर देने के बाद ₹ 21 है।

**64.** 8% वैट सम्मिलित करते हुए, ₹ 324 में खरीदी गयी एक शैम्पू की बोतल का प्रारंभिक मूल्य ₹ 300 है।

**65.** बिक्री कर सदैव किसी वस्तु के क्रय मूल्य पर परिकलित किया जाता है और बिल के मान में सम्मिलित कर लिया जाता है।

**66.** किसी फैक्ट्री में सभी श्रमिकों का 35% महिलाएँ हैं और शेष श्रमिक पुरुष हैं। पुरुषों की संख्या महिलाओं की संख्या से 252 अधिक है। उस फैक्ट्री में श्रमिकों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

**67.** तीन थैलों में 64.2 kg चीनी है। दूसरे थैले में पहले थैले के भार का $\frac{4}{5}$ भाग है तथा तीसरे थैले में दूसरे थैले के भार का $45\frac{1}{2}\%$ है। प्रत्येक थैले में कितनी चीनी है?

**68.** S.P. ज्ञात कीजिए, यदि

(a) M.P. = ₹ 5450 और बट्टा = 5% है।

(b) M.P. = ₹ 1300 और बट्टा = 1.5% है।

**69.** M.P. ज्ञात कीजिए, यदि

(a) S.P. = ₹ 495 और बट्टा = 1% है।

(b) S.P. = ₹ 9250 और बट्टा = $7\frac{1}{2}\%$ है।

**70.** प्रतिशत में बट्टा ज्ञात कीजिए, जब

(a) M.P. = ₹ 625 और S.P. = ₹ 562.50 है।

(b) M.P. = ₹ 900 और S.P. = ₹ 873 है।

**71.** किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 500 है। दुकानदार इस पर 5% का बट्टा देता है और फिर भी 25% का लाभ अर्जित करता है। इस वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**72.** वर्ष 2007–08 में, कक्षा X की परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों की संख्या 1,05,332 थी और 2008–09 में यह संख्या 1,16,054 थी। 2007–08 में 88,151 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 2008–09 में 1,03,804 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा X के परिणाम में उत्तीर्ण % में वृद्धि या कमी कितनी है?

**73.** ₹ 5400 के मूल्य की एक घड़ी ₹ 4500 की सेल (बिक्री) पर रखी गयी। इस बिक्री में कितने प्रतिशत का बट्टा दिया गया?

**74.** किसी राज्य के अस्पतालों में वर्ष 2001 में मलेरिया के रोगियों के भर्ती होने की संख्या 4,375 थी। प्रत्येक वर्ष इस संख्या में 8% की कमी होती है। 2003 में ऐसे रोगियों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**75.** ज्योत्सना ने एक वस्तु 4.5% बिक्री कर सहित ₹ 3,155 में खरीदी। कर से पहले उस वस्तु का मूल्य ज्ञात कीजिए।

**76.** प्रत्येक शहरी भारतीय औसतन प्रतिदिन 150 लीटर पानी का प्रयोग निम्न प्रकार करता है –

| **प्रयोग** | **लीटर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन** |
|---|---|
| पीना | 3 |
| भोजन पकाना | 4 |
| नहाना | 20 |
| सफाई | 40 |
| कपड़े धोना | 40 |
| बर्तन धोना | 20 |
| बागवानी | 23 |
| **कुल योग** | **150** |

(a) कुल पानी का कितने प्रतिशत नहाने और सफाई में मिलाकर प्रयोग किया जाता है?

(b) नहाने की तुलना में भोजन पकाने में कितने प्रतिशत कम पानी प्रयोग किया जाता है?

(c) पीने, भोजन पकाने और बागवानी में कुल मिलाकर कितने प्रतिशत पानी प्रयोग किया जाता है?

**77.** वर्ष 1975 में, मानव द्वारा पानी की खपत 3,850 घन किलोलीटर / वर्ष थी। यह 2000 में, बढ़कर 6,000 घन किलोलीटर / वर्ष हो गयी। 1975 से 2000 तक पानी की खपत में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए। साथ ही, खपत में वार्षिक प्रतिशत वृद्धि भी ज्ञात कीजिए। (यह कल्पना करते हुए कि पानी की खपत एक समान रूप से बढ़ रही है।)

**समस्या हल करने का संकेत**

किसी वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात करने की एक अन्य विधि यह है कि बट्टे का प्रतिशत 100 में से घटाइए। तब नियमित मूल्य को इस संख्या से गुणा कीजिए।



12/04/18

**78.** हर्षना ने अपनी कार सर्विस स्टेशन पर 27-05-2009 को सर्विस के लिए दी तथा उसे निम्न राशियाँ देनी पड़ीं –

(a) 3.10 लीटर इंजन का तेल @ 178.75 प्रति लीटर और वैट @ 20%

(b) अन्य सभी सेवाओं के लिए ₹ 1,105.12 और वैट @ 12.5%

(c) ₹ 2,095.80 लेबर शुल्क के रूप में और सेवा कर @10%

(d) सेवा कर पर 3% सैस (अतिरिक्त शुल्क)

बिल की राशि ज्ञात कीजिए।

**79.** मूलधन = ₹ 40,000, ब्याज की दर = 8% वार्षिक, जो वार्षिक संयोजित है। ज्ञात कीजिए –

(a) ब्याज, यदि समय अवधि 1 वर्ष है।

(b) दूसरे वर्ष के लिए मूलधन

(c) दूसरे वर्ष के लिए ब्याज

(d) मिश्रधन, यदि समय अवधि 2 वर्ष है।

**80.** दिल्ली विश्वविद्यालय में, वर्ष 2009 – 10 में स्नातक स्तर के विभिन्न कोर्सेस में प्रवेश लेने के लिए 49,000 सीट उपलब्ध थीं। इनमें से 28,200 सीट सामान्य श्रेणी के लिए थीं, जबकि 7,400 सीट अनुसूचित जाति के लिए और 3,700 सीट अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थीं। निम्न के लिए उपलब्ध सीटों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए –

(i) सामान्य श्रेणी के विद्यार्थी

(ii) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के कुल विद्यार्थी

**81.** प्राची ने अपने डॉक्टर द्वारा बतायी गयी दवाइयाँ एक मेडिकल स्टोर से खरीदीं और उनके लिए 4% वैट सहित ₹ 36.40 की धनराशि का भुगतान किया। वैट लगने से पहले इनका मूल्य ज्ञात कीजिए।

**82.** कृतिका ने एक पिज्जा स्टोर में एक पिज्जा और एक गार्लिक ब्रेड का आर्डर दिया और इसके लिए ₹ 387 का भुगतान किया, जिसमें ₹ 43 की कर राशि भी सम्मिलित थी। कर % ज्ञात कीजिए।

**83.** अरुणिमा ने कुछ घरेलू वस्तुएँ खरीदीं, जिनके अंकित मूल्य और बट्टा % निम्नलिखित हैं –



12/04/18

| वस्तु | मात्रा | दर | धनराशि (₹ में) | बट्टा % |
|---|---|---|---|---|
| (a) आटा | 1 पैकेट | 200 | 200 | 16% |
| (b) डिटर्जेंट | 1 पैकेट | 371 | 371 | 22.10% |
| (c) नमकीन | 1 पैकेट | 153 | 153 | 18.30% |

उसके द्वारा देय बिल की कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

**84.** देवांगी के फोन बिल की अवधि 17-02-09 से 16-03-09 तक की धनराशियाँ निम्नांकित हैं–

| अवधि | धनराशि (₹ में) | सेवा कर & |
|---|---|---|
| 17-02-09 से 23-02-09 | 199.75 | 12 |
| 24-02-09 से 16-03-09 | 599.25 | 10 |

अंतिम बिल की राशि ज्ञात कीजिए, यदि सेवा कर पर 3% शिक्षा सैस भी लिया गया था।

**85.** यदि मूलधन = ₹ 1,00,000 और वार्षिक ब्याज की दर = 10% अर्ध वार्षिक संयोजित है, तो ज्ञात कीजिए –

(i) 6 महीने का ब्याज

(ii) 6 महीने के बाद मिश्रधन

(iii) अगले 6 महीने का ब्याज

(iv) एक वर्ष बाद मिश्रधन

**86.** बबिता ने ₹ 48 प्रति kg की दर से 160 kg आम खरीदे। उसने 70% आम ₹ 70 प्रति kg की दर से और शेष आम ₹ 40 प्रति kg की दर से बेच दिये। इस पूरे सौदे में बबिता का लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**87.** एक दुकानदार अपनी सभी वस्तुओं को 25% बट्टे के बाद 30% का एक और बट्टा देता है। यदि प्रग्या ने ₹ 1200 अंकित मूल्य वाली एक स्कर्ट खरीदी हो, तो उसने इसके लिए कितनी राशि का भुगतान किया?

**88.** आयशा ने अपनी मोबाइल फोन की दुकान की सभी वस्तुओं पर 25% त्योहार बट्टा देने की घोषणा की। रमनदीप ने अपने लिए एक मोबाइल फोन खरीदा। उसे ₹1960 का बट्टा मिला। इस मोबाइल फोन का अंकित मूल्य क्या था?

**89.** ₹ 45,000 पर 12% वार्षिक की दर से 5 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज का अंतर ज्ञात कीजिए।

- भारत में नौकरीपेशा व्यक्तियों को उनकी आय के अनुसार आय कर देना पड़ता है। *शुद्ध आय* अथवा घर लाने वाली आय वह राशि है जो उसे अदा की जाती है।
- गृहस्वामी अपने मकान तथा संपत्ति के मूल्य पर आधारित संपत्ति कर अदा करते हैं।

**90.** एक नये कंप्यूटर की लागत ₹ 1,00,000 है। कंप्यूटरों के मूल्यों में अवमूल्यन की दर बहुत तेज है, क्योंकि बेहतर तकनीकी लाभ वाले कंप्यूटरों के नये मॉडल बाजार में आ रहे हैं। यह अवमूल्यन 50% प्रति वर्ष तक विद्यमान है। इस कंप्यूटर का 2 वर्ष के बाद क्या मूल्य होगा?

**91.** एक शहर की जनसंख्या स्थानांतरण, गरीबी और बेरोजगारी के कारण प्रत्येक वर्ष घट रही थी। इस शहर की वर्तमान जनसंख्या 6,31,680 है। पिछले वर्ष कमी 4% थी तथा पिछले वर्ष से पहले वर्ष में कमी 6% थी। दो वर्ष पहले जनसंख्या क्या थी?

**92.** नीबू ₹ 48 प्रति दर्जन की दर से खरीदे गये और ₹ 40 के 10 की दर से बेचे गये। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**93.** पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के मूल्यों में कमी इस प्रकार की गयी है –

| | **पुराना मूल्य (₹ में)** | **नया मूल्य (₹ में)** | **% कमी** |
|---|---|---|---|
| पेट्रोल / L | 45.62 | 40.62 | ______ |
| डीजल / L | 32.86 | 30.86 | ______ |
| एलपीजी/14.2kg | 304.70 | 279.70 | ______ |

उपरोक्त सारणी को पूरा कीजिए।

**94.** वर्ष 2009 के आम चुनावों में A, B, C और D द्वारा जीती गयी सीटों की संख्या में वर्ष 2004 की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि या कमी हुई –

| **राजनीतिक पार्टी** | **जीती गयी सीटों की संख्या 2004 में** | **जीती गयी सीटों की संख्या 2009 में** |
|---|---|---|
| A | 206 | 145 |
| B | 116 | 138 |
| C | 4 | 24 |
| D | 11 | 12 |

**95.** किसी राज्य के विधानसभा चुनावों में निम्न आँकड़ों के आधार पर, Y से तुलना करने पर, X द्वारा कितने प्रतिशत अधिक सीटें प्राप्त की गयीं?

| **पार्टी** | **जीती (294 में से)** |
|---|---|
| X | 158 |
| Y | 105 |
| Z | 18 |
| W | 13 |

**96.** आशिमा ने दो कूलरों में से प्रत्येक को ₹ 3,990 में बेचा। एक कूलर पर उसे 5% का लाभ हुआ और दूसरे कूलर पर 5% की हानि हुई। इस पूरे सौदे में उसका कुल लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**97.** एक महिला ने कुछ पेंसिलें ₹ 3 की दर से खरीदीं तथा उतनी ही पेंसिलें ₹ 6 की दर से खरीदीं। उसने इन पेंसिलों को ₹ 7 की दर से बेच दिया। उसका लाभ या हानि % ज्ञात कीजिए।

**98.** एक कुर्सी को ₹ 736 में बेचने पर, एक दुकानदार को 8% की हानि होती है। 8% का लाभ प्राप्त करने के लिए, उसे कुर्सी को किस मूल्य पर बेचना चाहिए?

**99.** एक डाइनिंग टेबल को ₹ 3,200 में खरीदा गया और उसे 6% लाभ पर बेचा गया। यदि कोई ग्राहक इसको खरीदने पर 5% का बिक्री कर देता है, तो उस ग्राहक को कुर्सी का कितना मूल्य चुकाना पड़ेगा?

**100.** अचल ने एक पुरानी कार ₹ 2,25,000 में खरीदी और उसकी मरम्मत पर ₹ 25,000 व्यय किये। यदि उसने इसे ₹ 3,25,000 में बेच दिया, तो उसका लाभ प्रतिशत क्या है?

**101.** एक महिला ने एक एयर कंडिशनर ₹ 15,200 में खरीदा तथा क्रमशः ₹ 300 और ₹ 500 इसके परिवहन और मरम्मत पर व्यय किए। 15% का लाभ अर्जित करने के लिए वह इसे किस मूल्य पर बेचे?

**102.** कोई दुकानदार अपने द्वारा ₹ 600 में खरीदी गयी वस्तु का क्या मूल्य अंकित करे कि उसे 10% का बट्टा देने पर भी 20% का लाभ हो?

**103.** ब्रिंदा ने 18 कोट ₹ 1500 प्रति कोट की दर से खरीदे और उन्हें 6% के लाभ पर बेच दिया। यदि उन पर ग्राहक 4% बिक्री कर देता है, तो एक कोट के लिए ग्राहक को क्या देना पड़ेगा तथा ब्रिंदा द्वारा इन कोटों की बिक्री पर अर्जित कुल लाभ क्या है?

**104.** रहीम ने किसी बैंक से ₹ 10,24,000 एक वर्ष के लिए उधार लिए। यदि बैंक 5% वार्षिक की दर से ब्याज लेता है, तो उसे अवधि पूरी होने पर कितनी धनराशि देनी होगी, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित होती है? उसके द्वारा दिया गया ब्याज भी ज्ञात कीजिए।

## समस्या को हल करने के संकेत

जब कोई वस्तु सेल पर होती है, तो आप उसे खरीदने में नियमित मूल्य से कम मूल्य देकर पैसे बचा सकते हैं। नियमित मूल्य कम होने पर जो कीमत होती है, उसे बट्टा कहते हैं। नियमित मूल्य में से बट्टा घटाने पर जो बचता है, सेल मूल्य कहलाता है।

बट्टे और सेल मूल्य की समस्याएँ हल करने में आप समानुपात अथवा समीकरण का उपयोग कर सकते हैं।

**105.** किसी शोरूम से निम्न वस्तुएँ खरीदी गयीं–

T-शर्ट जिसका मूल्य ₹ 1200 है

जीन्स जिसका मूल्य ₹ 1000 है

2-स्कर्ट जिनमें से प्रत्येक का मूल्य ₹ 1350 है

शिखा को ये वस्तुएँ कितने में प्राप्त होंगी, यदि इन पर बिक्री कर 7% है?

**106.** नीचे दिए हुए खाद्य शीर्षक दो प्रकार के 'सूप' टमाटर की क्रीम और स्वीट कॉर्न के बारे में सूचना देते हैं। इन शीर्षकों का प्रयोग करते हुए दिए हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (सभी सेवाएँ 2000 कैलोरी आहार या डाइट पर आधारित हैं)।

**स्वीट कॉर्न सूप**

***पोषण तथ्य***

परोसने (सेवा) की माप 1 कप (240mL)

प्रति बर्तन लगभग 2 सेवाएँ *

| मात्रा प्रति सेवा | |
|---|---|
| कैलोरी 90 | ***वसा से कैलोरी 9*** |
| | % दैनिक मान* |
| कुल वसा 2 g | 2% |
| सैचुरेटेड वसा 0 g | 0% |
| कोलेस्ट्राल 0 mg | 0% |
| सोडियम 540 mg | 22% |
| कुल कार्बोहाइड्रेट 17 g | 6% |
| आहार रेशा 3 g | 14% |
| चीनी 5 g | |
| प्रोटीन 3 g | |
| विटामिन A 30% | विटामिन C 10% |
| कैल्सियम 2% | आयरन 6% |

*प्रतिशत दैनिक मान 2,000 कैलोरी आहार पर आधारित है।

**टमाटर की क्रीम वाला सूप**

***पोषण तथ्य***

सेवा की माप 1 कप (240mL)

प्रति कप लगभग 2 सेवाएँ *

| मात्रा प्रति सेवा | |
|---|---|
| कैलोरी 100 | ***वसा से कैलोरी 20*** |
| | % दैनिक मान |
| कुल वसा 2 g | 3% |
| सैचुरेटेड वसा-1.5 g | 6% |
| कलोस्ट्रॉल 10 mg | 3% |
| सोडियम 690 mg | 29% |
| कुल कार्बोहाइड्रेट 17 g | 6% |
| आहार रेशा 4 g | 18% |
| चीनी 11g | |
| प्रोटीन 2 g | |
| विटामिन A 20% | विटामिन C 20% |
| कैल्सियम 0% | आयरन 8% |

*प्रतिशत दैनिक मान 2,000 कैलोरी आहार पर आधारित है।

(a) किसे अधिक शुद्धता से मापा जा सकता है – टमाटर की क्रीम के सूप में वसा की कुल मात्रा या स्वीट कॉर्न के सूप में वसा की कुल मात्रा? स्पष्ट कीजिए।

(b) टमाटर की क्रीम के सूप की एक सेवा में, ₹ 2000 कैलोरी आहार के लिए, सोडियम के सुझावित दैनिक मान का 29% निहित है। सोडियम का सुझावित दैनिक मान मिलीग्राम में कितना है? अपने उत्तर को 2 दशमलव स्थानों तक व्यक्त कीजिए।



12/04/18

(c) चीनी की खपत में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए, यदि स्वीट कॉर्न सूप के स्थान पर टमाटर की क्रीम के सूप को चुना जाता है।

(d) स्वीट कॉर्न सूप की वसा से प्राप्त कैलोरियों और टमाटर की क्रीम के सूप की वसा से प्राप्त कैलोरियों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**107.** एक, संगीत सीडी जिसका प्रारंभिक मूल्य ₹ 120 था। 25% की छूट पर सेल पर मिल रही है। इसका S.P क्या है?

सोनिया और राहुल अपने द्वारा खरीदी गयी वस्तुओं का विक्रय मूल्य परिकलित करने की अलग-अलग विधियाँ अपनाते हैं।




जब आप अगला प्रश्न करें, तो दोनों विधियों से उत्तर ज्ञात करें। कौन-सी विधि को आप प्राथमिकता देंगे?

**108.** स्टोर A और स्टोर B दोनों पर एक विडियो गेम का मूल्य ₹ 750 है। इस सप्ताह यह वीडियो गेम स्टोर B पर ₹ 600 की सेल पर है तथा स्टोर A पर 25% छूट पर है। किस स्टोर पर यह गेम कम व्यय वाला है?

**109.** किसी खिलौने की दुकान पर सभी खिलौनों का मूल्य प्रारंभिक मूल्य का 66% कर दिया जाता है।

(a) उस खिलौने का बिक्री मूल्य क्या होगा, जो प्रारंभ में ₹ 90 था?

(b) ₹ 90 की लागत वाले खिलौने पर आप कितनी बचत कर लेंगे?

**110.** किसी स्टोर पर 25% बट्टे की सेल लगी है। शीला के पास ₹ 50 का गिफ्ट वाउचर है वह इसे ₹ 320 के मूल्य वाले एक बोर्ड गेम को खरीदने में प्रयोग करना चाहती है। उसे वाउचर के प्रयोग के बारे कुछ पता नहीं है। बिक्री क्लर्क ने देय राशि को परिकलित करने की दो विधियाँ सुझाईं –

- **विधि 1**: कुल मूल्य में से ₹ 50 घटाएँ और परिणामी मूल्य पर 25% की छूट ले लें।
- **विधि 2**: प्रारंभिक मूल्य पर 25% की छूट ले लें और उससे प्राप्त मूल्य में से ₹ 50 घटा लें।

a. क्या आप सोचते हैं कि दोनों विधियों से एक ही उत्तर प्राप्त होगा? यदि नहीं, तो बताइए कि कौन-सी विधि उसके लिए अधिक लाभप्रद होगी।

b. प्रत्येक विधि से शीला द्वारा देय राशि परिकलित कीजिए। अपना कार्य दिखाइए।

c. आपकी सोच के अनुसार स्टोर वाले कौन-सी विधि का प्रयोग करते होंगे? क्यों?

**111.** **अपने हिसाब से रहना** : संजय ने एक शयनकक्ष वाला अपार्टमेंट किराये पर रहने के लिए देख रखा है। नीलगिरी अपार्टमेंट में प्रथम दो महीने के किराये में 20% की छूट मिलती है। इस अपार्टमेंट में एक शयनकक्ष वाले घर के किराये की दर ₹ 6000 प्रति महीना है। सावन अपार्टमेंट में, पहले महीने के किराये पर 50% की छूट है। इस अपार्टमेंट में एक शयनकक्ष वाले घर के किराये की दर ₹ 7000 प्रति महीना है। प्रथम दो महीनों के लिए कौन-सा अपार्टमेंट सस्ता रहेगा और कितना सस्ता रहेगा?

**112.** किसी धनराशि के लिए स्पष्ट कीजिए कि 20% की वृद्धि के बाद 20% की कमी से प्राप्त धनराशि प्रारंभिक धनराशि से क्यों कम रहती है।

**113.** सनस्क्रीन सूर्य से उत्पादित हानिकारक अल्ट्रावायलेट (UV) किरणों को रोकती है। प्रत्येक सनस्क्रीन में सूर्य संरक्षण गुणक (SPF) होता है, जो आपको यह बताता है कि आप जलाने वाली UV किरणों को 1 मिनट तक ग्रहण करने से पहले धूप में कितने मिनट तक खड़े रह सकते हैं। उदाहरणार्थ, यदि आप SPF 15 वाली सनस्क्रीन का उपयोग करते हैं, तो आप UV किरणों को 1 मिनट तक ग्रहण करने के बाद 15 मिनट तक सूर्य में खड़े रह सकते हैं।

## समस्या हल करने के लिए संकेत

भाँति-भाँति के कर होते हैं जिन्हें व्यक्तियों को अदा करना होता है। कुछ उदाहरण हैं जैसे–बिक्री कर, संपत्ति कर और आय कर। कर सामान्य रूप से प्रतिशत में लिया जाता है जिसे सरकार द्वारा लागू किया जाता है।

आप करों से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए समानुपात अथवा समीकरणों का उपयोग कर सकते हैं।



12/04/18

1. SPF 15 वाली एक सन्स्क्रीन से होकर केवल सूर्य की $\frac{1}{15}$ भाग UV किरणें ही जा सकती हैं। यह सन्स्क्रीन कितने प्रतिशत UV किरणों को समाप्त कर देती हैं?
2. मान लीजिए कि एक सन्स्क्रीन से होकर सूर्य की 25% UV किरणें ही जा सकती हैं।
   a. यह सन्स्क्रीन UV किरणों के कितने भाग को रोकती है? अपने उत्तर को न्यूनतम पदों में दीजिए।
   b. भाग (a) के अपने उत्तर का प्रयोग इस सन्स्क्रीन का SPF परिकलित करने में कीजिए। स्पष्ट कीजिए कि आपने अपना उत्तर कैसे प्राप्त किया है?
3. एक सन्स्क्रीन पर लगा SPF 30 का लेबल यह दावा करता है कि यह सन्स्क्रीन 97% हानिकारक UV किरणों को रोकता है। SPF गुणक को सही मानते हुए, क्या यह दावा सही है? स्पष्ट कीजिए।

**114.** संपत्ति से संबंधित व्यापार करने वाला एक एजेंट ₹ 50,000 का कमीशन प्राप्त करता है, जो विक्रय मूल्य का 4% है। उस एजेंट ने संपत्ति किस मूल्य पर बिकवाई है?

**115.** चाय के मूल्य में 15% की कमी होने पर, एक चाय वाला टोनू उसी ₹ 45 में 2 kg चाय अधिक खरीद पाता है, जो वह प्रतिमास अपनी चाय की दुकान के लिए चाय की पत्तियाँ खरीदने में करता था। चाय का घटा हुआ मूल्य क्या है? चाय का प्रारंभिक मूल्य क्या था?



प्रतिशत में कमी बताती है कि प्रारंभिक मूल्य में कितने प्रतिशत की कमी है।

प्रतिशत में कमी ज्ञात करने के लिए कमी की राशि तथा प्रारंभिक संख्या के अनुपात को प्रतिशत में व्यक्त कीजिए।

$$\text{प्रतिशत मे कमी} = \frac{\text{कमी की राशि}}{\text{प्रारंभिक संख्या}} \times 100$$

**116.** नीचे विदित अत्रे का रिपोर्ट कार्ड दिया गया है। विदित की अध्यापिका ने अंतिम स्तंभ रिक्त छोड़ दिया है। विदित यह जान नहीं पाया कि उसने किस विषय में अच्छा प्रदर्शन किया है तथा किस विषय में उसे सुधार करने की आवश्यकता है। इस सारणी को पूरा कीजिए ताकि विदित अपने प्रदर्शनों की तुलना कर सके–

**2009-2010 के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट**

**कक्षा : 9B** **नाम : विदित अत्रे** **दिनांक : 31 मार्च 2010**

| विषय | आंतरिक मूल्यांकन | परीक्षा | योग | अंतिम % |
|---|---|---|---|---|
| 1. अंग्रेजी साहित्य | 20/25 | 82/100 | 102/125 | |
| 2. अंग्रेजी भाषा | 22/25 | 91/100 | 113/125 | |
| 3. हिंदी साहित्य | 18/25 | 67/75 | 85/100 | |
| 4. हिंदी भाषा | 16/25 | 68/75 | 84/100 | |
| 5. गणित | 42/50 | 88/100 | 130/150 | |
| 6. संस्कृत | 14/20 | 75/100 | 99/120 | |
| 7. भौतिकी | 45/50 | 90/100 | 135/150 | |
| 8. रसायन | 41/50 | 82/100 | 123/150 | |
| 9. जैविकी | 43/50 | 87/100 | 130/150 | |
| 10. इतिहास और नागरिक शास्त्र | 19/25 | 68/75 | 87/100 | |
| 11. भूगोल | 17/20 | 71.5/80 | 88.5/100 | |

**117.** सीता बास्केट बॉल का अभ्यास कर रही है। उसने 35 प्रयासों में 32 बास्केट प्राप्त कर ली हैं। प्रतिशत में उसकी सफलता दर क्या है?



**118.** स्कूल के समय में, नेहा ने अपना 73% गृहकार्य पूरा कर लिया। मीनाक्षी ने अपने गृहकार्य का 5/8 भाग पूरा कर लिया। घर पर किसके गृहकार्य का अधिक प्रतिशत समाप्त करना होगा?

**119.** विश्व में, 2,50,000 पहचान की गयी पौधों की प्रजातियों में से 90,000 प्रजातियों के लिए प्रचुर वर्षा वन घर की तरह ही है। विश्व में पहचान की गयी प्रजातियों की कितने प्रतिशत प्रजातियाँ प्रचुर वर्षा वनों में रहती हैं?

**120.** मधु के कमरे का माप 6m × 3m है। उसका कालीन $8m^2$ को ढकता है। फर्श का कितना प्रतिशत कालीन से ढका है?

**121.** मानव शरीर अधिकांशत: जल से बना है। वास्तव में, एक व्यक्ति के शरीर का 67% भार पानी है। यदि ज्योति का भार 56 kg है, तो उसमें पानी का कितना भार है?

**122.** 14 कैरट सोने में शुद्ध सोना 58.3% होता है। 14 कैरट की एक अँगूठी का भार 7.6 ग्राम है। इस अँगूठी में शुद्ध सोना कितने ग्राम है?

**123.** किसी विद्यार्थी ने 32 का 5% ज्ञात करने के लिए, समानुपात $\frac{n}{100} = \frac{5}{32}$ का प्रयोग किया। उस विद्यार्थी ने क्या गलती की है?

**124.** नीचे दी गई सारणी में, सनस्क्रीन के दो ब्रांडों की लागत बिक्री कर के साथ और बिना बिक्री कर के दी हुई है। किस ब्रांड पर बिक्री कर की दर अधिक है? प्रत्येक ब्रांड के लिए बिक्री कर की दर ज्ञात कीजिए।

| सनस्क्रीन ब्रांड | लागत (₹ में) | लागत+कर (₹ में) |
|---|---|---|
| 1. X (100 gm) | 70 | 75 |
| 2. Y (100 gm) | 62 | 65 |

## (D) अनुप्रयोग, खेल और पहेलियाँ

**1. क्रॉसवर्ड**

ग्रिड बनाएँ तथा दिये हुए संकेतों का प्रयोग करते हुए ग्रिड को पूरा कीजिए –

**संकेत**

**डाउन**

(1) The total cost price of a TV set whose cost price is ₹ 6,900 and money spent on repairs is ₹ 300.

(1) उस टीवी सेट का कुल क्रय मूल्य जिसे ₹ 6,900 में खरीदा गया और मरम्मत पर ₹ 300 व्यय किये।

(2) The price of a cycle is ₹ 800. It is now increased by 20%. The new sale price is ₹ ____________.



12/04/18

(2) एक साइकिल का मूल्य ₹ 800 है। इसमें 20% की वृद्धि होती है। अब नया बिक्री मूल्य ____________ है।

(3) The list price of a bag is ₹ 220. A discount of 15% is offered to make the sales price as ₹ ___________.

(3) एक थैले का सूची मूल्य ₹ 220 है। इस पर 15% का बट्टा दिया जाता है, जिससे बिक्री मूल्य ₹ ___________ हो जाता है।

**एक्रॉस**

(1) Discount on an item marked at ₹ 800 and sold for ₹ 720.

(1) अंकित मूल्य ₹ 800 और बेचे जाने वाला मूल्य ₹ 720 होने पर बट्टा है।

(3) The selling price of a fan costing ₹ 1,200 if a profit of ₹ 5% is to be made.

(3) ₹ 1200 लागत वाले पंखे का विक्रय मूल्य, जब उसे 5% लाभ पर बेचा जाता है।

(4) The cost price of an item sold at ₹ 1,600 at a 100% profit.

(4) 100% के लाभ पर ₹ 1600 में बेची गयी वस्तु का क्रय मूल्य।

(5) The profit per cent of an item marked at ₹ 800 and sold at ₹ 1,360.

(5) ₹ 800 लागत वाली वस्तु को ₹ 1360 पर बेचने पर लाभ प्रतिशत।

**2.**

1. बच्चे स्कूल में अपने संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए जाते हैं। इसमें सह-पाठ्य क्रियाकलाप (CCA) महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। यह जानने के लिए कि आपके विद्यार्थियों ने सत्र I और II में कैसा किया है। निम्न सारणी को भरिए –

| क्र.स. | नाम | CCA के क्रियाकलापों की संख्या ( सत्र I) | CCA के क्रियाकलापों की संख्या ( सत्र II`) | अंतर | वृद्धि/कमी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

अब निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(a) सत्र I में, CCA के क्रियाकलापों में सबसे अधिक सक्रिय प्रतिभागी कौन है? सत्र II में ऐसा कौन प्रतिभागी है?

(b) सत्र I में, आपने कितने प्रतिशत भाग लिया? आपने सत्र II में कितने प्रतिशत भाग लिया?

**3.** अपने परिवार के मासिक व्यय के बारे में रिकार्ड रखने के लिए अपने माता-पिता से चर्चा कीजिए और एक जाँच पुस्तिका बनाइए। जैसा नीचे दिया है। (आप अपनी आवश्यकतानुसार प्रवृष्टियों को बदल सकते हैं)

| **क्र.स.** | **तिथि** | **सौदे का विवरण** | **भुगतान डेबिट (–)** | **भुगतान क्रेडिट (+)** | **शेष** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | जमा भुगतान | | | |
| 2. | | किराया | | | |
| 3. | | स्कूल व्यय | | | |
| 4. | | यात्रा व्यय | | | |
| 5. | | किराना | | | |
| 6. | | गैस और बिजली | | | |
| 7. | | बाहर घूमने पर व्यय | | | |
| 8. | | जल | | | |
| 9. | | फोन | | | |
| 10. | | क्रेडिट कार्ड से भुगतान | | | |
| 11. | | अन्य | | | |

अब निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(a) कुल आय का कितने प्रतिशत स्कूल के व्यय पर खर्च होता है?

(b) क्या गैस और बिजली के व्यय मिलकर यात्रा व्यय से अधिक हैं?

(c) आपके परिवार की एक महीने में बचत कितनी है?

(d) परिवार की आय का कितने प्रतिशत भाग बचत है?

(e) आप अपने परिवार की बचत किस प्रकार बढ़ा सकती हैं?



12/04/18

**4.**

अपना दैनिक कार्यक्रम देखिए और नीचे लिखिए –

| **क्रियाकलाप** | **घंटे प्रतिदिन** |
|---|---|
| निद्रा | |
| स्कूल में | |
| समाज कार्य | |
| टीवी देखना | |
| गृहकार्य करना | |
| फोन पर चैटिंग (बातचीत) | |
| नेट पर चैट करना | |
| खाना | |
| नहाना / खेल | |
| अन्य क्रियाकलाप | |

1. स्कूल में व्यतीत किये गये घंटों का निद्रा में व्यतीत किये गये घंटों से अनुपात ज्ञात कीजिए।
2. निम्न प्रतिशत ज्ञात कीजिए –
   (a) घर पर अध्ययन
   (b) टीवी देखना
3. कुल चैटिंग समय का कुल अध्ययन के समय से अनुपात ज्ञात कीजिए।

**5.**

स्कूल ने बच्चों को बाहर ले जाने की व्यवस्था की है। विद्यार्थी बहुत खुश हैं और अपना मेनू बना रहे हैं। कक्षा प्रतिनिधि होने के कारण आपका उत्तरदायित्व है कि आप विभिन्न दुकानों का सर्वे करें, जिससे व्यय न्यूनतम हो। निम्न सारणी आपकी सहायता कर सकती है–

| **क्रम सं.** | **वस्तु का नाम** | **दुकान** | **अंकित मूल्य** | **बट्टा (यदि कोई है)** | **क्रय मूल्य** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जूस | A | | | |
| | | B | | | |
| 2. | कुकीज़ | A | | | |
| | | B | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

उपरोक्त सारणी के लिए चर्चा कीजिए जिससे आपकी खरीददारी पर न्यूनतम व्यय हो। अपने भ्रमण का आनंद लीजिए।

**6. क्रॉसवर्ड–**

दिये हुए क्रासवर्ड को हल कीजिए। एक्रॉस और डाउन के खानों को भरने के लिए संकेत दिए हैं। संकेतों के अनुसार उनके उत्तर अंग्रेजी के अक्षरों में संगत खानों में भरे जाने हैं।

**संकेत**

**एक्रॉस**

1. Shopkeeper earns it if SP > CP
1. दुकानदार इसे अर्जित करता है, यदि SP > CP है।
2. The Price at which article is purchased
2. वह मूल्य जिस पर वस्तु खरीदी जाती है।
3. It is a reduction given on M.P.
3. यह M.P. पर दी गयी छूट है।
4. Duration for the sum is borrowed.
4. वह अवधि जिसके लिए राशि उधार ली जाती है।
5. This becomes half if the interest is compounded half yearly.
5. आधी हो जाती है, यदि ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित होती है।
6. Interest computed on the original principal
6. प्रारंभिक मूलधन पर परिकलित ब्याज।

**डाउन**

7. This comes from latin word per centum
7. यह लैटिन भाषा के शब्द 'पर सेंटम' से आया है।
8. The price at which article is sold
8. वह मूल्य जिस पर वस्तु बेची जाती है।
9. The original sum deposited or borrowed



12/04/18

9. जमा की गयी या उधार ली गयी प्रारंभिक धनराशि।

10. The interest is calculated on the amount of the previous year.

10. पिछले वर्ष के मिश्रधन पर परिकलित ब्याज।

11. Shopkeeper bears it if S.P. < C.P.

11. यदि S.P. < C.P है, तो दुकानदार को यह उठानी पड़ती है।






12/04/18

# रफ़ कार्य



12/04/18

इकाई 10

# अनुलोम और प्रतिलोम समानुपात

## (A) मुख्य अवधारणाएँ और परिणाम

- दो राशियाँ $x$ और $y$ अनुलोम (सीधे) समानुपात में कही जाती हैं, यदि वे एक साथ इस प्रकार बढ़ें या घटें कि उनके संगत मानों का अनुपात सदैव अचर रहे। अर्थात, यदि $\frac{x}{y} = k$ हो, जहाँ $k$ एक धनात्मक संख्या है, तो $x$ और $y$ अनुलोम (सीधे) समानुपात में होते हैं या अनुक्रमानुपाती होते हैं। सीधे समानुपात की स्थिति में, यदि $x$ के मानों $x_1, x_2$ के संगत $y$ के मान क्रमशः $y_1, y_2$ हों, तो $\frac{x_1}{y_1} = \frac{x_2}{y_2}$ होता है।
- दो राशियाँ $x$ और $y$ प्रतिलोम समानुपात में कही जाती हैं, यदि $x$ में वृद्धि होने से $y$ के मान में समानुपातिक कमी होती है तथा विलोमतः $y$ में वृद्धि होने पर $x$ के मान में समानुपाती कमी होती है। ऐसा होने पर $x$ और $y$ के संगत मानों का गुणनफल अचर रहता है। अर्थात् यदि $xy=k$ हो, जहाँ $k$ एक धनात्मक संख्या है, तो $x$ और $y$ प्रतिलोम समानुपात में होते हैं। इस स्थिति में, यदि $x$ के मानों $x_1, x_2$ के संगत $y$ के मान क्रमशः $y_1, y_2$ हों, तो $x_1 y_1 = x_2 y_2$ या $\frac{x_1}{x_2} = \frac{y_2}{y_1}$ होगा।
| <br>$A = \frac{1}{2}bh$ | <br>$A = bh$ | <br>$A = \frac{1}{2}(b_1 + b_2)h$ | <br>$A = \pi r^2$ |



12/04/18

**25.** दो घनों के आयतनों का अनुपात 1:64 है। पहले घन के एक फलक के क्षेत्रफल का दूसरे घन के एक फलक के क्षेत्रफल से अनुपात होगा–

(a) 1:4 (b) 1:8 (c) 1:16 (d) 1:32

**26.** एक आयताकार ठोस के छः फलकों के पृष्ठीय क्षेत्रफल 16, 16, 32, 32, 72 और 72 वर्ग सेंटीमीटर है। इस ठोस का घन सेंटीमीटरों में आयतन होगा–

(a) 192 (b) 384 (c) 480 (d) 2592

**27.** रमेश के पास निम्न तीन बर्तन हैं–

(a) त्रिज्या $r$ और ऊँचाई $h$ वाला एक बेलनाकार बर्तन A

(b) त्रिज्या $2r$ और ऊँचाई $\frac{h}{2}$ वाला एक बेलनाकार बर्तन B, और

(c) विमाओं $r \times r \times h$ वाला एक घनाभाकार बर्तन C

इन बर्तनों की इनके आयतनों के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्था है–

(a) A, B, C

(b) B, C, A

(c) C, A, B

(d) व्यवस्थित नहीं किये जा सकते।

**28.** यदि $h$ एक हैट की ऊँचाई है, $r$ उसके शीर्ष की त्रिज्या है और उसके आधार की त्रिज्या R है, तो कुल बाहरी पृष्ठीय क्षेत्रफल है–




(a) $\pi r (2h + R)$ (b) $2\pi r (h + R)$

(c) $2 \pi rh + \pi R^2$ (d) $2\pi rh + \pi r^2 + \pi R^2)$

**प्रश्न 29 से 52 में, रिक्त स्थानों को भरिए ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**29.** भुजा 4 cm वाले एक घन के सभी फलकों पर पेंट किया जाता है। यदि इसे 1 cm घनों में काटा जाये, तो उन घनों की संख्या, जिसके ठीक दो फलकों पर पेंट किया गया होगा, __________ होगी।

**30.** भुजा 5 cm वाला एक घन 1 cm घनों में काटा गया है। इस प्रकार काटने के बाद आयतन में प्रतिशत वृद्धि __________ है।

**31.** भुजा a वाले दो घनों को सिरे से सिरा मिलाकर जोड़ने से बने घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल __________ होगा।

**32.** यदि किसी समचतुर्भुज के विकर्णों को दोगुना कर दिया जाये, तो उस समचतुर्भुज का क्षेत्रफल प्रारंभिक समचतुर्भुज के क्षेत्रफल का __________ होगा।

**33.** यदि एक घन ऊँचाई $h$ वाले बेलन के अंदर ठीक-ठीक रखा जा सकता है, तो उसका आयतन __________ है और पृष्ठीय क्षेत्रफल __________है।

**34.** एक बेलन का आयतन प्रारंभिक आयतन का __________ हो जाता है, यदि उसकी त्रिज्या प्रारंभिक त्रिज्या की आधी हो जाये।

**35.** यदि किसी बेलन की ऊँचाई प्रारंभिक ऊँचाई की आधी हो जाए, तो उसके वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल में __________ प्रतिशत की कमी हो जाती है।

**36.** उस बेलन का आयतन, जो भुजा $a$ वाले घन के अंदर ठीक-ठीक समावेशित हो जाता है, __________ है।

**37.** उस बेलन का पृष्ठीय क्षेत्रफल, जो भुजा $b$ वाले घने के अंदर ठीक-ठीक समावेशित हो जाता है, __________ है।

**38.** यदि किसी चतुर्भुज का एक विकर्ण का $d$ दोगुना कर दिया जाए, तथा $d$ पर गिरने वाली ऊँचाइयाँ $h_1$ और $h_2$ आधी कर दी जाएँ, तो चतुर्भुज का क्षेत्रफल __________हो जाएगा।

**39.** एक आयत का परिमाप उसके प्रारंभिक परिमाप का __________ हो जाता है, यदि उसकी लंबाई और चौड़ाई दोगुनी कर दी जाएँ।

**40.** किसी समलंब, जिसमें तीन भुजाएँ बराबर हैं तथा जिसकी चौथी भुजा उनमें से प्रत्येक की दोगुनी है, को __________ क्षेत्रफल के _______ समबाहु त्रिभुजों में विभाजित किया जा सकता है।

**41.** एक घनाभ के सभी छः फलक आकार में _______ होते हैं और _______ क्षेत्रफल के होते हैं।

**42.** घनाभ के सम्मुख फलकों के क्षेत्रफल _________ होते हैं।

**43.** त्रिज्या $h$ और ऊँचाई $r$ वाले बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल _______ है।

**44.** त्रिज्या $h$ और ऊँचाई $r$ वाले बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल _________ है।

**45.** त्रिज्या $h$ और ऊँचाई $r$ वाले बेलन का आयतन __________है।

**46.** एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ _________का गुणनफल।

**पुनर्निरीक्षण**

- क्या आपका उत्तर तर्कसंगत है?

  किसी शब्द समस्या को हल करने के पश्चात, आप स्वयं से पूछिए कि क्या आपका उत्तर सार्थक है। आप तर्कसंगत उत्तर प्राप्त करने के लिए समस्या में संख्याओं का सन्निकट करके आकलन कर सकते हैं। इससे आपको उत्तर को वाक्य-रूप में लिखने में सहायता मिल सकती है।



12/04/18

**47.** दो A और B बेलनों को विमाओं 20 cm × 10 cm वाली एक आयताकार शीट को क्रमशः उसकी लंबाई और चौड़ाई के अनुदिश मोड़कर बनाया गया है। तब A का आयतन B के आयतन का _________ होगा।

**48.** उपरोक्त प्रश्न 47 में, A का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल B के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल के_________ है।

**49.** किसी ठोस का ___________ उसके द्वारा घेरे गये स्थान की माप होता है।

**50.** किसी कमरे का___________ पृष्ठीय क्षेत्रफल = चारों दीवारों का क्षेत्रफल।

**51.** बराबर आयतनों वाले दो बेलनों की ऊँचाइयों का अनुपात 1:9 है। उनकी त्रिज्याओं का अनुपात ___________ है।

**52.** बराबर आयतनों वाले दो बेलनों की त्रिज्याओं का अनुपात 1:6 है। उनकी ऊँचाइयों का अनुपात ___________है।

**प्रश्न 53 से 61 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य:**

**53.** एक घन के किन्हीं दो फलकों के क्षेत्रफल बराबर होते हैं।

**54.** एक घनाभ के किन्हीं दो फलकों के क्षेत्रफल बराबर होते हैं।

**55.** भुजा $x$ वाले तीन घनों को सिरे से सिरा मिलाकर बने घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल भुजा $x$ वाले एक घन के पृष्ठीय क्षेत्रफल का तिगुना होता है।

**56.** बराबर आयतनों वाले दो घनाभों के पृष्ठीय क्षेत्रफल सदैव बराबर होते हैं।

**57.** एक समलंब का क्षेत्रफल चार गुना हो जाता है, यदि उसकी ऊँचाई दोगुनी कर दी जाए।

**58.** भुजा 3 cm वाले एक घन, जिसके सभी फलकों पर पेंट किया गया है, को 1 सेंटीमीटर घनों में काटा जाता है। इन सेंटीमीटर घनों में केवल 1 घन ऐसा है जिसके किसी भी फलक पर पेंट नहीं हुआ होगा।

**59.** समान आयतनों वाले दो बेलनों के पृष्ठीय क्षेत्रफल सदैव बराबर होते हैं।

**60.** विमाओं 2 × 1 × 1 वाले एक घनाभ को दो बराबर भागों में बाँटने पर प्राप्त एक घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल 2 वर्ग इकाई है।

**61.** किसी वृत्त के क्षेत्रफल का उस वर्ग के क्षेत्रफल से अनुपात 1 : π होता है, जिसकी भुजा वृत्त की त्रिज्या के बराबर हो।

**62.** एक आयताकार खेत का क्षेत्रफल 48 $m^2$ है और इसकी एक भुजा 6m है। कोई महिला 20m/मिनट की दर से इस खेत को विकर्णतः पार करने में कितना समय लेगी?

**63.** किसी गाड़ी के सामने के पहिए की परिधि 3 m है तथा पीछे के पहिए की परिधि 4m है। यह गाड़ी कितनी दूर चलेगी, यदि सामने वाला पहिया पीछे वाले पहिए से पाँच चक्कर अधिक लगाता है?

**64.** चार घोड़ों को 70 m भुजा वाले एक वर्गाकार खेत के चारों कोनों पर बराबर लंबाइयों की रस्सियों से इस प्रकार बाँधा गया है कि वे एक-दूसरे तक केवल पहुँच ही पाते हैं। खेत का वह क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिस पर घोड़े घास नहीं चर पाएँगे।

**65.** किसी कमरे की दीवारों और छत पर प्लास्टर किया जाना है। इस कमरे की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमशः 4.5m, 3m, और 350cm हैं। ₹ 8 $m^2$ की दर से प्लास्टर कराने का व्यय ज्ञात कीजिए।

**66.** आजकल की अधिकांश सेलबोटों में दो सेल होते हैं- जिब और मुख्यसेल। कल्पना कीजिये कि सेल्स त्रिभुज हैं, निकटतम दशांश तक प्रत्येक सेलबोट का कुछ क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।




(i) (ii) (iii)

**67.** बराबर असमांतर भुजाओं वाले एक समलंब का क्षेत्रफल 168 $m^2$ है। यदि समांतर भुजाओं की लंबाइयाँ 36m और 20m हैं, तो असमांतर भुजाओं की लंबाइयाँ ज्ञात कीजिए।

**68.** मुकेश 14m त्रिज्या वाले एक वृत्ताकार पथ पर 4km/h की चाल से चलता है। यदि वह इस पथ के 20 चक्कर लगाता है, तो इसमें उसे कितना समय लगेगा?

**69.** दो वृत्तों के क्षेत्रफल 49:64 के अनुपात में हैं। उनकी परिधियों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**70.** एक तालाब वृत्ताकार है और उसकी परिसीमा के अनुदिश एक फुटपाथ बना हुआ है। एक व्यक्ति इसके चारों ओर उसके किनारे के निकट रहते हुए ठीक एक चक्कर लगाता है। यदि उसके एक कदम की लंबाई 66cm है और वह चक्कर लगाने में ठीक 400 कदम चलता है, तो इस तालाब का व्यास ज्ञात कीजिए।

**71.** किसी दौड़ के पथ में 63m त्रिज्या के दो अर्धवृत्ताकार सिरे हैं और दो सीधी लंबाइयाँ हैं। इस पथ का परिमाप 1000m है। प्रत्येक सीधी लंबाई ज्ञात कीजिए।

**72.** नीचे दी हुई आकृति का परिमाप ज्ञात कीजिए-






12/04/18

**73.** साइकिल का एक पहिया 1 km की दूरी तय करने में 500 चक्कर लगाता है। पहिए का व्यास ज्ञात कीजिए।

**74.** एक लड़का इस प्रकार साइकिल चला रहा है कि साइकिल के पहिये 1 घंटे में 140 चक्कर लगा रहे हैं। यदि पहिये का व्यास 60cm है, तो उसकी km/h में चाल ज्ञात कीजिए, जिससे वह साइकिल चला रहा है।

**75.** सबसे बड़े डंडे की लंबाई ज्ञात कीजिए, जो 12m × 4m × 3m विमाओं वाले एक कमरे में रखा जा सकता है।




प्रश्न 76 तथा 77 में दिये गये खेतों के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। सभी मापन मीटरों में हैं।

**76.**




**77.**






12/04/18

प्रश्न 78 से 83 में से प्रत्येक में छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**78.**




**79.**




**80.**




**81.**




**82.**




**83.**






12/04/18

प्रश्न 84 तथा 85 में दी गयी आकृतियों के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**84.**




**85.**




**86.** नीचे दी हुई आकृतियों के आयतन ज्ञात कीजिए, यदि इनमें आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊँचाई है–




(a) (b)




(c)

**87.** 5cm भुजा वाले एक घन को सभी संभव 1 cm घनों में काटा जाता है। प्रारंभिक घन के पृष्ठीय क्षेत्रफल और सभी छोटे घनों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों के योग का क्या अनुपात है?

**88.** एक वर्गाकार शीट को उसकी एक भुजा के अनुदिश मोड़कर एक बेलन बनाया जाता है। इस बेलन की आधार त्रिज्या और वर्ग की भुजा का क्या अनुपात है?

**89.** 7 m गहरे और 2.8m व्यास के एक कुएँ को खोदने पर कितने घनमीटर मिट्टी निकलेगी?

**90.** एक बेलन की त्रिज्या और ऊँचाई का अनुपात 3:2 है तथा इसका आयतन 19,404 $cm^3$ है। उसकी त्रिज्या और ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

**91.** एक खोखले धातु के बेलन की मोटाई 2 cm है जो 70 cm लंबा है और जिसकी बाहरी त्रिज्या 14 cm है। यह मानते हुए कि बेलन दोनों सिरों से खुला है, इस बेलन के बनाने में प्रयुक्त धातु का आयतन ज्ञात कीजिए। साथ ही, इसका भार भी ज्ञात कीजिए, यदि धातु का भार 8 g प्रति $cm^3$ है।

**92.** एक बेलन की त्रिज्या $r$ और ऊँचाई $h$ है। आयतन में परिवर्तन ज्ञात कीजिए, यदि उसकी–

(a) ऊँचाई दोगुनी कर दी जाये।

(b) ऊँचाई दोगुनी कर दी जाए और त्रिज्या आधी कर दी जाये।

(c) ऊँचाई वही रहे और त्रिज्या आधी कर दी जाये।

**93.** यदि किसी घन के प्रत्येक भुजा की लंबाई तिगुनी कर दी जाये, तो उसके आयतन में क्या परिवर्तन होगा?

**94.** एक बढ़ई एक आयताकार डिब्बा बनाता है, जिसका आयतन 13,400 $cm^3$ है। इसके आधार का क्षेत्रफल 670 $cm^2$ है। इस डिब्बे बनाने के लिए आवश्यक धातु की शीट का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**95.** ऊपर से खुले एक धातु के घनाभाकार डिब्बे की विमाएँ 20 cm × 16 cm × 14 cm हैं। ऐसे 10 डिब्बे बनाने के लिए आवश्यक धातु की शीट का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**96.** 4.2m, 3m और 1.8m विमाओं वाली एक पानी की टंकी की लीटरों में धारिता ज्ञात कीजिए।

**97.** आयतन 8 $cm^3$ का एक घन बनाने के लिए 0.5cm भुजा वाले कितने घनों की आवश्यकता होगी?

**98.** लकड़ी के एक डिब्बे (ढक्कन को सम्मिलित करते हुए) की बाहरी विमाएँ 40 cm × 34 cm × 30 cm हैं। यदि लकड़ी की मोटाई 1 cm है, तो इसे बनाने में कितने $cm^3$ लकड़ी प्रयुक्त हुई है?

**99.** 2 m गहरी और 45 m चौड़ी एक नदी 3 km प्रति घंटे की चाल से बह रही है। इस नदी से प्रति मिनट समुद्र में गिरने वाले पानी का आयतन घनमीटरों में ज्ञात कीजिए।

**100.** नीचे दिये गये ब्लॉक, जिसमें एक बेलनाकार छेद है, का पेंट किये जाने वाला क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। इसकी लंबाई 15 cm, चौड़ाई 12 cm, ऊँचाई 20 cm और छेद की त्रिज्या 2.8 cm है।




**101.** एक ट्रक जिसमें 7.8 $m^3$ कंक्रीट भरी है, एक कार्य स्थल पर पहुँचता है। इस स्थल पर, 5m लंबा और 2m चौड़ा एक चबूतरा बनाया जाता है। इस ट्रक के कंक्रीट से बनाये गये चबूतरे की ऊँचाई क्या होगी?

**102.** एक खोखले गार्डन रोलर का व्यास 42 cm और लंबाई 152 cm है और यह 2 cm मोटाई वाले कांति लोहे से बना है। इस रोलर को बनाने में प्रयुक्त लोहे का आयतन ज्ञात कीजिए।

**103.** 10 cm भुजाओं वाले तीन घनों को सिरे से सिरा मिलाया जाता है। परिणामी आकृति का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**104.** नीचे दो भिन्न पाइपों के अनुच्छेद काटप्रस्थों की ड्राइंग दी गयी हैं, जो एक स्वीमिंग पूल को भरने में प्रयुक्त किये जा रहे हैं। आकृति A दो पाइपों का संयोजन है, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 8cm है। आकृति B एक पाइप है जिसकी त्रिज्या 15 cm है। यदि दोनों स्थितियों में पाइपों से निकलने वाले पानी के प्रवाह का बल एक समान है, तो कौन-सा पाइप स्वीमिंग पूल को तेजी से भरेगा?




आकृति A        आकृति B

**105.** एक स्वीमिंग पूल की माप 200m × 50m है और इसकी औसत गहराई 2m है। एक गर्मी वाले दिन इसके जल का स्तर 2cm कम हो गया। उस दिन कितने घनमीटर जल कम हुआ?

**106.** एक हाउसिंग सोसायटी, जिसमें 5,500 व्यक्ति रहते हैं, को प्रति दिन प्रति व्यक्ति 100 लीटर पानी की आवश्यकता है। एक बेलनाकार आपूर्ति टंकी 7m ऊँची है और उसका व्यास10m है। इस टंकी का पानी सोसायटी के लिए कितने दिन तक चल पाएगा?

**107.** त्रिज्या 0.75cm और मोटाई 0.2cm वाली कुछ धातु की डिस्कों (चकतियों) को पिघलाकर 508.68 $cm^3$ धातु प्राप्त की जाती है। पिघलाई गयी डिस्कों की संख्या ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 3.14 का प्रयोग कीजिए)

**108.** किसी बेलन की त्रिज्या और ऊँचाई का अनुपात 2:3 है। यदि उसका आयतन 12,936 $cm^3$ है, तो इस बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**109.** एक बंद लकड़ी के आयताकार डिब्बे की बाहरी विमाएँ 5:4:3 के अनुपात में हैं। यदि ₹ 5 प्रति $dm^2$ की दर से इसके बाहरी पृष्ठ पर पेंट कराने का व्यय ₹ 11,750 है, तो इस डिब्बे की विमाएँ ज्ञात कीजिए।

**110.** 1 m ऊँचाई वाले एक बंद बेलनाकार बर्तन की धारिता 15.4 लीटर है। इस बर्तन को बनाने के लिए कितने वर्ग मीटर धातु की चादर की आवश्यकता होगी?

**111.** किसी घन के आयतन का क्या होगा, यदि उसका किनारा (a) तिगुना कर दिया जाये? (b) एक चौथाई कर दिया जाये?

**112.** 25 cm × 7 cm विमाओं वाली आयताकार शीट को उसकी लंबी भुजा के परित घुमाया जाता है। इस प्रकार जनित ठोस का आयतन और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**113.** आंतरिक त्रिज्या 0.75 cm वाले एक पाइप से पानी का प्रवाह 7m प्रति सैकेंड की दर से हो रहा है। एक घंटे में इस पाइप द्वारा वितरित किये गये पानी का आयतन लीटरों में ज्ञात कीजिए।

**114.** किसी बेलन के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल का चार गुना उसके आधारों के क्षेत्रफलों के योग के 6 गुने के बराबर है। यदि इसकी ऊँचाई 12cm है, तो उसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**115.** एक बेलनाकार टंकी की त्रिज्या 154 cm है। इसे पानी से 3m की ऊँचाई तक भरा जाता है। यदि इसमें 4.5m की ऊँचाई तक पानी डाल दिया जाये, तो इसमें भरे हुए पानी के आयतन में वृद्धि KL में ज्ञात कीजिए।

**116.** एक घनाभाकार जलाशय की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमश: 7m, 6m और 15m हैं। इस गिरावट जलाशय में से 8,400L पानी पंप द्वारा बाहर निकाल दिया जाता है। इस जलाशय में, पानी के स्तर में गिरावट ज्ञात कीजिए।

**117.** 11m लंबी, 3.5m ऊँची और 40 cm मोटाई वाली एक दीवार की रचना करने के लिए, 22cm × 10cm × 7cm मापों वाली कितनी ईंटों की आवश्यकता होगी, यदि इसमें प्रयुक्त सीमेंट और रेत दीवार के $\frac{1}{10}$ भाग को घेर लेते हैं?

**118.** 500 प्रत्याशियों के लिए एक आयताकार परीक्षा–कक्ष इस प्रकार बनवाया जाना है कि प्रत्येक प्रत्याशी को 4 घनमीटर हवा (या वायु) तथा 0.5 वर्ग मीटर फर्श का क्षेत्रफल प्राप्त हो। यदि इस कक्ष की लंबाई 25m तो इस हॉल की ऊँचाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

**119.** एक लंब वृत्तीय बेलन के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात 1:2 है। इस बेलन की ऊँचाई और त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**120.** एक जन्मदिन के केक में दो सतहें हैं, जैसा कि नीचे आकृति में दिया गया है। इस केक का आयतन ज्ञात कीजिए–




निम्नांकित प्रश्न संख्या 121 से 124 में दिये गए आकारों के पृष्ठीय क्षेत्रफल परिकलित कीजिए। ($\pi$ = 3.14 का प्रयोग कीजिए)



12/04/18

**121.**




**122.**




**123.**




**124.**




**125.** 80cm × 70cm मापन वाले एक आयताकार आधार की टंकी में से पानी भुजा 60cm के वर्गाकार आधार वाली टंकी में जा रहा है। यदि पहली टंकी में पानी 45 cm गहरा है, तो दूसरी टंकी में पानी कितना गहरा रहेगा?

**126.** एक आयताकार कागज की शीट को दो भिन्न विधियों से मोड़ कर दो भिन्न-भिन्न बेलन बनाये जाते हैं। यदि इस शीट के माप 44cm × 33cm हैं, तो प्रत्येक बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।

## (D) अनुप्रयोग, खेल और पहेलियाँ

**1.** 25 मीटर लंबे और 15 मीटर चौड़े एक खाली भूखंड पर रशीद ने एक स्वीमिंग पूल बनाने का निर्णय लिया, जैसा कि नीचे आकृति में प्रदर्शित किया गया है। उसने अपने पुत्र मजीद से पूल बनवाने की योजना के विषय में चर्चा की जिसमें पूल की तली में टाइलें लगवाने और अन्य आवश्यकताएँ पूरी करना सम्मिलित था। क्या आप मजीद से उसके पिता द्वारा चर्चा के दौरान किये गये प्रश्नों के उत्तर देने में उसकी सहायता कर सकते हैं?






12/04/18




(i) इस पूल का पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या है?

(ii) यदि रशीद पूल की तली और पार्श्व फलकों में 25cm की भुजा वाली वर्गाकार टाइलें लगवाने की योजना बनाता है, तो ऐसी कितनी टाइलों की आवश्यकता होगी?

(iii) यदि प्रत्येक टाइल का मूल्य ₹ 40 है, तो कुल लागत क्या होगी?

(iv) यदि कोई स्थानीय खुदाई करने वाली कंपनी ₹ 150 प्रति घन मीटर की दर से शुल्क लेती है, तो रशीद को इस कार्य के लिए क्या राशि देनी होगी?

[संकेत : आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊँचाई]

(v) यदि एक पाइप 40 लीटर प्रति मिनट की दर से पूल में पानी भर रहा है, तो पूल के भरने में कितना समय लगेगा?

(vi) इस स्वीमिंग पूल के छिछले (कम गहरे) सिरे की दीवार का क्षेत्रफल क्या है?

(vii) इस स्वीमिंग पूल के गहरे सिरे पर दीवार का क्षेत्रफल क्या है?

(viii) स्वीमिंग पूल को कार्य योग्य बनाने में कितनी धनराशि देनी होगी, जिसमें खोदने की लागत और टाइल लगवाना सम्मिलित है।

**2.** निम्न सारणी कुछ घनाभों की विमाएँ दर्शाती है, जिससे उनके आयतन समान रहते हैं। इस सारणी को जितने चाहें ऐसे घनाभ लेकर विस्तृत कीजिए कि उनके आयतन समान रहें। इस सारणी को पूरा कीजिए और घनाभ के आयतन और पृष्ठीय क्षेत्रफल के बारे में निष्कर्ष लिखिए–

| **घनाभ की विमाएँ (इकाई में)** | **पृष्ठीय क्षेत्रफल (वर्ग इकाई में)** | **आयतन (घन इकाई में)** |
|---|---|---|
| 15, 10, 8 | | 1200 |
| 6, 10, 20 | | 1200 |
| -- | -- | -- |
| -- | -- | -- |
| -- | -- | -- |
| -- | -- | -- |

**3.** नीचे दी गयी आकृति में एक जियोबोर्ड दर्शाया गया है। जिसमें रबड़ बैंड की सहायता से एक आयत बनाया गया है।

(i) इस आयत का क्या क्षेत्रफल है?

(ii) एक समरूप आकृति बनाइए जिसका क्षेत्रफल इस आकृति के क्षेत्रफल से 50% अधिक हो।

(iii) एक समरूप आकृति बनाइए जिसका क्षेत्रफल इस आकृति के क्षेत्रफल से 25% अधिक हो।

(iv) मान लीजिए कि यह आकृति अन्य आकृति का 75% है। अन्य आकृति कैसी दिखायी देगी?



(v) नीचे घेरा हुआ क्षेत्रफल अन्य क्षेत्रफल का जियोबोर्ड पर 75% निरूपित करता है। एक जियोबोर्ड का प्रयोग कीजिए या जियोबोर्ड का एक चित्र खींचिए, जिससे उस अन्य आकृति का 100 % क्षेत्रफल निरूपित हो–



**4.** (i) नीचे एक कुत्ते की माँद के आधार, सामने, पीछे, पार्श्व और छत के स्केच दिये गये हैं। ये ड्राइंग स्केल 1 cm = 10 cm के आधार पर दी गयी है।






(ii) उपरोक्त स्कैच किस माँद के हैं?



(a) (b) (c)

(iii) आलेख शीट पर इसी विकल्प का जाल खींचिए।

(iv) एक कार्डबोर्ड का टुकड़ा लेकर, उस पर उपरोक्त खींचे गये जाल को ट्रेस कीजिए। इसे मोड़कर माँद बनाइए।

(v) यदि आपको प्रत्येक वर्ग cm के लिए ₹ 2 का भुगतान करना पड़े, तो इस माँद को पेंट कराने में आपको क्या व्यय करना पड़ेगा?

**5.** **शब्दजाल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| r | h | r | h | o | m | b | u | s | z |
| a | t | h | a | m | o | b | s | u | q |
| b | t | r | a | p | e | z | i | u | m |
| c | y | l | i | n | d | e | r | b | c |
| t | z | w | v | a | m | q | r | e | u |
| i | j | l | t | q | *n* | g | b | a | b |
| k | b | d | f | v | s | g | t | r | o |
| s | z | q | c | i | r | c | l | e | i |
| a | w | h | m | a | n | k | p | e | d |

ऊपर दिये हुए शब्दजाल में वे नाम ज्ञात कीजिए जिनके क्षेत्रफल या आयतन नीचे दिये हैं। इसके लिये दिये हुए कलर कोड का प्रयोग करते हुए खानों में उपयुक्त रंग भरिए।

| **क्षेत्रफल/आयतन** | | **कलर कोड** |
|---|---|---|
| 1. | $\frac{1}{2} d_1 \times d_2$ | लाल |
| 2. | $l\, b\, h$ | नीला |
| 3. | $\pi r^2 h$ | पीला |
| 4. | $\pi r^2$ | हरा |
| 5. | $\frac{1}{2} bh$ | नारंगी |
| 6. | $\frac{1}{2} (a + b) \times h$ | गुलाबी |

# रफ़ कार्य



12/04/18

## इकाई 12

# आलेखों का परिचय

## (A) मुख्य अवधारणाएँ और परिणाम

- आँकड़ों के आलेखीय निरूपण को समझना अधिक सरल है।
- **दंड आलेख, पाई चार्ट** और **आयत चित्र** आँकड़ों के आलेखीय निरूपण हैं।
- एक **रेखा आलेख** ऐसे आँकड़ों को प्रदर्शित करता है, जो प्राय: समय अवधि के अनुसार सतत् रूप से बदलते रहते हैं।
- एक रेखा आलेख जिसमें सभी रेखाखंड एक अकेली रेखा के भाग हों (या एक ही रेखा में हों) एक **रैखिक आलेख** कहलाता है।
- एक आलेख शीट पर किसी बिंदु की स्थिति निर्धारित करने के लिए, हमें दो परस्पर लंब रेखाओं की आवश्यकता होती है (जिसमें क्षैतिज रेखा $x$-अक्ष और ऊर्ध्वाधर रेखा $y$-अक्ष कहलाती है) तथा साथ ही हमें इस बिंदु के $x$-निर्देशांक (भुज) एवं $y$-निर्देशांक (कोटि) भी ज्ञात होना आवश्यक है। निर्देशांकों की सहायता से बिंदु की तल में स्थिति निर्धारित करने की प्रक्रिया उस **बिंदु का आलेखन करना** कहलाती है।
- एक **आश्रित चर** और एक **स्वतंत्र चर** के बीच के संबंध को एक आलेख द्वारा दर्शाया जाता है।

## (B) हल उदाहरण

**उदाहरण 1 और 2 में, चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**उदाहरण 1:** $x$-अक्ष पर स्थित प्रत्येक बिंदु निम्न रूप का होता है–

(a) $(0, y)$ (b) $(x, 0)$ (c) $(x, y)$ (d) $(x, 1)$

**हल** सही उत्तर (b) है।

**उदाहरण 2:** नीचे दिया हुआ आलेख एक कार द्वारा निशा की एक मॉल तक की यात्रा दर्शाता है। इस आलेख को ध्यानपूर्वक देखिए तथा ज्ञात कीजिए कि वह सायं 5 बजे और सायं 7 बजे की बीच में क्या कर रही थी?

(a) माल की ओर कार चला रही थी। (b) कार से घर वापिस आ रही थी।

(c) कार नहीं चला रही थी। (d) उत्तर देने के लिए आँकड़े पर्याप्त नहीं।




**हल** सही उत्तर (c) है।

**उदाहरण 3 और 4 में, रिक्त स्थानों को भरिए, ताकि कथन सत्य हो जाएँ–**

**उदाहरण 3:** एक ____________ आलेख में, आलेख के सभी बिंदु एक ही सीधी (या सरल) रेखा पर स्थित होते हैं।

**हल** रैखिक

**उदाहरण 4:** मूलबिंदु के निर्देशांक ____________ हैं।

**हल** (0, 0)

**उदाहरण 5 और 6 में बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य–**

**उदाहरण 5:** बिंदु (3, 4) और (4, 3) आलेख पर एक ही बिंदु को निरूपित करते हैं।

**हल** असत्य

**उदाहरण 6:** $x$–अक्ष पर स्थित किसी भी बिंदु का $y$-निर्देशांक 0 होता है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 7:** बिंदुओं (4, 4), (1, 3), (4, 2) और (7, 3) को एक आलेख कागज पर आलेखित कीजिए और इन्हें रेखाखंडों द्वारा इसी क्रम में युग्मों में मिलाइए। आपको जो आकार प्राप्त होता है उसका नाम लिखिए।



12/04/18

हल




बना हुआ आकार एक समचतुर्भुज है।

**उदाहरण 8:** नीचे दिए हुए आलेख में सभी बिंदुओं के निर्देशांक लिखिए–




हल

| | | |
|---|---|---|
| (A) (4, 7) | (E) (3, 5) | (I) (4, 5) |
| (B) (7, 4) | (F) (5, 5) | (J) (5, 4) |
| (C) (4, 1) | (G) (5, 3) | (K) (4, 3) |
| (D) (1, 4) | (H) (3, 3) | (L) (3, 4) |

**उदाहरण 9:** नीचे दिया हुआ आलेख °C और °F के तापमानों में परस्पर संबंध को दर्शाता है। इस आलेख का उपयोग करते हुए, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) 140 °F को °C में बदलिए।

(b) 20 °C को °F में बदलिए।



12/04/18




**हल** (a) 140°F = 60°C

(b) 20°C = 68°F

**उदाहरण 10:** निम्न आलेख किसी कंपनी द्वारा अपना कार्य प्रारंभ करने के प्रथम दो वर्षों में निर्मित वस्तुओं की लगभग बिक्री दर्शाता है–

(a) किस महीने में इन दोनों वर्षों में बिक्री का अंतर अधिकतम है?

(b) किस वर्ष में, बेची गयी वस्तुओं में अधिक स्थिरता रही?

(c) किस महीने में, दोनों वर्षों में बिक्री समान रही?

(d) किस महीने में, प्रथम वर्ष की बिक्री दूसरे वर्ष की बिक्री से कम थी?

## शब्दावली संबंधन

इस इकाई के कुछ शब्दावली पदों से परिचित होने के लिए निम्न पर विचार कीजिए:

**1.** मूलबिंदु (origin) का अर्थ 'प्रारंभ होना' है। आप किस प्रकार सोचते हैं कि यह ग्राफ खींचने में प्रयुक्त है?

**2.** शब्द चतुर्थांश (quadrant) का मूल 'क्वाड' है जिसका अर्थ 'चार' है। आप क्या सोचते हैं कि ग्राफ का चतुर्थांश क्या होता है?

**3.** शब्द क्रमित (ordered) का अर्थ है कि 'किसी नियम के अनुसार व्यवस्थित'। क्या आप सोचते हैं कि नियम से कुछ अंतर पड़ता है? क्या आप सोचते हैं कि क्रमित युग्म में पहले माने वाली संख्या से कुछ अंतर पड़ता है? समझाइए।



12/04/18




**हल** (a) अधिकतम अंतर जून में था।

(b) प्रथम वर्ष में बिक्री में अधिक स्थिरता थी।

(c) अगस्त में बिक्री समान रही।

(d) जून और नवंबर

**उदाहरण 11:** नीचे दिए आलेख दो भिन्न साइकिल सवारों की किसी सैर के समय प्रगति दर्शाते हैं। प्रत्येक आलेख के लिए, साइकिल सवार की इस समय काल में प्रगति दर्शाइए–







**हल** (a) जैसे-जैसे समय होता जाता है, साइकिल सवार I की चाल घटती जाती है।

(b) साइकिल सवार II की चाल थोड़े कम समय काल के लिए बढ़ती है और इसके बाद इसमें बहुत धीरे-धीरे वृद्धि होती है।



12/04/18

**उदाहरण 12:** (i) एक द्वि-दंड आलेख आँकड़ों के दो समूहों की ___________ करने में उपयोगी रहता है।

(ii) वृत्त के रूप में निरूपित आँकड़ों को __________ चार्ट कहा जाता है।

(iii) दो चरों वाली एक रैखिक समीकरण का आलेख सदैव एक ___________ रेखा होता है।

(iv) कार्तीय पद्धति में दोनों अक्षों को परस्पर ___________ लिया जाता है।

**हल** (i) तुलना, (ii) पाई, (iii) सरल (या सीधी), (iv) लंब

## सोचिए और चर्चा कीजिए

1. ऐसे आंकड़ों के प्रकार का वर्णन कीजिए जो दंड आरेख द्वारा सबसे अच्छी तरह निरूपित किये जा सकते हों।
2. एक ऐसी स्थिति बताइए जिसमें आंकड़ों को दर्शाने के लिए आप रेखा आरेख का उपयोग करते हों।

## समस्या हल करने की युक्ति का अनुप्रयोग

**उदाहरण 13:**

**दी हुई सारणी को पूरा कीजिए और इसके लिए आलेख खींचिए:**

| $x$ | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| $y = 2x$ | | | | | |

### समस्या को समझिए और उसकी जाँच कीजिए

- इस प्रश्न से क्या सूचना मिलती है?

  $x$-निर्देशांक और $y$-निर्देशांक ज्ञात करने के लिए समीकरण
- आप क्या ज्ञात करना चाह रहे हैं?

  (1) $y$-निर्देशांक

  (2) सभी पाँचों बिंदुओं के निर्देशांक

  (3) इन्हीं पाँचों बिंदुओं को आलेखित करना

### एक युक्ति की योजना बनाइए

- आप दो चरों की रैखिक समीकरणों के बारे में जानते हैं। इस अवधारणा का प्रयोग करते हुए, समीकरण $y = 2x$. में $x = 0, 1, 2, 3, 4$ रखकर संगत $y$-निर्देशांक ज्ञात कीजिए।
- एक आलेख शीट लीजिए, इस पर दोनों अक्ष खींचिए तथा इस पर बिंदुओं की स्थितियाँ निर्धारित कीजिए, अर्थात् इन बिंदुओं को आलेखित कीजिए। इन बिंदुओं को क्रमानुसार रेखाखंडों द्वारा मिलाकर आलेख प्राप्त कीजिए।

**हल कीजिए**

- दिया है: $y = 2x$

यदि $x = 0$, है, तो $y = 2\ (0) = 0$ है।

यदि $x = 1$, है, तो $y = 2\ (1) = 2$ है।

यदि $x = 2$, है, तो $y = 2\ (2) = 4$ है।

यदि $x = 3$, है, तो $y = 2\ (3) = 6$ है।

यदि $x = 4$, है, तो $y = 2\ (4) = 8$ है।

अत:, पूरी करने पर सारणी है:

| $x$ | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| $y = 2x$ | 0 | 2 | 4 | 6 | 8 |

अत:, पाँचों बिंदुओं के निर्देशांक हैं: (0, 0), (1, 2), (2, 4), (3, 6), (4, 8)

एक आलेख शीट लेकर, इन पाँचों बिंदुओं को आलेखित कीजिए। इन बिंदुओं को क्रमानुसार रेखाखंडों द्वारा मिलाकर आलेख प्राप्त कीजिए।

आलेख निम्न प्रकार से दिखायी देगा:




**पुनर्निरीक्षण**

- सभी निर्देशांकों में से प्राप्त $x$ और $y$ के मानों को दिए हुए समीकरण $y = 2x$ में प्रतिस्थापित कीजिए और देखिए कि ये निर्देशांक इस समीकरण को संतुष्ट करते हैं।

निर्देशांकों (0, 0) के लिए,

L.H.S. = 0

R.H.S. = 2 (0) = 0 अर्थात् LHS = RHS

अत:, समीकरण संतुष्ट होती है।

निर्देशांकों (1, 2) के लिए,

L H S = 2

R H S = 2 (1) = 2 = LHS = RHS

अत:, समीकरण संतुष्ट होती है।

इसी प्रकार, आप अन्य निर्देशांकों को लेकर भी यह देख सकते हैं कि इनसे समीकरण संतुष्ट हो होते हैं अथवा नहीं।



12/04/18

## सोचिए और चर्चा कीजिए

(a) जब $x = 7$ हो तो आलेख से क्या आप $y$ के मान का पूर्वानुमान लगा सकते हैं?

(b) आलेख किस प्रकार बदल जाएगा यदि समीकरण $y = 3x$ से बदल दिया जाए?

## (C) प्रश्नावली

**प्रश्न 1 से 10 में, चार विकल्प दिए हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर लिखिए।**

**1.** एक संपूर्ण के भागों की तुलना निम्न द्वारा की जा सकती है–

(a) दंड आलेख (b) पाई चार्ट (c) रैखिक आलेख (d) रेखा आलेख

**2.** एक आलेख, जो ऐसे आँकड़ों को प्रदर्शित करता है, जो प्राय: सतत रूप से समय अवधि के अनुसार बदलते रहते हैं, निम्न है–

(a) दंड आलेख (b) पाई चार्ट (c) आयत चित्र (d) रेखा आलेख

**3.** नीचे दिए आलेख में, बिंदु $x$ के निर्देशांक हैं–

(a) (0,2) (b) (2, 3) (c) (3, 2) (d) (3, 0)




## आलेख खींचकर कुछ हल ज्ञात करना

एक रैखिक समीकरण को आलेखित करने के लिए आपको कुछ क्रमित युग्म प्राप्त करके उन्हें आलेखित करने की आवश्यकता होती है जो रैखिक समीमरण के हल हैं।

इसको करने के लिए आप समीकरण में $x$ के कुछ मान, संगत $y$ के मान ज्ञात करने के लिए रखते हैं।



12/04/18

**4.** नीचे दिए हुए आलेख में, बिंदु (0, 3) को निरूपित करने वाला अक्षर है–

(a) P (b) Q (c) R (d) S




**5.** बिंदु (3, 4) निम्न दूरी पर है–

(a) दोनों अक्षों से 3

(b) दोनों अक्षों से 4

(c) $x$–अक्ष से 4 और $y$–अक्ष से 3

(d) $x$–अक्ष से 3 और $y$–अक्ष से 4

**6.** वह बिंदु, जो दोनों अक्षों पर स्थित है, निम्न है–

(a) (0, 0) (b) (0, 1) (c) (1, 0) (d) (1, 1)

**7.** $x$–अक्ष से 3 इकाई की दूरी पर तथा $y$–अक्ष से 6 इकाई की दूरी पर स्थित बिंदु के निर्देशांक हैं–

(a) (0, 3) (b) (6, 0) (c) (3, 6) (d) (6, 3)

**8.** नीचे दी गई आकृति में, मेज पर पुस्तक की स्थिति को निम्न द्वारा दिया जा सकता है–




(a) (7, 3) (b) (3, 7)

(c) (3, 3) (d) (7, 7)



12/04/18

## सोचिए और चर्चा कीजिए

1. $x$–अक्ष पर एक बिंदु तथा $y$–अक्ष पर एक बिंदु के निर्देशांक लिखिए।
2. $y = 5x + 2$; के हलों में $y$ के लुप्त मान दीजिए:
   $(1, y)$, $(3, y)$, $(10, y)$.

**9.** किसी विद्यार्थी की टाइप करने की दर के लिए आँकड़े एकत्रित किये गये और नीचे दर्शाए अनुसार उनका आलेख खींचा गया। इस विद्यार्थी ने 30 सैकेंड में लगभग कितने शब्द टाइप किये थे?




(a) 20 (b) 24 (c) 28 (d) 34

**10.** निम्न में से कौन-सा आलेख नीचे दी गई सारणी को निरूपित करता है–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ग की एक भुजा की लंबाई | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| परिमाप | 4 | 8 | 12 | 16 | 20 |



(a)



(b)



12/04/18







**प्रश्न 11 से 25 में, रिक्त स्थानों का भरिए ताकि कथन सत्य हो जाएँ-**

**11.** ___________ उन आँकड़ों को प्रदर्शित करता है, जो प्रायः सतत् रूप से समय अवधि अनुसार बदलते रहते हैं।

**12.** आश्रित चर और स्वतंत्र चर के बीच के संबंध को एक ___________ द्वारा दर्शाया जाता है।

**13.** आलेख शीट पर किसी बिंदु को निरूपित करने के लिए, हमें ___________ निर्देशांकों की आवश्यकता होती है।

**14.** एक बिंदु, जिसका $x$-निर्देशांक शून्य है और $y$–निर्देशांक शून्येतर है, __________पर स्थित होगा।

**15.** एक आलेख में, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर रेखाएँ प्रायः ___________ और ___________ कहलाती हैं।

**16.** किसी बिंदु की उसके निर्देशांकों की सहायता से स्थिति निर्धारण करने की प्रक्रिया को बिंदु का ___________ करना कहा जाता है।

**17.** $y$–अक्ष से किसी बिंदु की दूरी ___________ निर्देशांक है।

**18.** सभी बिंदु, जिनके $y$–निर्देशांक शून्य हों, ___________ पर स्थित होते हैं।

**19.** बिंदु (5, 2) के लिए, उसकी $x$ अक्ष से दूरी ___________ इकाई है।

**20.** $y$–अक्ष पर स्थित किसी भी बिंदु का $x$–निर्देशांक ___________ होता है।

**21.** बिंदु (2, 4) का $y$–निर्देशांक ___________ है।

**22.** बिंदु (4, 7) में, 4 ___________ को व्यक्त करता है।

**23.** किसी बिंदु का $x$ निर्देशांक 5 है और $y$ निर्देशांक 4 है। तब, इस बिंदु के निर्देशांक __________ से दिये जाते हैं।

**24.** एक बिंदु के निर्देशांकों में, दूसरी संख्या __________ को व्यक्त करती है।

**25.** वह बिंदु जहाँ दोनों अक्ष प्रतिच्छेद करते हैं __________ कहलाता है।

**प्रश्न 26 से 34 में, बताइए कि कथन सत्य हैं या असत्य–**

**26.** किसी बिंदु की आलेख शीट पर निर्धारित करने के लिए, हमें इसके दोनों निर्देशांकों की आवश्यकता होती है।

## अभाज्यों का बंटन

याद कीजिए कि अभाज्य संख्या केवल 1 अथवा स्वयं से विभाज्य होती है। अभाज्य संख्याएँ अंततः अनेक हैं, परंतु इन्हें ज्ञात करने का कोई बीजगणितीय सूत्र नहीं है। 14 नवंबर, 2001 को खोजी गयी ज्ञात सबसे बड़ी अभाज्य संख्या $2^{13466917}-1$ है। सामान्य रूप में इसमें 4053948 अंक हैं।

### इराटोस्थीनेस की छलनी

अभाज्य संख्याओं को ज्ञात करने की एक विधि इराटोस्थीनेस की छलनी है। प्राकृत संख्याओं की एक सूची का उपयोग कीजिए। 1 को काट दीजिए। अगली संख्या 2 एक अभाज्य संख्या है। इस पर गोला लगाइए। तब 2 के सभी गुणकों को काट दीजिए क्योंकि वे अभाज्य नहीं हैं। सूची की अगली संख्या पर गोला लगाइए। इसके सारे गुणकों को काट दीजिए। इस क्रिया को तब तक दोहराइए जब तक सभी संख्याएँ या तो कट जाएँ या उन पर गोला लग जाए। गोला लगी संख्याएँ ही अभाज्य संख्याएँ हैं।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ~~1~~ | (2) | 3 | ~~4~~ | 5 | ~~6~~ | 7 | ~~8~~ | 9 | ~~10~~ |
| 11 | ~~12~~ | 13 | ~~14~~ | 15 | ~~16~~ | 17 | ~~18~~ | 19 | ~~20~~ |
| 21 | ~~22~~ | 23 | ~~24~~ | 25 | ~~26~~ | 27 | ~~28~~ | 29 | ~~20~~ |
| 31 | ~~32~~ | 33 | ~~34~~ | 35 | ~~36~~ | 37 | ~~38~~ | 39 | ~~40~~ |
| 41 | ~~42~~ | 43 | ~~44~~ | 45 | ~~46~~ | 47 | ~~48~~ | 49 | ~~50~~ |

**1.** 50 से कम अभाज्य संख्याओं को ज्ञात करने के लिए इराटोस्थीनेस की छलनी का उपयोग कीजिए।

**2.** प्रथम 15 अभाज्य संख्याओं को ग्राफ पेपर पर आलेखित कीजिए। अभाज्य संख्याओं को $x$–अक्ष पर तथा उनकी अनुक्रम में स्थिति को $y$–अक्ष पर लीजिए: 2 प्रथम अभाज्य है, 3 दूसरा अभाज्य है इत्यादि।

| अभाज्य संख्या | 2 | 3 | 5 | 7 | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुक्रम में स्थिति | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |



12/04/18

**27.** एक रेखा आलेख एक बिना टूटी हुई (या अखंडित) संपूर्ण रेखा भी हो सकता है।

**28.** किसी बिंदु की $x$–अक्ष से दूरी उसका $x$-निर्देशांक कहलाती है।

**29.** बिंदु (3, 5) की $y$–अक्ष से दूरी 5 है।

**30.** किसी बिंदु की कोटि उसकी $y$–अक्ष से दूरी होती है।

**31.** बिंदु (2, 3) में, 3 उसका $y$–निर्देशांक व्यक्त करता है।

**32.** मूलबिंदु के निर्देशांक (0, 0) हैं।

**33.** निर्देशांक (3, 5) और (5, 3) एक ही बिंदु को निरूपित करते हैं।

**34.** $x$–अक्ष पर स्थित किसी बिंदु का $y$–निर्देशांक शून्य होगा।

**35.** **स्तंभ A** में दिये निर्देशांकों का **स्तंभ B** में दिये गये कथनों से सुमेलन कीजिए–

| **स्तंभ A** | **स्तंभ B** |
|---|---|
| (1) (0, 5) | (a) $y$–निर्देशांक $2 \times x$–निर्देशांक + 1 है। |
| (2) (2, 3) | (b) मूलबिंदु के निर्देशांक |
| (3) (4, 8) | (c) केवल $y$–निर्देशांक शून्य है। |
| (4) (3, 7) | (d) $x$–अक्ष से दूरी 5 है। |
| (5) (0, 0) | (e) $y$–निर्देशांक $x$–निर्देशांक का दोगुना है। |
| (6) (5, 0) | (f) $y$–अक्ष से दूरी 2 है। |

**36.** **स्तंभ A** में दिये गए बिंदुओं के निर्देशांकों का **स्तंभ B** में दिये गये कथनों से सुमेलन कीजिए–

| **स्तंभ A** | **स्तंभ B** |
|---|---|
| a) (7, 0) | (i) कोटि भुज की दोगुनी है। |
| b) (11, 11) | (ii) कोटि शून्य है। |
| c) (4, 8) | (iii) कोटि भुज के बराबर है। |
| d) (6, 2) | (iv) भुज कोटि का दोगुना है। |
| e) (0, 9) | (v) भुज कोटि का तिगुना है। |
| f) (6, 3) | (vi) भुज शून्य है। |

**37.** दिये हुए आलेख से वे अक्षर चुनिए जो नीचे दिये गए बिंदुओं की स्थितियाँ प्रदर्शित करते हैं–




(a) (2, 0) (b) (0, 4) (c) (5, 1) (d) (2, 6) (e) (3,3)

**38.** नीचे दिए हुये आलेख में, सभी अक्षरों के निर्देशांक ज्ञात कीजिए–




**39.** एक आलेख शीट पर नीचे दिये गए बिंदुओं को आलेखित कीजिए–

(a) (5, 4) (b) (2, 0) (c) (3, 1) (d) (0, 4) (e) (4,5)

**40.** नीचे दिये गए एक चिड़ियाघर के मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके आगे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–




(a) चिड़ियाघर में शेरों की स्थितियाँ बताइए।

(b) (D, $f$) और (C, $d$) चिड़ियाघर में किन पशुओं की स्थितियों को निरूपित करते हैं।

(c) प्रसाधन कहाँ स्थित है?

(d) कैंटीन की स्थिति बताइए।

**41.** नीचे दिये हुए बिंदुओं में से प्रत्येक का $x$–निर्देशांक (भुज) लिखिए–

(a) (7, 3) (b) (5, 7) (c) (0, 5)

**42.** नीचे दिये हुए बिंदुओं में से प्रत्येक का $y$–निर्देशांक (कोटि) लिखिए–

(a) (3, 5) (b) (4, 0) (c) (2, 7)

**एक योजना बनाइए–**

- **क्या आपको सही उत्तर के आंकलन की आवश्यकता है?**

  जब आप कोई वार्तिक समस्या हल कर रहे हों तो स्वयं से पूछिए कि आपको क्या ठीक उत्तर चाहिए अथवा उसका आंकलन पर्याप्त है। उदाहरण के लिए, यदि समस्या में परिमाण लगभग में हैं तो उत्तर लगभग में दिया जा सकता है। यदि आंकलन पर्याप्त हो तो आप आंकलन की तकनीक का उपयोग परिकलन से समय बचाने के लिए कर सकते हैं।

**43.** नीचे दिये हुए बिंदुओं को एक आलेख शीट पर आलेखित कीजिए और जाँच कीजिए कि क्या ये बिंदु एक सीधी रेखा पर स्थित हैं। यदि नहीं, तो इन्हें इसी क्रम में मिलाकर बताइए कि इनसे क्या आकार बनता है।

(a) (1, 2), (2, 4), (3, 6), (4, 8)

(b) (1, 1), (1, 2), (2, 1), (2, 2)

(c) (4, 2), (2, 4), (3, 3), (5, 4)

**44.** यदि $y$–निर्देशांक $x$–निर्देशांक का तीन गुना है, तो इसके लिए एक सारणी बनाइए तथा इसका आलेख खींचिए।

**45.** नीचे दी हुई सारणी में दिये हुए वर्ग के क्षेत्रफलों के लिए, एक रेखा आलेख बनाइए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **भुजा ( cm में )** | 1 | 2 | 3 | 4 |
| **क्षेत्रफल ( $cm^2$ में )** | 1 | 4 | 9 | 16 |

क्या यह एक रैखिक आलेख है?

**46.** क्या अभ्यास–पुस्तिका का मूल्य ₹ 10 है। 2, 3, 4,....... अभ्यास–पुस्तिकाओं के मूल्यों को दर्शाने वाली एक सारणी बनाकर, इसका एक आलेख खींचिए। इस आलेख का उपयोग करते हुए,

(a) 7 अभ्यास–पुस्तिकाओं का मूल्य ज्ञात कीजिए।

(b) ₹ 50 में खरीदी जा सकने वाली अभ्यास–पुस्तिकाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

**47.** निम्न दूरी–समय आलेखों द्वारा निरूपित स्थितियों को स्पष्ट कीजिए–




(a) (b) (c)

**48.** निम्न सारणियों को पूरा कीजिए और प्रत्येक के लिए एक आलेख खींचिए–

(a)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| $x$ | 0 | 1 | 2 | 3 |
| $y = 3x+1$ | 1 | 4 | - | - |

(b)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| $x$ | 1 | 2 | 4 | 6 |
| $y= x–1$ | 0 | | | |

**49.** दिये हुए (a) और (b) आलेखों का अध्ययन कीजिए तथा उनके संगत नीचे दी सारणियों को पूरा कीजिए–




(a)

| $x$ | 0 | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|---|
| $y$ | | | | |




(b)

| $x$ | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| $y$ | | | | | |

**50.** किसी वृत्त की त्रिज्या और परिधि के लिए, एक उपयुक्त स्केल लेते हुए एक आलेख खींचिए। (संकेत – त्रिज्याएँ 7, 14, 21, इत्यादि लीजिए)।

इस आलेख से,

(a) वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए, जब त्रिज्या 42 इकाई है।

(b) ज्ञात कीजिए कि किस त्रिज्या पर, परिधि 220 इकाई है?

**51.** नीचे दिया हुआ आलेख किसी शहर में दो क्रमागत सप्ताहों में रिकार्ड किये गये अधिकतम तापमानों को दर्शाता है। इस आलेख का अध्ययन कीजिए तथा इसके आगे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–



(a) दोनों अक्षों द्वारा क्या सूचनाएँ निरूपित हो रही हैं?

(b) किस सप्ताह में, तापमान अधिकांश दिनों में ऊँचा रहा?

(c) किस दिन दोनों सप्ताहों में तापमान समान रहा?

(d) किस दिन दोनों सप्ताहों के तापमानों का अंतर अधिकतम था?

(e) बृहस्पतिवार को दोनों सप्ताहों के तापमान क्या थे?

(f) प्रथम सप्ताह में, किस दिन तापमान 35°C था?

(g) दूसरे सप्ताह में, किस दिन तापमान सबसे अधिक था?

**52.** नीचे दिया हुआ आलेख किसी कंपनी की कारों की 6 महीनों में वास्तविक बिक्री और प्रत्याशित बिक्री को दर्शाता है। इस आलेख का अध्ययन कीजिए तथा आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(a) किस महीने में, वास्तविक बिक्री प्रत्याशित बिक्री के समान थी?

(b) किस (किन) महीने (नों) में, वास्तविक और प्रत्याशित बिक्रियों का अंतर अधिकतम था?

(c) किस (किन) महीने (नों) में, वास्तविक और प्रत्याशित बिक्रियों का अंतर न्यूनतम था?

(d) जनवरी, फरवरी और मार्च में कारों की कुल बिक्री कितनी थी?

(e) अंतिम तीन महीनों में कारों की औसत बिक्री कितनी थी?

(f) प्रथम तीन महीनों की बिक्री और अंतिम तीन महीनों की बिक्री का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**53.** नीचे दिया हुआ आलेख सोनिया द्वारा दो विभिन्न टेस्टों में 10 में से प्राप्त किये गये अंक दर्शाता है। इस आलेख का अध्ययन कीजिए तथा आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(a) अक्षों से क्या सूचनाएँ निरूपित हो रही हैं?

(b) टेस्ट I में, किस विषय में उसने अधिकतम अंक प्राप्त किये?

(c) टेस्ट II में, किस विषय में उसने न्यूनतम अंक प्राप्त किये?

(d) किस विषय में, उसने दोनों टेस्टों में समान अंक प्राप्त किये हैं?

(e) टेस्ट II में, उसने अंग्रेजी में कितने अंक प्राप्त किये हैं?

(f) किस टेस्ट में, उसका प्रदर्शन बेहतर था?

(g) किस विषय और किस टेस्ट में उसने पूरे अंक प्राप्त किये हैं?

**54.** नीचे दी गई आकृतियों के शीर्षों के निर्देशांक ज्ञात कीजिए–



**55.** नीचे दिया हुआ आलेख, जो किसी व्यक्ति द्वारा अपने घर से जाने तथा दिन के अंत में अपने घर वापिस आने से संबंधित है, का अध्ययन कीजिए तथा इसके आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए–




(a) किस समय वह व्यक्ति अपने घर से चला?

(b) अपनी यात्रा के प्रथम चार घंटों में उस व्यक्ति ने कितनी दूरी चली?

(c) वह सायं 3 बजे से सायं 5 बजे तक क्या कर रहा था?

(d) पूरे दिन में उसने कुल कितनी दूरी चली?

(e) उसके द्वारा प्रथम 8 घंटों में चली गयी कुल दूरी परिकलित कीजिए।

(f) किस समय पर उसने अपनी 16 किमी की यात्रा पूरी की?

(g) उस व्यक्ति की (a) A से B तक और (b) B से C तक (c) के बीच की औसत चालें परिकलित कीजिए।

**56.** चरों $p$ और $q$ के लिए एक रेखा आलेख खींचिए, जहाँ चर $p$ चर $q$ का दोगुना है, अर्थात् इन चरों से समीकरण $p = 2q$ बनती है। तब, इससे ज्ञात कीजिए–

(a) $p$ का मान, जब $q = 3$ है।

(b) $q$ का मान, जब $p = 8$ है।

**57.** आगे दिये हुए आलेख का अध्ययन कीजिए तथा उसके आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) यह आलेख क्या सूचना देता है?

(b) किस दिन तापमान न्यूनतम था?

(c) किस दिन तापमान 31°C था?

(d) कौन-सा दिन सबसे अधिक गर्म था?




**58.** किसी कार द्वारा कुछ स्थानों की यात्रा करने से संबंधित नीचे दिये हुए दूरी-समय आलेख का अध्ययन कीजिए तथा आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए-




(a) कार प्रथम 2 घंटों में कितनी दूरी चली?

(b) R तक पहुँचने में कार कितना समय लेती है?

(c) 80km की दूरी तय करने में कार कितना समय लेती है?

(d) प्रारंभिक बिंदु से Q कितनी दूरी पर है?

(e) कार चलने के कितने समय बाद S पर पहुँचती है?

**59.** एक आलेख शीट पर, उपयुक्त अक्षों को लेते हुए बिंदु A (1, 2), B (4, 2) और C (1, 4) को आलेखित कीजिए। इस पर एक चौथा बिंदु D इस प्रकार निर्धारित कीजिए कि ABCD एक आयत हो जाये तथा इस बिंदु D के निर्देशांक लिखिए।

**60.** एक आलेख शीट पर उपयुक्त अक्षों को लेते हुए, बिंदु A (1, 2), B (3, 4), और C (5, 2) को आलेखित कीजिए। एक चौथा बिंदु D इस प्रकार निर्धारित कीजिए कि ABCD एक समचतुर्भुज हो जाये तथा इस बिंदु D के निर्देशांक लिखिए। इस समचतुर्भुज के विकर्णों को मापिए और ज्ञात कीजिए कि ये बराबर हैं या नहीं।

**61.** एक आलेख शीट पर, बिंदु P (3, 4), Q (1, 0), R (0, 4) और S (4, 1) को आलेखित कीजिए तथा रेखाखंडों PQ और RS के प्रतिच्छेद बिंदु के निर्देशांक लिखिए।

**62.** नीचे दिया गया आलेख किसी सप्ताह में दो विक्रेताओं द्वारा बेची गयी आइसक्रीमों की बिक्रियों की तुलना करता है–




इस आलेख को देखिए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) शुक्रवार को किस विक्रेता ने अधिक आइसक्रीम बेची?

(b) किस दिन दोनों विक्रेताओं की बिक्रियाँ समान थीं?

(c) विक्रेता A की बिक्री किस दिन पिछले दिन की तुलना में सबसे अधिक बढ़ी?

(d) किस दिन दोनों विक्रेताओं की बिक्री का अंतर अधिकतम था?

(e) विक्रेता B की किन दो दिनों में बिक्री समान थी?

**63.** नीचे दिया हुआ आलेख एक दिन के विभिन्न समयों पर रिकॉर्ड किये गये तापमानों को दर्शाता है–




इस आलेख को देखिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) प्रातः 8 बजे क्या तापमान है?

(b) किस समय पर तापमान $3^0C$ है?

(c) किस घंटे में तापमान में गिरावट हुई है?

(d) प्रातः 7 बजे और प्रातः 10 बजे के बीच में तापमान में क्या परिवर्तन हुआ?

(e) किस घंटे में तापमान अचर रहा है?

**64.** निम्न सारणी किसी बच्चे के वृद्धि चार्ट को प्रदर्शित करती है–

| **लंबाई (सेमी में)** | 75 | 90 | 110 | 120 | 130 |
|---|---|---|---|---|---|
| **आयु (वर्षों में)** | 2 | 4 | 6 | 8 | 10 |

इस सारणी के लिए, एक रेखा आलेख खींचिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) 4 वर्ष की आयु में लंबाई क्या है?

(b) 6 वर्ष की आयु की तुलना में 10 वर्ष की आयु में उस बच्चे की लंबाई कितनी अधिक है?

(c) किन दो क्रमागत समय अवधियों के बीच में बच्चे की लंबाई में अधिक तेजी से वृद्धि हुई?

**65.** नीचे स्नेहा के चलने का समय-दूरी आलेख दिया हुआ है–




(a) स्नेहा किस समय न्यूनतम प्रगति करती है (अर्थात् न्यूनतम चाल से चलती है)?

(b) km / घंटा में उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**66.** सारणी I में दिये निर्देशांकों से एक समांतर चतुर्भुज ABCD खींचिए। बिंदु E, F, G, H तथा J, K, L, M. के निर्देशांकों को प्राप्त करने के लिए क्रमश: सारणियों II और III को पूरा कीजिए।

| बिंदु | $(x, y)$ |
|---|---|
| A | (1, 1) |
| B | (4. 4) |
| C | (8, 4) |
| D | (5, 1) |

सारणी I

| बिंदु | $(0.5x, 0.5y)$ |
|---|---|
| E | (0.5, 0.5) |
| F | |
| G | |
| H | |

सारणी II

| बिंदु | $(2x, 1.5y)$ |
|---|---|
| J | (2, 1.5) |
| K | |
| L | |
| M | |

सारणी III

इसी आलेख कागज पर समांतर चतुर्भुज EFGH और JKLM खींचिए।

**67.** एक आलेख कागज पर बिंदु (2, 4) और (4, 2) को आलेखित कीजिए और इन्हें एक रेखाखंड द्वारा मिलाइए। निर्देशांकों अक्षों से मिलने के लिए, इस रेखाखंड को दोनों ओर विस्तृत कीजिए। उन बिंदुओं के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जहाँ यह रेखा $x$-अक्ष और $y$-अक्ष से मिलती है।



12/04/18

**68.** निम्न आलेख किसी बर्फ के ब्लॉक को गर्म करने पर उसमें हुए तापमानों में परिवर्तन को दर्शाता है। इस आलेख का उपयोग निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने में कीजिए–




(a) कितने सैकेंड तक बर्फ के इस ब्लॉक में तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है?

(b) कितनी देर तक तापमान में परिवर्तन होता रहा?

(c) गर्म करने के कितने सैकेंड बाद, तापमान 0°C पर अचर हो गया?

(d) 50 सैकेंड बाद तापमान क्या था?

(e) 1.5 मिनट बाद तापमान क्या होगा? अपने उत्तर का औचित्य दीजिए।

**69.** निम्न आलेख विभिन्न समयों पर किसी विशेष दुकान पर उपस्थित व्यक्तियों की संख्या को दर्शाता है। इस आलेख को देखिए और आगे दिये हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(a) यह किस प्रकार का आलेख है?

(b) यह आलेख क्या सूचना दे रहा है?

(c) इस दुकान पर दिन में सबसे अधिक व्यस्तता का समय क्या है?



12/04/18

(d) कितने व्यक्ति दुकान खुलते समय उसमें प्रवेश करते हैं?

(e) दोपहर 1:30 बजे के समय उस दुकान पर लगभग कितने व्यक्ति उपस्थित थे?

**70.** एक व्यक्ति स्थान A से अपनी यात्रा कार से करना प्रारंभ करता है और वापस आ जाता है। नीचे दिया हुआ आलेख संपूर्ण यात्रा में विभिन्न समयों पर उसकी स्थितियों को दर्शाता है। आलेख के अनुसार निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये।




(a) वह किस समय अपनी यात्रा प्रारंभ करता है और किस समय यात्रा समाप्त करता है?

(b) यात्रा की संपूर्ण अवधि कितनी थी?

(c) कौन-सी यात्रा (आगे जाने या वापसी की) अधिक समय काल की थी?

(d) कितने घंटों तक वह नहीं चला?

(e) किस समय उसकी चाल अधिकतम थी?

**71.** नीचे दिया गया आलेख दो साइकिल सवारों द्वारा की गयी यात्राओं को दर्शाता है– एक की यात्रा शहर A से शहर B तक की है तथा दूसरे की यात्रा शहर B से शहर A तक की है।

(a) किस समय साइकिल सवार II ने विश्राम किया? उस साइकिल सवार ने कितने समय तक विश्राम किया?

(b) विश्राम करने के बाद, क्या साइकिल सवार II अधिक तेजी से साइकिल चला रहा था या अधिक धीरे साइकिल चला रहा था?

(c) दोनों साइकिल सवार किस समय मिले?

(d) साइकिल सवार II साइकिल सवार I से मिलने से पहले कितनी दूरी तय कर चुका था?

(e) जब साइकिल सवार II शहर A पर पहुँचता है, तब साइकिल सवार I शहर B से कितनी दूरी पर था?




**72.** अजिता अपने पिता के साथ स्कूटर पर अपने घर से 07:00 बजे चलना प्रारंभ करती है, जो 30km/h की एक समान चाल से चलता है तथा आधे घंटे के बाद उसे उसके स्कूल पर छोड़ देता है। वह स्कूल में 13:30 घंटे तक रहती है और घर लौटने के लिए एक ऑटोरिक्शा लेती है। इस रिक्शा की एक समान चाल 10km/h है। उपरोक्त स्थिति को दर्शाने के लिए, एक आलेख खींचिए तथा अजिता के घर से उसके स्कूल की दूरी निर्धारित कीजिए।

**73.** एक उपयुक्त स्केल का उपयोग करते हुए, किसी कंपनी के पाँच वर्षों के निम्न वार्षिक सकल लाभों को दर्शाने के लिए एक रेखा आलेख खींचिए–

| **वर्ष** | पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पाँचवाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| **सकल लाभ (₹ में)** | 17,00,000 | 15,50,000 | 11,40,000 | 12,10,000 | 14,90,000 |

**74.** नीचे दिया हुआ चार्ट लड़के और लड़कियों की उनकी संगत आयु के अनुसार संपूर्ण लंबाइयों के प्रतिशत के पदों में लंबाइयों में वृद्धि दर्शाता है–

| **आयु (वर्षों में)** | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **लड़के** | 72% | 75% | 78% | 81% | 84% | 88% | 92% | 95% | 98% | 99% | 100% |
| **लड़कियाँ** | 77% | 81% | 84% | 88% | 91% | 95% | 98% | 99% | 99.5% | 100% | 100% |

इन आँकड़ों के एक ही आलेख शीट पर रेखा आलेख खींचिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) किस वर्ष में लड़के और लड़कियाँ दोनों अपनी अधिकतम लंबाइयों तक पहुँचते हैं?

(b) यौवनागम के समय पर (14 वर्ष से 16 वर्ष की आयु तक) किस में अधिक तेजी से वृद्धि होती है?

**75.** नीचे दी गई सारणी ध्रुव द्वारा साइकिल चलाते समय एकत्रित किये गये कुछ आँकड़ों को दर्शाती है–

| **समय (मिनट में)** | 0 | 5 | 10 | 15 | 20 | 25 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दूरी (किमी में)** | 0 | 0.5 | 1 | 1.25 | 1.5 | 1.75 |

(a) एक उपयुक्त स्केल का उपयोग करते हुए, ऊपर दिए हुए आँकड़ों के लिए एक रेखा आलेख खींचिए।

(b) किन समय अवधियों में ध्रुव ने अधिक प्रगति की?

**76.** नीचे दिये हुए आलेख को ध्यानपूर्वक देखिए और निम्न सारणी को पूरा कीजिए–

| $x$ | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| $y$ | | | | | |




**77.** आगे दिया हुआ आलेख उन विद्यार्थियों के प्रतिशतों को दर्शाता है, जो हाईस्कूल तक अध्ययन करने के बाद स्कूल छोड़ जाते हैं। बिंदु A यह दर्शाता है कि 1996 में लगभग 4.7% विद्यार्थियों ने स्कूल छोड़ दिया।




(a) किस वर्ष में स्कूल छोड़ने वालों की दर अधिकतम थी? यह किस वर्ष में न्यूनतम थी?

(b) हाईस्कूल के बाद स्कूल छोड़ने वालों की दर कब सर्वप्रथम 5% से कम हुई?

(c) 2007 में, कितने प्रतिशत विद्यार्थी हाईस्कूल छोड़ देते हैं? वर्ष 2008 में, लगभग कितने प्रतिशत विद्यार्थी हाईस्कूलों में रहे?

**78.** टूथपिक से बने निम्न पैटर्नों को देखिए–



पैटर्न 1 पैटर्न 2 पैटर्न 3 पैटर्न 4

(a) कल्पना कीजिए कि यह पैटर्न जारी रहता है। प्रथम 6 पैटर्नों में टूथपिक की संख्याओं को दर्शाने वाली निम्न सारणी को पूरा कीजिए–

| **पैटर्न** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **टूथपिक** | 4 | | | 13 | | |

(b) पैटर्न संख्याओं को क्षैतिज अक्ष और टूथपिक की संख्याओं को ऊर्ध्वाधर अक्ष पर लेकर एक आलेख खींचिए। क्षैतिज अक्ष को 0 से 10 और ऊर्ध्वाधर अक्ष को 0 से 30 से अंकित कीजिए।

(c) अपने आलेख का प्रयोग करते हुए, 7 और 8 पैटर्नों के लिए वाँछित टूथपिक की संख्याओं को निर्धारित कीजिए। वास्तव में, पैटर्न खींच कर अपने उत्तर की जाँच कीजिए।

(d) आलेख पर बिंदुओं को मिलाने का कोई अर्थ होगा? स्पष्ट कीजिए।

**79.** निम्न निवेश / निर्गम सारणी पर विचार कीजिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **निवेश** | 1 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| **निर्गम** | 2 | 5 | 11 | 14 | 20 |

